आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 12:11 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 219, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा 14

पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू 13

एक नजर

अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम बेल याचिका खारिज

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सिद्दीकी पर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अपराध की उचित जांच के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ अपरिहार्य है। न्यायमूर्ति सी.एस. डायस ने कहा कि सिद्दीकी गवाहों को डरा-धमका सकते हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती है।

आभूषण निर्माण इकाई में आग से 14 श्रमिक झुलसे

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार को एक आभूषण निर्माण इकाई में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर है। सूरत नगर निगम के प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारीक ने बताया कि इमारत की तीसरी मंजिल पर आभूषण बनाने के लिए सोने को पिघलाने में इस्तेमाल होने वाली गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लग गई। कतारगाम पुलिस ने बताया कि आभूषण बनाने वाली आरवी ऑनमेंट्स में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। आग पर काबू पाने के लिए छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग अन्य जगहों पर फैलने से पहले ही बुझा दी गई।

पुलवामा विस्फोट: आरोपी की हृदयाघात से मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में पुलवामा विस्फोट के एक आरोपी की यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान दिल का दौरा पड़ने से सोमवार को मौत हो गई। अस्पताल के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि पुलवामा विस्फोट मामले में संलिप्तता के आरोप में बिलाल अहमद कुचाय (27) जिला जेल किश्तवाड़ में बंद था। पुलवामा के हाजीबल ललहार निवासी बिलाल को गुइलेन-बैरी सिंड्रोम बीमारी के कारण 17 सितंबर को जम्मू जीएमसी में भर्ती कराया गया था। उसे जिला अस्पताल किश्तवाड़ से रेफर किया गया था। सोमवार शाम को उसकी मृत्यु हो गई।

मप्र में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, तीन घायल

दमोह। मध्यप्रदेश के दमोह जिले में मंगलवार को एक ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि यह घटना अपराह्न डेढ़ से दो बजे के बीच समन्ना गांव के पास हुई। घायल लोगों को सड़क पर बनाए गए विशेष गलियारे के जरिए जबलपुर पहुंचाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस कर्मी और ग्रामीण बचाव अभियान शुरू करने के लिए मौके पर पहुंचे।

बिहार के नवादा में वज्रपात से तीन लोगों की मौत

नवादा। बिहार में नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के एकम्बा गांव में मंगलवार की शाम वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम को तेज मेघगर्जन के साथ भारी बारिश के दौरान एकम्बा गांव में एक महुआ के पेड़ के नीचे खड़े चार लोगों पर वज्रपात हो गया। हादसे में सभी गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए उच्चतर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

राज्य में सड़कें 15 अक्टूबर तक गड्ढा मुक्त हों : सीएम

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग की समीक्षा में धामी ने दिए निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- विभागाध्यक्ष, सचिव और जिलाधिकारी पुनर्निर्माण कार्यों की करें नियमित समीक्षा
- आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आंकलन कर की जाए क्षतिपूर्ति

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में सड़कें 15 अक्टूबर तक गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि राज्य में अतिवृष्टि से प्रभावित सभी क्षेत्रों में स्थिति सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं। सचिव, विभागाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी पुनर्निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें। जो कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, उनका भौतिक सत्यापन किया जाए। जो सड़कें अभी बंद हैं, उन्हें यथाशीघ्र सुचारू किया जाए।

मुख्यमंत्री ने ये निर्देश मंगलवार को आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में स्थितियां सामान्य बनाई जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि जन सामान्य को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आंकलन कर मानकों के अनुसार क्षतिपूर्ति की जाए। जिलाधिकारी अपने जिलों को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में कार्य करें। जिन गांवों से लोगों को विस्थापित करना है, विस्थापन की कार्यवाही शीघ्र की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा काल के बाद होने वाली जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जल जनित रोगों से बचाव के लिए मुख्यमंत्री ने नियमित जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पतालों में सफाई व्यवस्था के साथ ही मरीजों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। उन्होंने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में आंतरिक मार्गों की मरम्मत एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य में प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए कुल 427.87 करोड़ रूपये की धनराशि आवंटित की जा चुकी है।

पीएचडी दाखिले में 2025 से आरक्षण

- आईआईएम अहमदाबाद ने की घोषणा

अहमदाबाद। भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) ने घोषणा की है कि वह सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार 2025 से पीएचडी दाखिलों में आरक्षण लागू करेगा। देश के प्रमुख बिजनेस स्कूल ने यह नहीं बताया है कि वह आरक्षण व्यवस्था कैसे लागू करेगा। आईआईएमए ने पिछले साल एक जनहित याचिका के जवाब में गुजरात उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि वह मानद उपाधि संबंधी कार्यक्रमों में 2025 से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ ही दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण लागू कर सकता है।

आईआईएमए की वेबसाइट पर पोस्ट पीएचडी दाखिले 2025 के लिए घोषणा में कहा गया है कि दाखिलों के दौरान आरक्षण के लिए भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। आईआईएमए के मीडिया विभाग के एक प्रतिनिधि ने इस संबंध में पुष्टि की। पीएचडी कार्यक्रम के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 20 जनवरी 2025 है और साक्षात्कार अगले साल मार्च-अप्रैल में हो सकते हैं।

बद्रीनाथ दर्शन को आया मलेशिया का युवक अलकनंदा में बहा, लापता

ब्यूरो, देहरादून

- डूबते पिता को बचाने के लिए लगाई थी छलांग
- पिता को एसडीआरएफ ने बचाया, तलाश में लगी फोर्स

अमृत विचार : बद्रीनाथ धाम दर्शन को मलेशिया से आए परिवार के साथ हादसा हो गया। दर्शन से पहले अलकनंदा नदी में स्नान करते वक्त परिवार के मुखिया तेज बहाव में बहने लगे, तभी बेटे ने पिता को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। एसडीआरएफ ने पिता को तो सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया लेकिन बेटा अलकनंदा के तेज बहाव में गुम हो गया। कई घंटे तक खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं लगा।

जानकारी के अनुसार मलेशिया से एनआरआई सुरेश चंद्र पुत्र केदारनाथ (60) अपने पुत्र डॉक्टर बलराज शेट्टी (40) व परिवार के तीन अन्य सदस्यों के साथ 14 सितंबर को चारधाम दर्शन करने के लिए उत्तराखंड आए थे। मंगलवार को ये परिवार बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने के लिए पहुंचा था। दर्शन से पहले परिवार के लोग अलकनंदा में गांधी घाट पर स्नान करने चले गए। इस बीच नहाते वक्त सुरेश चंद्र का पैर फिसल गया और असंतुलित होने से वह नदी के तेज बहाव में बहने लगे।

पिता को बहता देख बेटा डॉ. बलराज शेट्टी उन्हें बचाने के लिए अलकनंदा में कूद गया। लेकिन, अलकनंदा नदी के तेज बहाव में पिता-पुत्र दोनों बहने लगे। यह देख परिवार के अन्य सदस्यों ने बचाव के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए। एसडीआरएफ जवान तत्काल रेस्क्यू में जुट गए। बड़ी मशक्कत के बाद टीम ने सुरेश चंद्र का तो सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया लेकिन उनका बेटा अलकनंदा के तेज बहाव में आंखों से ओझल हो गया। इसके बाद भी टीम कई घंटे तक खोजबीन में जुटी रही लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। सुरेश चंद्र को स्थानीय विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रूड़की में बस ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा, मौत

हरिद्वार, अमृत विचार : रूड़की में रोडवेज बस बाइक सवार दो लोगों को रौंद कर 40 मीटर तक घसीटते ले गई। हादसे में दोनों लोगों की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक दो युवक गढ़ी संघीपुर, लक्सर निवासी मन्नान (19) व शादाब (17) बाइक से मंगलवार शाम सिविल लाइंस क्षेत्र में जा रहे थे। नगला इमरती में कोर विश्वविद्यालय से आगे रोडवेज बस ने बाइक सवारों को रौंद डाला। यही नहीं बस दोनों को 40 मीटर दूर तक घसीटते हुए ले गई। हादसा होते ही उधर, से गुजर रहे लोगों ने शोर मचाकर बस को रुकवाया और फिर बस के नीचे फंसे दोनों युवकों को निकलवाया। तत्काल दोनों युवकों को अस्पताल भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर दोनों के शवों को मार्चरी में रखवा दिया। सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया उत्तराखंड रोडवेज परिवहन की बस को कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

अब सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद पर विवाद, जांच शुरू

मुंबई, एजेंसी

- प्रसाद के पैकेट पर चूहे का वीडियो सोशल मीडिया में हो रहा वायरल

प्रसाद गृह में लड्डू तैयार करते कारीगर।

तिरुपति के लड्डू प्रसादम को लेकर जारी विवाद के बीच अब मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद को लेकर भी विवाद उठ खड़ा हुआ है। प्रसाद के कैरेट में चूहे के बच्चे होने और पैकेट को चूहे द्वारा कुतरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास (एसएसजीटी) ने आरोप से इनकार किया और कहा कि उसने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिवसेना नेता और एसएसजीटी अध्यक्ष सदा सर्वंकर ने मंगलवार को कहा कि रोजाना लाखों लड्डू बांटे जाते हैं और जिस स्थान पर वे बनाए जाते हैं, वह स्वच्छ है।

वीडियो में एक गंदा स्थान दिखाई दे रहा है। मैं देख सकता हूं कि यह मंदिर का नहीं है और वीडियो कहीं बाहर बनाया गया है। कथित वीडियो में नीले रंग की एक ट्रे में रखे लड्डू के पैकेट चूहों द्वारा कुतरे दिखाई दे रहे हैं। सर्वंकर ने कहा कि हम सीसीटीवी फुटेज खंगालेंगे और जांच के लिए एक डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) रैंक के अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा। दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले सर्वंकर ने कहा कि मंदिर यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करता है कि प्रसाद स्वच्छ स्थान पर तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि घी, काजू और अन्य सामग्री पहले जांच के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की प्रयोगशाला में भेजी जाती है और वहां से स्वीकृति के बाद इस्तेमाल की जाती है। उन्होंने बताया कि पानी की भी प्रयोगशाला में जांच कराई जाती है। इसका मतलब है कि हम यह सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान देते हैं कि श्रद्धालुओं को दिए जाने वाला प्रसाद शुद्ध हो।

तिरुपति के लड्डू में तंबाकू पॉउच मिलने का दावा

तिरुमला। तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में तंबाकू मिलने का दावा किया गया है। तेलंगाना की एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसे लड्डू के अंदर कागज में लिपटे तंबाकू के टुकड़े मिले हैं। उसने इसका वीडियो भी जारी किया है। आरोप लगाने वाली डोंथु पद्मावती खम्मम जिले के गोल्लागुडेम की रहने वाली हैं। वे 19 सितंबर को तिरुमाला मंदिर गई थीं। हालांकि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि पवित्र लड्डू प्रसादम में तंबाकू के पॉउच होने के आरोप झूठे हैं। कहा कि कुछ भक्तों की ओर से श्रीवारी लड्डू प्रसाद में तंबाकू की थैली होने के बारे में सोशल मीडिया पर इस तरह के दावे फैलाना अनुचित है।

जम्मू-कश्मीर विस चुनाव

दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए आज मतदान

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा और इस दौरान करीब 25 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की जीत-हार का फैसला करेंगे जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवींद्र रैना प्रमुख हैं। दूसरे चरण में जिन 26 सीट पर चुनाव होगा वे छह जिलों के अंतर्गत आती हैं। इनमें से तीन जिले कश्मीर संभाग में हैं जबकि इतने ही जिले जम्मू संभाग के हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 3,502 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

जमीन घोटाले में सिद्धारमैया पर चलेगा मुकदमा

हाईकोर्ट ने खारिज की राज्यपाल के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने भू आवंटन मामले में उनके विरूद्ध जांच के लिए राज्यपाल थारवरचंद गहलोत द्वारा दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी।

मुख्यमंत्री ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पॉश क्षेत्र में उनकी पत्नी को किए गए 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के सिलसिले में उनके खिलाफ राज्यपाल द्वारा दी गई जांच की मंजूरी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने 12 सितंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त को अंतरिम आदेश में विशेष अदालत को सिद्धरमैया की इस याचिका के निस्तारण तक सुनवाई टाल देने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने व्यवस्था दी कि याचिका में बताए गए तथ्यों की निस्संदेह जांच की आवश्यकता है। इन सभी कृत्यों का लाभार्थी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं बल्कि याचिकाकर्ता का परिवार है। याचिका खारिज की जाती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आज तक प्रभावी किसी भी प्रकार का अंतरिम आदेश समाप्त हो जाएगा। इस निर्णय के बाद विशेष अदालत सुनवाई कर सकेगी।

सिद्दारमैया बोले-मैं बदले की राजनीति का शिकार

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मंगलवार को खुद को बदले की राजनीति का निशाना बताते हुए कहा कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच की अनुमति निर्धारित करने के लिए वह कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे। मुख्यमंत्री का यह बयान कर्नाटक हाईकोर्ट की ओर से उनकी याचिका को खारिज किए जाने के बाद आया है।

भाजपा की सिद्दारमैया के इस्तीफे की मांग

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की याचिका मंगलवार को खारिज होने के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा कि निर्णय से स्पष्ट संकेत मिलता है कि मुख्यमंत्री और उनका परिवार घोटाले में शामिल हैं। उम्मीद है कि सिद्दारमैया कोर्ट के फैसले का सम्मान करेंगे।

एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पंजाब सरकार की याचिका
- अदालत ने कहा-मेडिकल प्रवेश में बंद हो धोखाधड़ी

सुप्रीम कोर्ट ने एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के फैसले को खारिज करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ दाखिल पंजाब सरकार की अपील मंगलवार को खारिज कर दी।

राज्य सरकार ने राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनआरआई कोटा के लाभार्थियों की परिभाषा को विस्तृत कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने पंजाब सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा कि यह धोखाधड़ी अब बंद होनी चाहिए। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 10 सितंबर को आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 20 अगस्त के उस फैसले को रद कर दिया था, जिसमें अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटा के तहत लाभ लेने के लिए दायरे को बढ़ाकर उनके दूर के रिश्तेदारों जैसे चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई को भी इसमें शामिल किया था। एनआरआई कोटा के तहत 15 प्रतिशत का आरक्षण चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित किया गया है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि पैसा कमाने की मशीन है। पीठ ने कहा कि हम सभी याचिकाएं खारिज कर देंगे। यह एनआरआई व्यवसाय एक धोखाधड़ी के अलावा और कुछ नहीं है। हम यह सब खत्म कर देंगे...। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले को बिल्कुल सही बताते हुए कहा कि हानिकारक परिणामों को देखें... जिन उम्मीदवारों के अंक तीन गुना अधिक हैं, वे (नीट-यूजी पाठ्यक्रमों में) प्रवेश नहीं ले पाएंगे।

त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

अगरतला, एजेंसी

- केंद्र और राज्य से समझौते के बाद हथियार डाले

त्रिपुरा में प्रतिबंधित समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के करीब 500 उग्रवादियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष अपने हथियार डाले।

सिपाहीजाला जिले के जम्पुइजाला में एक कार्यक्रम में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने बड़ी संख्या में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद से मुक्त घोषित किया। साहा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं शुरू कर स्वदेशी लोगों के सम्पूर्ण विकास के लिए काम करती रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज एनएलएफटी और एटीटीएफ के करीब 500 उग्रवादियों ने यहां आत्मसमर्पण कर दिया और बाकी आने वाले दिनों में आत्मसमर्पण करेंगे। उग्रवादियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में चार सितंबर को दिल्ली में केंद्र तथा राज्य सरकार के साथ हुए एक समझौते के बाद आत्मसमर्पण किया है।

तमिलनाडु में 11 जगह एनआईए का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का मंसूबा पालने वाले अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियों ने चेन्नई, तंबाराम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के आवास पर छापे मारे और डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और हिज्ब-उत-तहरीर के साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। एनआईए ने कहा कि यह छापेमारी विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से असंतोष पैदा करने और चुनावी मताधिकार प्रयोग करने के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित एक मामले की जांच के तहत की गई है। चुनावी मताधिकार को हिज्ब-उत-तहरीर ने गैर-इस्लामिक या हराम माना है। आतंकवाद रोधी एजेंसी के अनुसार, हिज्ब-उत-तहरीर एक कट्टरपंथी संगठन है जो अपने अनुयायियों को विभाजनकारी कार्यों के माध्यम से वैध रूप से स्थापित लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उकसाने में लगा हुआ है।

- भारत विरोधी विचारधारा फैलाने की जांच के सिलसिले में कार्रवाई

एनआईए ने दो आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

बेंगलुरु। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दो लोगों के खिलाफ मुस्लिम युवाओं को कट्टर बनाने, आतंकवाद के वित्तपोषण और अन्य राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए मंगलवार को एक आरोपपत्र दाखिल किया। बयान में कहा गया है कि दोनों की पहचान आईएसआईएस चरमपंथियों अब्दुल मतीन अहमद ताहा उर्फ तहा और मुसाविर हुसैन शाजिब उर्फ शाजिब के रूप में हुई है, जिनके खिलाफ एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में पहले ही आरोपपत्र दाखिल किया था। जांच एजेंसी की ओर से कहा गया है कि शिवमोगा जिले के निवासी दोनों व्यक्ति इस मामले में सह-आरोपी सहित मुस्लिम युवकों को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने में लिप्त थे।

प्रगति पथ श्रीअन्न की खेती से समृद्ध हुए किसान प्रदीप, अब करेंगे तिल की पैदावार, तमिलनाडु के कोयम्बटूर में प्रसंस्करण कराकर बनाते हैं मिलेट पोहा

मधुमेह के मरीजों के लिए रामबाण बनेगा मिलेट पोहा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

ऑर्गेनिक स्टॉल में रखा मिलेट पोहा।

अमृत विचार : प्रदेश में मोटे अनाज यानी श्रीअन्न की खेती किसानों को समृद्ध करने लगी है। इन्हीं किसानों में आईआईएम रोड लखनऊ निवासी प्रदीप दीक्षित मोटे अनाज की पैदावार करके देश भर में लोगों की सेहत सुधारने के साथ लाखों रुपये कमाने लगे हैं। वह दो साल से अपने गृह जनपद हरदोई के भरावन ब्लॉक के ग्राम महुआ डांडा में अन्य फसलें छोड़कर पूरे सात एकड़ में गौआधारित सांवा, काकुन, कोदो, ज्वार, बाजरा, कुटकी, अलसी आदि की पैदावार करते हैं। इन अनाजों को तमिलनाडु के कोयम्बटूर भेजकर प्रसंस्करण कराकर मिलेट पोहा बनाते हैं। इसकी पैकिंग व अन्य कार्य घर पर करके गोमती नगर स्थित किसान बाजार के ऑर्गेनिक स्टॉल से बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, नोएडा, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि जगहों पर भेजते हैं।

पोहा बनाकर या फिर दूध व पानी में मिलाकर कर सकते हैं सेवन

प्रदीप बताते हैं मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं और गौ आधारित खेती से दवा की तरह काम करते हैं। खासकर मिलेट पोहा मधुमेह, लीवर व पेट संबंधित बीमारी के लिए रामबाण साबित हो रहा है। इसके सेवन से पाचन अच्छा होता है। इसका चिउड़ा पोहा की तरह पकाकर खा सकते हैं या फिर दूध व पानी में मिलाकर पी सकते हैं। इसके बेहतर परिणाम मिले हैं। इस वर्ष पूरे सात एकड़ में तिल की खेती करेंगे।

50 हजार लागत, हर माह एक लाख कमाई

प्रदीप ने सात एकड़ में एक फसल 50 से 60 हजार रुपये लागत से करके 15 क्विंटल मोटा अनाज की पैदावार करते हैं। वह प्रोसेसिंग, पैकिंग, परिवहन भाड़ा आदि खर्च निकालकर प्राकृतिक किसान परिवार नाम से स्टॉल में मिलेट पोहा की बिक्री से हर माह एक लाख रुपये कमाते हैं। इस काम से 40-45 लोगों को जोड़कर रोजगार देते हैं। उनके 400 ग्राम के एक पैकेट की कीमत 100 रुपये है। उनका कहना है सरकार का मोटे अनाज की पैदावार पर जोर है। बिक्री के लिए किसान बाजार में स्टॉल आवंटित किए हैं। लेकिन प्रोसेसिंग की दिशा में काम नहीं हुआ है। इस कारण प्रदेश के बाहर प्रोसेसिंग कराने में अधिक खर्च के साथ परेशानी होती है।

> सरकार के प्रयास से श्रीअन्न की खेती का रकबा तेजी से बढ़ा है। प्रोत्साहन के तौर पर किसानों को निशुल्क बीज और अन्य सुविधाएं मिलने से लागत कम हुई है। किसान प्रदीप गौ आधारित श्रीअन्न की खेती करके किसान भाइयों को प्रेरित कर रहे हैं।
>
> – **तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।

सार-संक्षेप

छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाते वॉलिंटियर। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को दिलाई स्वच्छता की शपथ

भीमताल : शहीद बहादुर सिंह मटियाली इंटर कॉलेज पतलोट में स्वच्छता ही सेवा अभियान और स्वच्छता शपथ-स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र के युवा वॉलिंटियर कमल चंद्र व मनोज पनेरु ने हिमालया पर्वतीय यूथ क्लब और स्वामी विवेकानंद यूथ क्लब के सहयोग से स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता शपथ, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता संवाद, स्वच्छ भारत संस्कृति उत्सव आदि का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष साह, संजय कुमार, नरेश पनेरू समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

जन सुविधा कल्याण शिविर 27 से

भीमताल : जिले की 43 न्याय पंचायतों में 27 सितंबर से जन सुविधा कल्याण शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर 18 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि नामित नोडल अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी आवंटित न्याय पंचायत के शिविर में स्वयं उपस्थित रहेंगे और ग्रामीणों की सभी समस्याओं का निराकरण करेंगे।

युवाओं ने मंडलायुक्त का जन्मदिन मनाया

भीमताल : नगर के युवाओं ने मंडलायुक्त दीपक रावत का जन्मदिन मनाया। उन्होंने मंडलायुक्त से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही भीमताल क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। जिस पर मंडलायुक्त ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। मिलने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट, निवर्तमान सभासद नीरज रैकुनी समेत कई युवा मौजूद रहे।

नैनीताल के एक स्कूल में अग्निवीर योजना की जानकारी देते वायु सेवा के अधिकारी।

वायुसेना अफसरों ने बताए अग्निवीर योजना के फायदे

नैनीताल : भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती की जानकारी देने हेतु वायुसैनिक चयन केन्द्र रेस कोर्स दिल्ली की टीम ने छात्रों को अग्निवीर योजना के लाभ बताए। मंगलवार को सार्जेंट संजय कुण्डू के नेतृत्व में टीम ने राजकीय इटंर कालेज चाफी, राजकीय इटंर कालेज पदमपुरी, राजकीय इटंर कालेज गुनियालेख में जाकर छात्र-छात्राओं को अग्निवीर भर्ती की पूरी प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक मापदंड और अग्निवीर के रूप में प्राप्त होने वाले लाभ की जानकारी दी। इस दौरान चार साल बाद किस तरह अग्निवीरों के लिए घोषित आरक्षण का लाभ मिलेगा उनका भी वायुसेना टीम के द्वारा अवलोकन किया गया। बताया कि 26 सितम्बर को दोगड़ा, ज्योलीकोट, पटुवाडांगर राजकीय इंटर कालेजों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान सार्जेंट दीपक केशरी, प्रशासनिक सहायक दुष्यंत आदि मौजूद रहे।

वाहन चालक पर लगाया धमकाने का आरोप

नैनीताल : नैनीताल पंगोट रोड में वाहन चला रहे वाहन चालक ने दूसरे वाहन चालक पर गाली गलौच करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वाहन चालक ने कार्रवाई की मांग की गई है। अल्मोड़ा सेलाकोट निवासी सुंदर ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि वह पंगोट में किराए कर कमरे में रहकर नैनीताल पंगोट टैक्सी वाहन चलाता है। बीते कुछ दिनों से पंगोट का एक व्यक्ति जो वाहन चलाता है, उससे अभद्रता कर रहा है। उक्त व्यक्ति गाली गलौच के साथ उसको जान से मारने की धमकी भी देता है।

पर्यटक को घर में घुसना पड़ा महंगा, चालान

नैनीताल : मल्लीताल क्षेत्र में एक पर्यटक को महिला के घर में घुसना महंगा पड़ गया। लोगों की शिकायत पर पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर उसको छोड़ दिया। यूपी गोरखपुर निवासी देवेंद्र कुमार घूमने के लिए नैनीताल आया हुआ था। पर्यटक ने मल्लीताल मस्जिद के पीछे अपनी कार पार्क कर दी। जब वह बाद में कार वापस ले जाने पहुंचा तो उसकी चाबी गुम हो गई। शराब के नशे में वह चाबी ढूंढते हुए एक महिला के घर में घुस गया। जब महिला ने अन्य लोगों से शिकायत की तो लोग उसको कोतवाली ले आए।

हरियाणा में भाजपा के पक्ष में सभा करते विधायक राम सिंह कैड़ा।

विधायक कैड़ा ने हरियाणा में भाजपा के पक्ष में किया प्रचार

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने गोहाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खानपुर कला, माजरी, सरगथल, बड़ोता समेत कई गांवों में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही आगामी चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जनता ने भाजपा के पक्ष में वोट करने का मन बना लिया है। हरियाणा में फिर तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

भीमताल की दो बालिकाओं का प्रदेश टीम में चयन

भीमताल : एयूएलपी जीआईजीआई भीमताल की छात्रा माही सूर्या और निहारिका आर्या का चयन स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता चमोली में 30 सितंबर से होनी है। दोनों छात्राओं का चयन बेतालघाट में हुई ने जिला स्तर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए हुआ है। विद्यालय के प्रिंसिपल, खंड शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक समन्वय अजय कुमार और सभी शिक्षकों ने छात्राओं के चयन पर खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

चोरी के सामान के साथ तीन युवक किए गिरफ्तार

भीमताल : थाना मुक्तेश्वर ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज होने के बारह घंटे भीतर चोरी के माल समेत तीन युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के मुताबिक जीपी गुप्ता ने अपने मुक्तेश्वर स्थित कॉटेज से पांच बेड, दो फ्रिज, 2 गीजर, पांच गद्दे, दो डाइनिंग टेबल, 10 कुर्सी, एक सोफा सेट, 13 पर्दे, एक राउंड टेबल, तीन साइड टेबल व किचन के बर्तन चोरी होने की तहरीर थाना मुक्तेश्वर में दी थी। मामला दर्ज होने के बाद मामले की जांच उप निरीक्षक अरुण राणा को सौंपी गई थी। थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर कमित जोशी के नेतृत्व में गठित टीम ने घटना में लिप्त मनोज कुमार पुत्र श्यामसुंदर निवासी सरना मुक्तेश्वर, मुकेश कुमार सरना मुक्तेश्वर, चेतन आर्य पुत्र जगदीश चंद्र निवासी भवाली को गिरफ्तार कर लिया।

कुमाऊं मंडल विकास निगम ने शुरू की यात्रियों की बुकिंग, प्राइवेट हेली संचालक करवाएंगे श्रद्धालुओं को हवाई यात्रा

एक अक्टूबर से शुरू होगी आदि कैलाश की हवाई यात्रा

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार: आदि कैलाश की यात्रा पर जाने वाले भक्तों के लिए अब खुशखबरी है। कुमाऊं मंडल विकास निगम और उत्तराखंड टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड संयुक्त रूप से पायलट प्रोजेक्ट के तहत एक अक्टूबर से आदि कैलाश हवाई यात्रा शुरू करने जा रहा है। जिसके लिए कुमाऊं मण्डल विकास निगम ने टिकट बुकिंग आज से शुरू कर दी है।

कुमाऊं मंडल विकास निगम के एमडी विनीत तोमर ने बताया कि एक अक्टूबर से आदि कैलाश यात्रा शुरू होगी। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पहली बार कुमाऊं मंडल विकास निगम संयुक्त रूप से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस यात्रा को करने जा रहा है। जिसमें यात्रियों को स्वयं पिथौरागढ़ आना होगा। इसके बाद यात्रियों को हवाई मार्ग से गूंजी तक ले जाया जाएगा यहां यात्रियों के तीन रात रुकने का प्रबंध किया गया है। इस दौरान यात्री ओल्ड लिपुलेख से आदि कैलाश, नाभिढांग से ओम पर्वत और लिपुलेख से माउंट कैलाश के दर्शन कर सकेंगे। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू इस यात्रा में कुल 60 यात्रियों को शामिल किया जाएगा। यात्रा का खर्च 80 हजार रुपए होगा। यात्रा शुरू होने से पूर्व यात्रियों का पहला स्वास्थ्य परीक्षण पिथौरागढ़ और दूसरा ओल्ड लिपुलेख में स्वास्थ्य परीक्षण होगा इसके बाद यात्रियों को आदि कैलाश जाने वाले भक्तों को परमिट मिल पाएगा।

प्रति व्यक्ति 75 हजार रुपये होगा खर्च

आदि कैलाश आने वाले भक्तों को करीब 75 हजार का खर्च उठाना पड़ेगा। जिसमे भक्तों को हेलीकॉप्टर-जीप का किराया, रुकना, खाना समेत सभी सुविधाएं शामिल हैं। गुंजी गांव के सभी होम स्टे बुक कर लिए हैं।

24 सितंबर से सड़क रास्ते से शुरू हुई यात्रा

पहले कैलाश पर्वत यात्रा सड़क मार्ग से 15 सितंबर से शुरू होनी थी लेकिन बीते दो हफ्ते में हुई बारिश ने बूंदी गांव के आगे कई सड़कें बुरी तरह खराब हो गई थी वहीं सड़कों की स्थिति दुरुस्त होने के बाद अब यात्रा को सड़क मार्ग से भी शुरू कर दिया गया है और मंगलवार को कई भक्त आदि कैलाश के दर्शनों के लिए गए।

60 यात्रियों को कराई जाएगी पायलट प्रोजेक्ट के तहत आदि कैलास की हवाई यात्रा

तीन दिन की होगी यात्रा

- पहले दिन यात्री हेलीकॉप्टर से पिथौरागढ़ से गुंजी गांव पहुंचेंगे जहा रात बिताएंगे।
- दूसरे दिन यात्री कार से आदि कैलाश के दर्शन के लिए जॉलिंगकॉग पहुंचेंगे। शाम को गुंजी लौटकर रात बिताएंगे।
- तीसरे दिन आदि कैलाश व्यू पॉइंट जाएंगे और वापस पिथौरागढ़ लौटेंगे।

डिफॉल्ट बेल पर राज्य सरकार से मांगा जवाब

हाईकोर्ट ने बनभूलपुरा कांड को लेकर अब्दुल मोईद व जावेद सिद्दीकी के जमानत प्रार्थना पत्र पर की सुनवाई

हाईकोर्ट समाचार

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा कांड के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद व जावेद सिद्दीकी की डिफॉल्ट अपील में दायर जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने मोईद की डिफॉल्ट बेल पर राज्य सरकार से तीन सप्ताह के भीतर व जावेद की डिफॉल्ट बेल पर सरकार को अंतिम अवसर देते हुए दो सप्ताह के भीतर आपत्ति पेश करने को कहा है। कोर्ट ने मोईद के मामले में 26 अक्टूबर व जावेद के मामले में 13 अक्टूबर की तिथि सुनवाई को नियत की है।

मंगलवार को हुई सुनवाई में मलिक पक्ष की ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट ने पहले साफिया मलिक को जमानत दी है। उसके बाद इस प्रकरण में शामिल अन्य 50 लोगों को भी जमानत दी गई है, उसी को आधार मानते हुए इन्हें भी जमानत पर रिहा किया जाए। पुलिस ने बिना मामले की जांच किए उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 417,420, 467, 468, 471 के तहत अभियोग पंजीकृत कर दिया है। कई माह बीत गए, लेकिन पुलिस अभी तक उनका जुर्म साबित करने में नाकाम रही है। जबकि जुर्म होने के 90 दिन के भीतर पुलिस को जुर्म की जांच रिपोर्ट न्यायालय में पेश करना जरूरी है। इस मामले में पुलिस ने अभी तक जांच रिपोर्ट पेश नहीं की है, लिहाजा उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट से स्पेशल काउंसिल बुलाने पर सीएस से मांगा शपथ पत्र

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से बिना न्याय विभाग की अनुमति लिए एवं शासनादेश के विरुद्ध जाकर उच्च न्यायालय में कुछ विशेष मामलों में सरकार की तरफ से प्रभावी पैरवी करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय से स्पेशल काउंसिल बुलाने व उन्हें प्रति सुनवाई 10 लाख दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से इस मामले में दस्तावेजों के साथ मुख्य सचिव का शपथ पत्र दो सप्ताह के भीतर पेश करने को कहा है।

मंगलवार को हुई सुनवाई में महाधिवक्ता की ओर से कहा गया कि यह जनहित याचिका निरस्त करने योग्य है, क्योंकि इसमें जो पक्षकार बनाए गए हैं वर्तमान में सीएम व मुख्य स्थायी अधिवक्ता हैं। जिनका इससे कोई लेना देना नहीं है इसलिए जनहित याचिका से उनके नाम हटाए जाएं और जनहित याचिका को निरस्त किया जाए। इसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता भुवन चन्द्र पोखरिया ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि विपक्षियों को इस जनहित याचिका में इसलिए पक्षकार बनाया गया कि इन्होंने स्पेशल काउंसिल नियुक्त करने के लिए न तो राज्य के चीफ सेकेट्री और न ही न्याय अनुभाग से अनुमति ली।

एक केस में स्पेशल काउंसिल नियुक्त करने के बाद लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया। जिस दिन केस लगा हुआ था उस दिन के कोर्ट के आदेश में उनका नाम नहीं छपा था, जिसकी अनुमति शासनादेश नहीं देता। स्पेशल काउंसिल नियुक्ति करने के लिए सरकार को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व न्याय विभाग की अनुमति लेनी आवश्यक होती है। उनकी स्वीकृति के बाद ही स्पेशल काउंसिल नियुक्त किया जा सकता है, लेकिन यहां सरकार ने यह प्रक्रिया नहीं अपनाई है।

हाईकोर्ट ने हरिद्वार के ईंट भट्ठों को नहीं दी कोई राहत

नैनीताल : हाईकोर्ट ने मानकों का पालन नहीं करने वाले हरिद्वार के ईंट भट्ठों को राहत नहीं दी है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कानून सम्मत कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में मंगलवार को हरिद्वार जनपद के लगभग 40 ईंट भट्ठा मालिकों के मामले पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से उन पर लाखों का पर्यावरण क्षति का मुआवजा लगाया गया है। ऐसा न करने पर ईंट भट्ठों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं ने पीसीबी की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। दूसरी ओर पीसीबी के अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह की ओर से कहा गया कि एनजीटी और हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। पीठ ने ईंट भट्ठों को कोई राहत नहीं देते हुए पीसीबी को उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

लोअर मॉलरोड किनारे रेलिंगों की मरम्मत शुरू

नैनीताल: नैनीताल की लोअर माल रोड में डोला भ्रमण के दौरान क्षतिग्रस्त रेलिंग के चलते लोगों के गिरने पर सिंचाई विभाग भी चौकन्ना हो गया है। विभाग ने टूटी हुई रेलिंगों की मरम्मत शुरू कर दी है। बीते दिनों नंदा देवी महोत्सव में डोला भ्रमण के दौरान टूटी रेलिंग के कारण झील में जा गिरे थे।

बता दें कि लोअर मॉलरोड में बीते लंबे समय से कई स्थानों पर पुरानी रेलिंग टूटी पड़ी हैं। कई स्थानों पर टूटी हुई रेलिंगों को तार से बांधकर रोका गया है। क्षतिग्रस्त रेलिंगों के चलते नंदा देवी महोत्सव में डोला भ्रमण कार्यक्रम के दौरान लोअर मॉलरोड से कई लोग झील में गिर गए थे। लेकिन उसके बाद भी विभाग की ओर से रेलिंग को रस्सी से बांधकर फिर खड़ा कर दिया था। स्थानीय लोगों ने टूटी हुई रेलिंग की मरम्मत या नई व मजबूत रेलिंग लगाने की मांग की तो विभाग ने तुरंत संज्ञान लिया। विभाग की ओर से सड़क किनारे टूटी हुई रेलिगों की मरम्मत शुरू कर दी है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से गिरी हुई लोहे की रेलिंग को रस्सी से बांधकर खड़ा किया गया था। अब टूटी हुई रेलिगों की मरम्मत शुरू कर दी गई है। ताकि झील में गिरने का खतरा न रहे।

एसटीएच में पानी नहीं आने से मरीज परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के वार्डों में पानी नहीं आने से मरीज परेशान हो रहे हैं। एसटीएच प्रशासन ने कई सालों पहले वार्डों में पानी की सुविधा को बंद करवा दिया था। जिस वजह से मरीज बाहर से पानी लाते हैं। एसटीएच के वार्डों में एक बार में करीब 300 से ज्यादा मरीजों का उपचार होता है।

यहां मेडिसन, स्त्री व प्रसूती रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, त्वचा रोग विभाग आदि के वार्ड हैं। करीब 15 साल पहले इन वार्डों में आने वाले पानी की सुविधा को बंद करवा दिया गया। जिसके बाद से मरीजों को बाहर से पानी लाना पड़ रहा है। कुछ मरीज बोतलबंद तक पानी खरीदने को मजबूर हैं, लेकिन जिन मरीजों के पास बोतलबंद पानी खरीदने के लिए रुपये नहीं हैं, उनको और भी ज्यादा परेशानी होती है।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि पहले जब यह सुविधा थी तो मरीज और उनके तीमारदार कपड़े और बर्तन तक धोते थे। जिस वजह से काफी पानी बर्बाद होता था और गंदगी भी होती थी। अस्पताल के एमएस डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि वह मामले को देखेंगे।

एसटीएच में बनेंगे दो और बिलिंग काउंटर

हल्द्वानी : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में दो और बिलिंग काउंटर बनाए जाएंगे। फिलहाल मरीजों को बिल कटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। अस्पताल में तीन बिलिंग काउंटर रिसेप्शसन में हैं।

ये काउंटर सुबह आठ बजे खुलते हैं और दोपहर दो बजे बंद कर दिए जाते हैं। इसके अलावा दो बिलिंग काउंटर इमरजेंसी में हैं। जब से अस्पताल में ऑनलाइन बिलिंग हुई है तब से एक बिल बनाने में पांच से सात मिनट का समय लग रहा है। इसे देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने दो और बिलिंग काउंटर बनाने का निर्णय लिया है। एक बिलिंग काउंटर इमरजेंसी वार्ड में बनाया जायेगा और एक बिलिंग काउंटर रिसेप्शन में बनाया जाएगा।

निदेशक तकनीकी शिक्षा ने किया पॉलीटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: निदेशक तकनीकी शिक्षा आरपी गुप्ता ने नैनीताल राजकीय पॉलीटेक्निक का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्था में संचालित सभी विभागों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही पॉलीटेक्निक प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसी प्रयोगात्मक कार्य में लापरवाही न बरती जाए। पॉलीटेक्निक में स्थापित सभी मशीनें चालू हालत में रहें। विद्यार्थियों से नविनतम उपकारणों से प्रोजेक्ट बनवाए जाए ताकि तकनीकी संस्था के उत्पादन को बाजार में भी काम लागत पर बेचा जा सके। इस दौरान निदेशक ने फार्मेसी ब्रांच के विद्यार्थियों से सभी प्रकार के टेस्ट किए जाने की विधि पूछी गई। निर्देश दिया गया कि टेस्टिंग इत्यादि हेतु फार्मेसी विद्यार्थियों का निः शुल्क कैंप लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य अनिल कुमार गौड़ समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

नैनीताल राजकीय पॉलीटेक्निक का निरीक्षण करते निदेशक आरपी गुप्ता।

रामनगर डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

पीएनजी डिग्री कालेज में उत्साह से मनाया एनएसएस का स्थापना दिवस

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने कहा कि आजादी के समय गांधी जी ने युवाओं को राष्ट्रीय सेवा से जोड़ने पर विशेष बल दिया था। आजादी के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में पहली बार स्वैच्छिक आधार पर शैक्षिक संस्थाओं में राष्ट्रीय सेवा आरंभ करने की सिफारिश की। प्रो. एसएस मौर्य ने छात्र जीवन में सेवा भाव को स्वयं के भीतर उत्पन कर राष्ट्र निमार्ण करने पर बल दिया। प्रो. नरेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास और भविष्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला समन्वयक नैनीताल प्रो. जगमोहन सिंह नेगी ने एनएसएस के उद्देश्य बताए। कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई डॉ. ममता भदोला ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लाभ बताए। डॉ. एस चंद्रा ने लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम में डॉ. जेपी त्यागी, डॉ. दीपक खाती, डॉ. विजय कुमार, गोविंद सिंह जंगपांगी, प्रकाश चंद्र तथा राकेश सिंह भंडारी मौजूद रहे।

बेटे कर रहे हैं गुंडई पर मां बाप को यकीन नहीं

हल्द्वानी, अमृत विचार: टीपीनगर पुलिस चौकी क्षेत्र में सोमवार को आईटीआई गैंग की दूसरे गैंग से भिड़ंत हो गई। इस मामले में पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लेकर उनके परिजनों को बुलाया।

पुलिस ने परिजनों को उनके बच्चों की गुंडई दिखाई, लेकिन सीसीटीवी फुटेज देखने के बावजूद परिजन अपने बच्चों को बेकसूर बताते रहे हैं। महर्षि स्कूल के पास भाजपा नेता तरुण बंसल के पेट्रोल पंप में सोमवार शाम फूलचौड़ और आईटीआई गैंग की भिड़ंत हो गई थी। दोनों में जमकर डंडे, दराती, हॉकी चली थी। आईटीआई गैंग के लड़कों ने पेट्रोल पंप में घुसकर मारपीट की थी। पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। फिर परिजनों को बुलाया, लेकिन परिजनों को उनके बेटों की करतूत पर यकीन नहीं हुआ। टीपीनगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की तलाश जारी है।

राजकीय पॉलीटेक्निक में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाते छात्र-छात्राएं।

हर्षोल्लास के साथ मनाया एनएसएस स्थापना दिवस

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: राजकीय पॉलीटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं मे स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग लिया।

इस दौरान पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान पॉलिटेक्निक छात्र-छात्राओं ने आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई कर क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

प्रधानाचार्य एसके गौड़ ने सभी छात्र- छात्राओं को समाज के प्रति संवेदनशील होने तथा अपने अंदर सेवाभाव जागृत करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी नीरज वर्मा, रंजना रावत तथा कविता नेगी ने किया।

आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी।

35.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.02
सूर्यास्त 18.05

एक नजर

आज बंद रहेगा रामपुर हाईवे

हल्द्वानी : रुद्रपुर-हल्द्वानी मार्ग पर स्थित टांडा जंगल में रेलवे फाटक के पास मरम्मत का काम होना है। इसलिए बुधवार को सुबह साढ़े सात बजे से रात साढ़े 10 बजे तक रामपुर हाईवे पर वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण रोक रहेगी। एसपी यातायात हरबंस सिंह ने बताया कि हल्द्वानी से रामपुर रोड होते हुए रुद्रपुर जाने वाले दोपहिया, चौपहिया समेत सभी वाहन सिंधी चौराहे से डायवर्ट होकर बरेली रोड होते हुए लालकुआं से किच्छा नगला बाइपास होकर जाएंगे। वहीं डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल की ओर से रामपुर रोड होकर रुद्रपुर जाने वाले सभी वाहन टीपीनगर, शीतल होटल, गन्ना सेंटर से डायवर्ट होकर लालकुआं से किच्छा नगला बाइपास होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।

चांदनी चौक गरवाल में फिर दिखा गुलदार

हल्द्वानी : रामपुर रोड स्थित चांदनी चौक गरवाल गांव में एक बार फिर से गुलदार की दस्तक से ग्रामीण दहशत में हैं। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है। क्षेत्र के ग्रामीण ललित भट्ट और अनिल नेगी ने बताया कि गांव में स्ट्रीट लाइट नहीं हैं। शाम के समय सड़कों पर पूरी तरह से अंधेरा पसर जाता है। गुलदार की दहशत के कारण ग्रामीण रात के समय घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। वहीं कई लोगों ने सुबह की सैर पर जाना भी बंद कर दिया है। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है। साथ ही रात्रि गश्त बढ़ाने को कहा है।

रिंग रोड के विरोध में महापंचायत का ऐलान

हल्द्वानी : गन्ना सेंटर स्थित रामलीला मैदान में रिंग रोड के विरोध में चल रहा ग्रामीणों का आंदोलन 14वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विधायक बंशीधर भगत रिंग रोड को जंगल के पास से ले जाने की बात लिखित में दें। मंगलवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, कांग्रेस प्रवक्ता नीरज तिवारी ने ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान कार्तिक उपाध्याय, मोहित बेलवाल, जीवन कापड़ी ने शीघ्र ही किसानों की महापंचायत बुलाने का ऐलान किया। इसमें अन्य तहसीलों के किसान भी शामिल रहेंगे। महापंचायत को लेकर गांव-गांव पोस्टर लगाये जायेंगे।

आरोप निराधार, भक्त प्रह्लाद की मूर्ति तोड़ने वाला सोनू गिरफ्तार

गणेश महोत्सव का टेंट उतारते समय गलती से गिर गई थी मूर्ति, मंगलवार को एहतियातन बंद रहीं दुकानें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के सबसे पुराने होलिका मैदान में लगी भक्त प्रह्लाद की मूर्ति खंडित हुई तो सोमवार रात और फिर मंगलवार की सुबह हिंदूवादी संगठन के लोगों ने हंगामा किया। उन्होंने घटना का आरोप समुदाय विशेष के लोगों पर लगाया। पुलिस ने किसी तरह आधी रात तक चले हंगामे को शांत कराया। हालांकि संगठन के लोगों ने मंगलवार सुबह तक गिरफ्तारी न होने पर फिर आंदोलन की चेतावनी दी थी। पुलिस ने महज आठ घंटे के भीतर ही आरोपी को पकड़ लिया और हिंदूवादी संगठन के लोगों का आरोप निराधार निकला।

कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि होली मैदान पर कुछ दिन पहले गणेश चतुर्थी का आयोजन हुआ था। यहां गणेश मूर्ति स्थापित की गई थी और भव्य टेंट लगाया गया था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद जब मजदूर टेंट खोल रहे थे तभी टेंट के टकराने से पिलर पर रखी मूर्ति जमीन पर गिर कर खंडित हो गई।

मजदूर ने मूर्ति को एक किनारे पर रख दिया। इधर, सोमवार को मूर्ति खंडित होने की खबर फैली तो रात में ही हिंदूवादी संगठन के लोग बड़ी संख्या में होली मैदान के बाहर एकत्र हो गए। उन्होंने समुदाय विशेष पर मूर्ति को तोड़ने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। हंगामे के बीच देर रात दूसरे समुदाय के लोग भी भारी संख्या में सड़क पर उतर आये। दोनों समुदायों के आमने-सामने आने पर पुलिस-प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए थे। कई थानों व चौकियों से पुलिस बल और आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए।

रात में हिंदूवादी संगठन के लोग इस आश्वासन पर लौटे गये कि मंगलवार सुबह 11 बजे तक आरोपी नहीं पकड़ा गया तो वह कोतवाली में प्रदर्शन करेंगे। हालांकि पुलिस ने आठ घंटे में ही मामले का पटाक्षेप कर दिया। कोतवाल ने बताया कि बिहार के दरभंगा का रहने वाला सोनू कुमार यादव हल्द्वानी में टेंट कारोबारी के यहां मजदूरी करता है। उसने होली मैदान से टेंट उतारा और इसी दौरान गलती से भक्त प्रह्लाद की मूर्ति टूट गई। मजदूर ने अपनी गलती स्वीकारी है, इसलिए उसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है।

प्रकरण

- मूर्ति खंडित करने को लेकर सोमवार की रात हिंदूवादी संगठन के लोगों ने किया था जमकर हंगामा

मंगलवार की सुबह होलिका मैदान के बाहर नारेबाजी करते हिंदूवादी संगठन के लोग। ● अमृत विचार

सुरक्षा की दृष्टि से होली ग्राउंड के पास बंद रही दुकानें। ● अमृत विचार

आनन-फानन में मुकदमा अब लगेगी एफआर

हल्द्वानी : घटना के बाद हिंदूवादी संगठन के लोग पुलिस के आश्वासन पर मान गये। जिसके बाद कोतवाली के एसएसआई महेंद्र प्रसाद ने बतौर वादी अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो पूरा मामला आईने की तरह साफ हो गया। अब जब मामले का पटाक्षेप हो चुका है और मजूदर अपनी गलती मान चुका है तो अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगाकर केस को बंद कर दिया जाएगा।

सिंधी चौराहे के पास होलिका मैदान के बाहर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

अब होलिका मैदान के चारों तरफ नहीं लगेंगे फड़ व ठेले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वनी

अमृत विचार : अब होलिका मैदान के चारों तरफ फड़ व ठेले नहीं लगेंगे। नगर निगम ने होलिका मैदान के चारों तरफ नो वेंडिंग जोन घोषित किया है। इसके बाद यहां ठेले पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

बीते सोमवार को होलिका मैदान में भक्त प्रहलाद की मूर्ति खंडित होने के बाद हंगामा हो गया था। इस मैदान के चारों तरफ समुदाय विशेष के लोग ठेले लगते हैं। जब मूर्ति खंडित होने का समाचार मिला तो हिंदूवादी संगठन के लोग इकट्ठा हो गए और समुदाय विशेष को लेकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। दोनों समुदाय आमने-सामने आ गए। गनीमत यह रही कि कोई विवाद नहीं हुआ।

इससे सबक लेते हुए नगर निगम ने होलिका मैदान के चारों तरफ नो वेंडिंग जोन घोषित कर दिया है, ताकि फिर से इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि होलिका मैदान के चारों तरफ किसी भी तरह के ठेले, फड़-खोमचे लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई भी जबरन ठेला लगाते पकड़ा गया तो जब्तीकरण व चालान की कार्रवाई की जाएगी।

हल्द्वानी में बढ़ा डेंगू का प्रकोप, दो नए मरीज मिले

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जनपद नैनीताल में डेंगू मच्छर का डंक गहरा होता जा रहा है। मंगलवार को जिले में डेंगू के दो नए मरीज मिले हैं। इन मरीजों का सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिले में अब तक 25 लोगों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। इनमें 20 मरीज बाहरी जिले के हैं।

बीते दिन बेस अस्पताल में बुखार से पीड़ित दो मरीज भर्ती हुए। दोनों मरीजों में डेंगू के लक्षण थे। जिनके ब्लड सैंपल एलाइजा जांच के लिए लैब भेजे गये थे। जांच में दोनों मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि डेंगू से पीड़ित मरीजों की हालत में पहले से काफी सुधार है। चिकित्सक पल-पल मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं। अस्पताल में डेंगू के उपचार के लिए सभी दवाएं उपलब्ध हैं। इधर, सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि अभी तक जिले में डेंगू के 25 मामले सामने आये हैं। इनमें से 20 मरीज बाहरी जिले के हैं। जबकि पांच मरीज नैनीताल जिले के हैं। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में फिलहाल डेंगू का कोई मरीज भर्ती नहीं है। उधर, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीम ने डेंगू से बचाव के लिए नगर निगम के वार्ड 5, 25, 26, 31, 50, 58 में सोर्स रिडक्शन किया। साथ ही उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में भी फॉगिंग की।

सावधानी बरतें

- जिले में अब तक 25 एलाइजा पॉजिटिव मरीज मिले, इनमें से 20 मरीज बाहरी जिलों के

शहर में दुरुस्त हो कानून व्यवस्था

हल्द्वानी : विधायक सुमित हृदयेश ने एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा से मुलाकात कर शहर में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। विधायक ने कहा कि शहर के नागरिकों की सुरक्षा और उन्हें सुविधाजनक आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर हल्द्वानी को सुरक्षित और सुव्यवस्थित शहर बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। निर्णय लिया गया कि यातायात संबंधी समस्याओं को हल करने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल मौजूद रहे।

शराब पीकर दरोगा को दी थी चुनौती, तब हुई पिटाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक युवक को बेरहमी से पीटने के मामले में खनस्यू थाने के दरोगा सादिक हुसैन लाइन हाजिर हो चुके हैं। अब उनके खिलाफ मुकदमे की मांग उठ रही है। इन सबके बीच पीड़ित मनमोहन की पिटाई से पहले का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में मनमोहन पुलिस कर्मियों को उकसाता और चुनौती देता दिख रहा है। जिसके बाद पुलिस ने उसकी पिटाई कर दी।

घटना बीती 20 सितंबर की है। करीब तीन मिनट के वायरल वीडियो को पुलिस चौकी में बैठे एक व्यक्ति ने बनाया। वीडियो में दिख रहा है कि खनस्यू निवासी मनमोहन शराब पीकर पुलिस के सामने पहुंचा। उस वक्त चौकी में एसआई सादिक हुसैन के साथ दो सिपाही और दो अन्य लोग थे, जो वहीं कुर्सी पर बैठे थे। इन्हीं में से एक वीडियो बना रहा था। मनमोहन पर पुलिस कर्मी और दरोगा दारू पीकर आने का आरोप लगा रहे थे। मनमोहन उन्हें लगातार खुद को पीटने की चुनौती दे रहा था। वह आरोप लगा रहा था कि उसके साथ गाली-गलौज की गई। उसने अपनी टी-शर्ट उतार कर मेज पर रख दी और कहा अब पीटो। इस वीडियो में पुलिस कर्मी उसे पीटते तो नहीं दिख रहे, लेकिन बताया जा रहा है कि इसी के बाद पुलिस कर्मियों ने अपना आपा खो दिया। पुलिस कर्मियों ने वही किया, जिसके लिए मनमोहन ने कहा। इस मामले में दो और सिपाहियों का ट्रांसफर कर दिया गया है।

- खनस्यू प्रकरण में मनमोहन की पिटाई से पहले का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल

वायरल वीडियो में पुलिस कर्मियों से उलझता मनमोहन। ● अमृत विचार

नियमों के इतर जाकर दिखाई पुलिसिंग

नियम के अनुसार अगर कोई व्यक्ति नशे की हालत में मिलता है या थाना, चौकी पहुंचकर बदसलूकी करता है। ऐसे में होना यह चाहिए था कि पुलिस उसका मेडिकल कराती और चालानी कार्रवाई करती। लेकिन खनस्यू पुलिस ने ऐसा कुछ नहीं किया। नशे में मनमोहन पुलिस को उकसा रहा था और पुलिस कर्मी आपा खो बैठे।

आरोपी पुलिस कर्मियों पर मुकदमे के लिए बुधवार तक समय

मारपीट के आरोपी दरोगा और दो पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर मंगलवार को पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरू के साथ ग्रामीण एसपी क्राइम हरबंस सिंह से मिले। मनमोहन ने एसपी को शरीर पर चोट के निशान दिखाए, लेकिन करीब दो घंटे की वार्ता बेनतीजा रही। हरीश पनेरू ने पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को बुधवार तक समय दिया। साथ ही गुरुवार से आंदोलन की चेतावनी दी।

हल्द्वानी में घी की जांच करते खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी।

नोवा ब्रांड के घी का सैंपल जांच के लिए लैब भेजा

हल्द्वानी : खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने मंगलवार को शहर में घी बेचने वाले थोक और फुटकर विक्रेताओं की दुकानों में छापेमारी की। टीम ने मंगलपड़ाव, कालाढूंगी रोड, रामपुर रोड पर घी विक्रेताओं के यहां छापा मारा। इस दौरान घी के विभिन्न ब्रांडों पारस, पहलवान, मदर डेयरी आदि के कुल चार नमूने संग्रहित किए गए। वहीं नोवा ब्रांड का एक नमूना जांच के लिए रुद्रपुर प्रयोगशाला में भेजा गया। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के मंडल उपायुक्त अनोज कुमार थपलियाल ने बताया कि मिलावटी घी बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। टीम में अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह और कैलाश टम्टा शामिल रहे। इधर, रामनगर में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खां के नेतृत्व में विभिन्न ब्रांडों के घी की जांच की गई।

नाबालिग को छेड़ने वाले युवक की पिटाई

हल्द्वानी : शनि बाजार में एक नाबालिग को युवक ने छेड़ दिया। लड़की की मां ने युवक को पकड़ लिया और मौके पर ही उसकी पिटाई कर दी। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि बीते शनिवार को एक महिला अपनी 12 साल की बेटी के साथ शनि बाजार खरीदारी करने गई थी। बाजार में कुछ युवकों ने लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी। लड़की ने यह बात अपनी मां को बता बताई। इससे पहले कि युवक भाग पाते, लड़की की मां ने एक युवक को पकड़ लिया और पीटना शुरू कर दिया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शादाब (22 वर्ष) पुत्र इकबाल निवासी इंदिरानगर बड़ी रोड के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर उस गिरफ्तार कर लिया है।

मोटर मार्ग का भूगर्भीय सर्वे शुरू

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले रातीघाट-जाख-बुधलाकोट मोटर मार्ग का भविष्य भूगर्भीय सर्वे रिपोर्ट से तय होगा। रिपोर्ट उपलब्ध होने के बाद संबंधित विभाग मोटर मार्ग का अस्तित्व बचाने को प्रस्ताव तैयार करेगा।

हाईवे से सटे जाख, चौरसा, घूना, चकबिसौत, बुधलाकोट, बारगल, कफूल्टा, गरजोली समेत आसपास के दर्जनों गांवों के लोग रातीघाट-जाख-बुधलाकोट मोटर मार्ग पर निर्भर हैं। गांवों के किसान भी इसी मोटर मार्ग से उपज को हाईवे तक पहुंचाते हैं। जहां से उपज बड़ी मंडियों को भेजी जाती है। स्कूली बच्चों व ग्रामीण के लिए मोटर मार्ग जीवनरेखा है। पिछले दिनों हुई बारिश से उफान पर आई शिप्रा नदी ने सड़क को भारी नुकसान पहुंचाया। रातीघाट के समीप सड़क का करीब दो सौ मीटर हिस्सा नदी की भेंट चढ़ गया। सप्ताह भर तक सड़क बंद होने से गांवों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। लोनिवि के अधिकारियों ने नौ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अस्थायी रूप से सड़क तैयार कर आवाजाही शुरू करवाई। मोटर मार्ग की महत्ता को देख उसे बचाने को लोनिवि अधिकारियों ने कवायद तेज कर दी है। भू-वैज्ञानिक आरसी उपाध्याय की मदद से मोटर मार्ग का भूगर्भीय सर्वे करवाया गया है, ताकि समय रहते ठोस उपाय किए जा सकें। भूगर्भीय सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित विभाग रातीघाट-जाख-बुधलाकोट मोटर मार्ग पर मंडरा रहे खतरे को टालने के लिए ठोस उपाय करेगा। लोनिवि के सहायक अभियंता प्रकाश चंद्र उप्रेती के अनुसार सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध होने के बाद मानकानुसार किए जाने वाले कार्यों का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा।

- मोटर मार्ग के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे को देख हरकत में लोनिवि विभाग
- भू-वैज्ञानिक ने देखे मोटर मार्ग के हालात, शिप्रा नदी से पहुंचा है भारी नुकसान

गौला नदी का निरीक्षण करते एसडीएम परितोष वर्मा। ● अमृत विचार

गौला नदी में ह्यूम पाइप पुल जल्द होगा तैयार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौलापार वासियों के लिए राहत की खबर है। इंदिरानगर रेलवे फाटक के समीप गौला पुल की मरम्मत होने तक वैकल्पिक ह्यूम पाइप पुल तैयार किया जा रहा है। संभावना है कि पुल बुधवार की देर सायं या गुरुवार की सुबह तक तैयार हो जाएगा।

बीती 12 व 13 सितंबर को हुई अतिवृष्टि में गौला पुल की एप्रोच रोड बहने के साथ ही पुल की सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस वजह से गौलापार व चोरगलिया के लोगों को काठगोदाम स्थित पुल से आवागमन करना पड़ रहा है।

जिला प्रशासन गौला नदी में ह्यूम पाइप से वैकल्पिक व्यवस्था कर रहा है। इसको लेकर मंगलवार को एसडीएम परितोष वर्मा ने एनएचएआई व वन निगम के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि ह्यूम पाइप पहुंच गए हैं। संभावना है कि बुधवार की शाम या गुरुवार की सुबह पुल बनकर तैयार हो जाएगा। पुल इंदिरानगर से ट्रेंचिंग ग्राउंड वाले रास्ते से होकर जाएगा और हल्द्वानी जू सफारी पर निकलेगा।

गौला नदी में फंस गई जेसीबी

हल्द्वानी : वन विभाग की जेसीबी गौला नदी से एक किनारे से दूसरे किनारे जाते वक्त पानी में फंस गई। बाद में पोकलैंड से जेसीबी को निकाला गया। गौला रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि गौला नदी में वैकल्पिक मार्ग बनाने का काम हो रहा है, इसलिए चार जेसीबी व दो पोकलैंड नदी में रास्ता बनाने व चैनलाइजेशन का काम कर रही हैं। मंगलवार को एक जेसीबी नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे की ओर जा रही थी। नदी में पानी होने की वजह से गड्ढे का पता नहीं चला और जेसीबी गड्ढे में फंस गई। बाद में जेसीबी चालक के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पोकलैंड के जरिए जेसीबी को गड्ढे से बाहर निकाला गया। फिलहाल वैकल्पिक मार्ग का काम जारी है।

वहीं डीएम ने एनएचएआई को गौला नदी से उपखनिज निकासी के लिए अनुमति दे दी है। नदी में उपखनिज निकालने के लिए संबंधित क्षेत्र का सीमांकन भी कर लिया गया है। एनएचएआई ने रॉयल्टी शुल्क भी जमा कर दिया है। संभावना है कि बुधवार से पुल की मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा।

दुष्कर्म प्रकरण मुकेश के हल्द्वानी में होने की खबरों के बीच पुलिस ने बढ़ाया तलाश का दायरा, पंजाब से आता है दुग्ध संघ का दूध, ऐसे में पंजाब में छिपे होने की भी है आशंका

पंजाब तक फैला है मुकेश बोरा का नेटवर्क, मुंह नहीं खोल रहे मुखबिर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी के फरार अध्यक्ष मुकेश बोरा का नेटवर्क पंजाब तक फैला है। पिछले 24 दिनों से उत्तराखंड, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में खाक छान रही पुलिस ने अब तलाश का दायरा बढ़ा दिया है।

प्रबल संभावना है कि मुकेश बोरा पंजाब में ही कहीं दुबका बैठा है। इसको देखते हुए पुलिस ने उसकी तलाश का दायरा पंजाब तक बढ़ा दिया है। हालांकि एक पेशेवर अपराधी न होने के बावजूद मुकेश लगातार पुलिस को चकमा दे रहा है। उसके करीबी जो उसके लिए मुखबिरी कर रहे थे, वह पुलिस के सामने मुंह नहीं खोल रहे हैं। मुकेश बोरा पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत लालकुआं कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। एक सितंबर को मुकदमा हुआ और अगले ही दिन मुकेश फरार हो गया। तब से अब तक मुकेश चार बार पुलिस के सामने से निकल चुका है, लेकिन हाथ नहीं आया।

पहले सुराग मिला कि बरेली उत्तर प्रदेश में उसका आका है, जो उसे शरण दे सकता है। माना जा रहा है कि 19 सितंबर को मुकेश वहां गया, लेकिन पुलिस पीछे थी तो वह रुका नहीं। उसके आका ने उसे उसी रात दिल्ली रवाना कर दिया। मुकेश का अपना मोबाइल बंद था और वह दूसरे नंबरों का इस्तेमाल कर रहा था। फरार होने के बाद उसने आधा दर्जन नए सिम कार्ड का इस्तेमाल किया। पुलिस ने इन नंबरों को ट्रैक किया तो दिल्ली की लोकेशन मिली और तलाश में टीम को दिल्ली भी रवाना कर दिया गया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो पता लगा कि दुग्ध संघ में बड़ी मात्रा में पंजाब और हरियाणा से दूध आता है।

यह भी पता लगा कि दुग्ध संघ का अध्यक्ष होने के नाते उसके पंजाब और हरियाणा से दूध सप्लाई करने वालों से भी गहरे संबंध है। आशंका है कि मुकेश पंजाब और हरियाणा में अपने मजबूत संबंधों का इस्तेमाल कर सकता है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसकी तलाश में टीमों को दिल्ली, यूपी और पंजाब के अलावा अन्य स्थानों पर भेजा गया है।

कुर्की के बाद अब निरस्त होंगे असलहों के लाइसेंस

हल्द्वानी : फरार मुकेश बोरा पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद नहीं लौटा तो पुलिस ने कोर्ट से कुर्की की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर पुलिस ने मुनादी कराई और फिर कुछ दिन बाद उसके धारी और हल्द्वानी स्थित आवासों की कुर्की कर दी गई। मुकेश बोरा को इससे भी फर्क नहीं पड़ा। इधर, पुलिस जांच में सामने आया कि मुकेश बोरा के पास दो लाइसेंसी असलहे हैं। अब पुलिस इनके लाइसेंस निरस्तीकरण की तैयारी कर चुकी है। एसएसपी ने बताया कि शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए रिपोर्ट बनाकर प्रशासन को भेज दी गई है।

कांग्रेस नेता व प्रापर्टी डीलर को एसओजी ने उठाया

हल्द्वानी : एसओजी की टीम ने एक कांग्रेस नेता और प्रापर्टी डीलर को पूछताछ के लिए उठाया है। बताया जा रहा है ये नेता और प्रापर्टी डीलर भीमताल के रहने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेता देवेंद्र और सुरेंद्र सिंह से पुलिस पूछताछ कर रही है। उनके मोबाइल भी कब्जे में ले लिए गये हैं। कुछ के नंबरों की सीडीआर भी खंगाली जा रही है। सूत्रों के अनुसार जिस टैक्सी से मुकेश बोरा भागा था उसी टैक्सी के चालक ने ही परिवहन कर अधिकारी, देवेंद्र, सुरेंद्र और आशा रानी के बारे में बताया था।

सार-संक्षेप

कालाढूंगी में जनता को संबोधित करते प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत। ● अमृत विचार

110 लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

कालाढूंगी : भाजपा ने कोटाबाग क्षेत्र के पतलिया में अभियान चलाकर 110 लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई। मंडल अध्यक्ष जोगा सिंह मेहरा व प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है, अभी सदस्यता अभियान जोरों पर चल रहा है। उन्होंने मौके पर लोगों से भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी को मजबूती देने की अपील की। यहां दीपा ढोंडियाल, पूरन बिष्ट, नंदप्रकाश रस्तोगी, पूरन बोरा, विनोद बधानी, गौरव जोशी, उषा देवी, विमला, किरण, पूनम मेहरा, नंदी रस्तोगी, रमा रस्तोगी, डूंगर मेहरा मौजूद रहे।

रामनगर मंडी परिसर में सफाई करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

भाजपाइयों ने मंडी परिसर में चलाया सफाई अभियान

रामनगर : सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में रामनगर मंडी समिति परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान विधायक बिष्ट ने कहा कि भाजपा देशभर में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा सप्ताह मना रही है। इसके तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाये जा रहे हैं। इस दौरान नगर अध्यक्ष मदन जोशी, वीरेंद्र सिंह रावत, गणेश रावत, विपिन कांडपाल, आशा बिष्ट, दिनेश मेहरा, मनमोहन सिंह बिष्ट, घनश्याम शर्मा, पूरन नैनवाल, भावना भट्ट, संजय डोर्बी, भूपेंद्र मलिक, मनप्रीत कौर, हेमंत बिष्ट रहे।

चोरगलिया में उपचार कराता घायल दंपति। ● अमृत विचार

कुत्ते से टकराई बाइक, दंपति और बच्चा घायल

चोरगलिया : भीमताल निवासी संतोष कुमार जीजीआईसी इंटर कॉलेज सितारगंज में कार्यरत है वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ हल्द्वानी हॉस्पिटल से सितारगंज को लौट रहे थे। चोरगलियां आबादी क्षेत्र में उनकी मोटरसाइकिल अचानक कुत्ते के सामने आ जाने से फिसल गई। जिससे वह पत्नी बच्चे सहित बाइक से नीचे गिर गए। वह अभी संभल ही पाते कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। तभी वहां से गुजर रहे समाजसेवी कन्नू रुवाली ने अपने निजी वाहन से क्लीनिक तक पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दंपति को हल्द्वानी हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया।

चोरगलिया जीजीआईसी में कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं व शिक्षिकाएं।

छात्राओं ने कविताओं से बताया हिंदी भाषा का महत्व

चोरगलिया : यहां राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विविध गतिविधियां आयोजित की गई। प्रधानाचार्य तनुजा जोशी ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वरचित कविताओं से सादा जीवन उच्च विचार आदि विषयों पर जोर दिया। शिक्षिकाओं द्वारा हिंदी के साहित्यकारों की रचनाओं को सुनाया गया। शिक्षिका कंचन जोशी ने कबीर दास, शोभा पंत ने शिवानी, मीनाक्षी जोशी ने गीता के श्लोक, मंजू लता ने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचनाओं पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने पोस्टर, भाषण, कविता पाठ वह सुलेख प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी की शिक्षिका ममता तिवारी ने किया। यहां शिक्षिका भगवती अगरिया, अमिता जोशी, ममता तिवारी, ललिता गौतम, तरुणा वर्मा, दीप्ति जोशी मौजूद रहे।

रामनगर में पोषण दिवस पर मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

पोषण दिवस पर महिलाओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

रामनगर : राष्ट्रीय पोषक माह के तहत ढिकुली में द्रव्यमान संवेदीकरण गतिविधि की थीम पर पोषण दिवस कार्यक्रम हुआ। जिसका शुभारंभ करते हुए ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत ने कहा कि महिलाओं को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में प्लास्टिक का प्रयोग न करने को कहा गया। क्षेत्रीय सुपरवाइजर खष्टी गोस्वामी ने नंदा गौरा महालक्ष्मी किट व प्रधानमंत्री मातृ वंदना की जानकारी दी। सीएचओ गरिमा ने टीकाकरण डेंगू और मलेरिया तथा आसपास की साफ सफाई के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान उप प्रधान असीम राजा सुपरवाइजर गीता आर्य, दुर्गा बिष्ट, माधवी मठपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती नंदा, निशा, परवीन, मंजू पपनै, कमला छिमवाल, धनी खुल्वे, हेमा बिष्ट, संगीता, हेमा गोस्वामी मौजूद रहे।

नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया

लालकुआं : नगर पंचायत लालकुआं द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नगर के दो स्थानों से कूड़ादान हटाकर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान एवं पेंटिंग के माध्यम से नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया। अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने उक्त स्थान से कूड़ा उठवाकर वहां दीवार में भव्य पेंटिंग एवं टाइल लगाकर फर्श निर्माण कर उक्त स्थान को सुंदर बनाया गया है। निर्देश भी दिए गए हैं कि उक्त स्थानों पर कूड़ा डालने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चिन्हित स्थानों में गांधी पार्क वार्ड नंबर 2 एवं लोनिवि निरीक्षण भवन वार्ड नंबर 4 शामिल हैं।

वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों का करें सर्वे

हल्द्वानी : सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने विभिन्न विभागों को वृद्धावस्था पेंशन के पात्र लाभार्थियों का 15 अक्टूबर तक सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर आयुक्त हल्द्वानी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों को जिले में एक अक्टूबर को 59 वर्ष छह माह की आयु पूर्ण कर चुके लाभार्थियों को चिन्हित कर सर्वे करने को कहा है। साथ ही जानकारी समाज कल्याण विभाग को देने के निर्देश दिए हैं। जिससे राज्य स्थापना दिवस पर 60 वर्ष पूर्ण करने वाले लाभार्थियों को पेंशन का लाभ मिल सकेगा।

10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण

राज्य आंदोलनकारी मंच ने न्यायालय में चुनौती देने को शहीदों का अपमान बताया

मुजफ्फरनगर कांड के दोषियों को सजा देने की मांग को लेकर दो अक्टूबर को देंगे धरना

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी मंच ने राज्य आंदोलनकारियों एवं उनके आश्रितों के लिए सरकार द्वारा दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिये जाने को कोचिंग सेंटर से जुड़े लोगों द्वारा उच्च न्यायालय में चुनौती देने को दुर्भाग्यपूर्ण तथा शहीदों का अपमान बताया है। राज्य आंदोलनकारियों ने दो अक्टूबर को मुज़फ्फरनगर कांड के जिम्मेदार दोषी अधिकारियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर शहीद पार्क में धरना देने का निर्णय लिया है।

नगर पालिका परिसर स्थित ग्रीन वैली रेस्टोरेंट में मंच के संयोजक चंद्रशेखर जोशी की अध्यक्षता एवं प्रभात ध्यानी के संचालन में संपन्न बैठक में पूर्व दर्जा मंत्री चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति के संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि राज्य निर्माण आंदोलन कारियों की शहादत, दमन उत्पीड़न के बाद अस्तित्व में आए उत्तराखंड में सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों एवं उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशित क्षैतिज आरक्षण देने का कुछ कोचिंग सेंटरों के मालिकों द्वारा विरोध करने एवं उच्च न्यायालय में चुनौती देने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे शहीदों का अपमान बताया। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि देश एवं राज्य के लिए योगदान करने वालों का हमेशा देश एवं प्रदेश की सरकारों द्वारा उनका सम्मान एवं सुविधा देना देश की परंपरा रही है। ऐसे में जिनकी शहादत के बाद राज्य का निर्माण हुआ। उनके परिवारों को सम्मान एवं सुविधाओं का विरोध करना, मामले को न्यायालय में ले जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक में प्रतिबंधित नशे के कारण बर्बाद हो रही युवा पीढ़ी, बढ़ते अपराधों, दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई। कहा कि इसके खिलाफ आम जनता को एकजुट होने की जरूरत है। बैठक में राज्य स्थापना दिवस से पूर्व देहरादून में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन व रैली आयोजित करने को सभी से बातचीत करने तथा राज्य स्थापना दिवस पर 9 नवंबर को कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में धीरेंद्र प्रताप, प्रभात ध्यानी, पुष्कर दुर्गापाल, अनिल अग्रवाल खुलासा, पान सिंह नेगी, राजेंद्र खुल्बे, रईस अहमद, दिनेश सत्यवली, चंद्रशेखर आदि रहे।

बैठक के बाद पत्रकार वार्ता करते राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

स्कूलों के संचालन का समय यथावत रखने की मांग

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिले में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। जिससे बच्चे डायरिया और बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। जिले के अधिकांश स्कूलों में बिजली और पंखों की व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्कूलों का संचालन हो रहा है।

एक अक्टूबर से स्कूलों के संचालन का समय परिवर्तित होकर सुबह 9.30 से अपराह्न 3.30 बजे होता है। ऐसे में राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार ने मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा को पत्र भेजकर ग्रीष्मकालीन स्कूलों में विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए 20 अक्टूबर तक स्कूलों का समय संचालन यथावत रखने का अनुरोध किया है। कहा कि स्कूलों का समय परिवर्तित होने से बच्चों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

रामलीला में लक्ष्मण शक्ति का दृश्य देख भावुक हुई महिलाएं

सम्वाददाता, रामनगर

अमृत विचार : भवानीगंज में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में लक्ष्मण के मूर्छित होने के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। आदर्श रामलीला समिति के मंच पर मेघनाथ द्वारा ब्रह्मास्त्र से लक्ष्मण को मूर्छित करने का दृश्य देख कई महिलाएं भावविभोर होकर रो पड़ीं। रामलीला का मंचन देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी।

लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच युद्ध देखने लायक था। लक्ष्मण की भूमिका में मयंक रौत और मेघनाथ की भूमिका में गगन बिष्ट ने अपने अद्भुत अभिनय से सभी को प्रभावित किया। लक्ष्मण शक्ति के बाद राम विलाप से तो माहौल भावुक हो गया। रामलीला के मंचन में हनुमान जी का संजीवनी बूटी लाने का दृश्य अत्यधिक तकनीकी रूप से दर्शाया गया, जिस पर दर्शक तालियां बजाने से खुद को रोक नहीं सके। हनुमान की भूमिका में किशोर चंद्रा के शानदार अभिनय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व रामलीला का शुभारम्भ पूर्व दर्जा मंत्री पुष्कर दुर्गापाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ दीपक शर्मा, कुलदीप शर्मा, प्रदीप पूठिया, कृष्ण कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, राजीव अग्रवाल, सुनील कुमार पप्पी, अमित अग्रवाल और जुगल अरोरा सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

रामनगर में लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

गोल मॉल सड़क पर बताया खतरा

संवाददाता, हल्द्वानी

कार्यशाला

- कार्यशाला में दो दर्जन से अधिक क्षेत्र बताए असुरक्षित
- छात्राएं बोलीं- लड़के ट्यूशन जाते समय करते हैं पीछा

अमृत विचार : महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मंगलवार को स्कॉलर्स एकेडमिक होम में संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने शहर में दो दर्जन से अधिक स्थानों को असुरक्षित बताया।

कार्यशाला में अपर निदेशक प्रशिक्षण ऋचा सिंह को छात्राओं ने बताया कि छड़ायल सुयाल क्षेत्र की रौला कॉलोनी वाली रोड में शाम के समय लड़के नशे में खड़े होकर अश्लील हरकत करते हैं। उन्होंने बिरला स्कूल के पास, प्रेमपुर लोश्ज्ञानी चौराहा, ट्रांसपोर्ट नगर से उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी जाने वाली सड़क, वासुदेवपुरम आरटीओ रोड, छड़ायल सुयाल में रौला कॉलोनी वाली रोड, संगम विहार, पुराना धानमिल, आरटीओ रोड में डम्बल हाउस जिम के पास, गैस गोदाम रोड में जीना भवन, मटरगली, आनंदा अकादमी के पास, समता आश्रम गली, एमबीपीजी कॉलेज के ऑटो स्टैंड से स्टेडियम वाली रोड, फर्नीचर लाइन, आरके टेंट हाउस रोड, अग्रसेन भवन के पास आदि स्थानों को असुरक्षित बताया। कहा कि छड़ायल नयाबाद प्राइमरी स्कूल के ग्राउंड में शाम के समय लड़के झुंड में नशा करते हैं। खेलने आने वाले छोटे बच्चों को भी नशा करने के लिए दबाव बनाते हैं।

आनंदा अकादमी से गोल मॉल को जाने वाली रोड पर लड़के स्कूटी में आकर ट्यूशन जाने वाली लड़कियों का पीछा करते हैं। लड़कियों के बात न करने पर उन्हें धक्का देते हैं। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय से तबस्सुम ने हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी।

पुलिस विभाग से एसआई ज्योति कोरंगा ने उत्तराखंड हेल्पलाइन ऐप के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग से यशोदा शाह ने किया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी, विद्यालय के प्रधानाचार्या एवं शिक्षिकायें, सुपरवाइजर सुशीला ग्वाल मौजूद रहे।

चोरगलिया आईटीआई में नहीं मिले बच्चे

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रशिक्षण एवं सेवायोजन की अपर निदेशक ऋचा सिंह ने मंगलवार को चोरगलिया स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर कोई भी प्रशिक्षणार्थी नहीं मिला। वहीं अनुदेशक नवीन चंद्र पांडे ने बताया कि प्रशिक्षणार्थी दोपहर साढ़े तीन बजे ही चले गए। जब प्रशिक्षणार्थी से उपस्थिति पंजिका मांगी गई तो वह पंजिका नहीं दिखा सके। फिर उन्होंने वर्कशॉप का निरीक्षण किया तो गेट पर ताला लटका हुआ था। जब अपर निदेशक सिंह ने गेट खोलने के लिए चाबी मांगी तो पता चला कि उक्त चाबी दूसरे अनुदेशक के पास है, जोकि अवकाश पर है। टीम कोई जरूरी अभिलेख नहीं दिखा सकी।

छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

कालाढूंगी, अमृत विचार। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर पीएमश्री राबाइंका कोटाबाग में छात्राओं ने विद्यालय परिसर तथा बाहर स्वच्छता व प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाया।

प्रधानाचार्या विनीता पाठक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी पूजा देवरानी, सावित्री पडियार, अनीता नेगी आदि उपस्थित थे। वहीं राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में भी बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ. नीरजा पांडे ने 50 बच्चों को बी प्रमाण पत्र वितरित किए। यहां अरविंद गेजवाल, चेतन प्रकाश तिवारी, शालिनी सिंह, अनीता राजेश्वरी मौजूद रहे। इधर, पीएमश्री राबाइंका कालाढूंगी के परिसर में भी एनएसएस छात्राओं ने सफाई अभियान चलाया गया। यहां प्रधानाचार्या बसंती अधिकारी, हेमा रानी, उमा आर्या मौजूद रहे।

आउटडोर एडवेंचर में बच्चों ने रोमांचक खेलों का आनंद लिया

सम्वाददाता, रामनगर

अमृत विचार : किडजी प्ले स्कूल और माउंट लिट्रा जी स्कूल लक्ष्मी बिहार रामनगर के बच्चों ने देवभूमि आउटडोर एडवेंचर में एक यादगार और रोमांचक दिन बिताया। इस आयोजन में छात्रों ने ताजी हवा में विभिन्न मनोरंजक और रोमांचक गतिविधियों का आनंद लिया। बच्चों ने कई रोमांचक गतिविधियों जैसे जिपलाइन, टीम गेम्स, और कैम्पिंग में भाग लिया। इन गतिविधियों ने न केवल बच्चों के मनोबल को बढ़ाया, बल्कि उन्हें नई चुनौतियों का सामना करने का अवसर भी दिया।

प्रधानाचार्या रितु पंत ने कहा कि ऐसे आउटडोर एडवेंचर्स बच्चों के शारीरिक विकास के साथ ही उनके मानसिक विकास में भी सहायक होते हैं। यह टीमवर्क और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं में आवश्यक है। स्कूल प्रबंधक स्पर्श अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में इसी तरह की साझेदारियों को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। कार्यक्रम में आयुषी अग्रवाल ,प्रियंका यादव, प्रभजोत साहनी, रश्मि गैरोला, भावना फर्त्याल और सहायक कर्मचारी अंबिका बिष्ट, गीता देवी आदि मौजूद रहे।

रामनगर में रोमांचक खेलों का आनंद लेते बच्चे। ● अमृत विचार

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
P.G.D.P.H., N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
विशेष चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस
का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
क्षारकर्म चिकित्सा
बिना ऑपरेशन के नासागत रोगों का इलाज
अग्निकर्म चिकित्सा
गर्दन का दर्द, कमर का दर्द, लिगामेन्ट का दर्द, घुटने का दर्द, रीड़ के जोड़ों में सूजन
आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy (जलौंका)
रोग-सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गांठ, न भरने वाले घाव
समय: प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5.30 बजे से 7.30 बजे तक
शनिवार अवकाश
Book Appointment
Scan QR Code for more detail
कुसुमखेड़ा निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी उत्तराखण्ड
M.: 9412958478

सार-संक्षेप

कालाढूंगी में राहुल पंत का स्वागत करते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

राहुल पंत बने कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष

कालाढूंगी : कोटाबाग निवासी राहुल पंत को यूथ कांग्रेस कालाढूंगी विधासभा क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया गया है। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कालाढूंगी विधानसभा अध्यक्ष पद पर राहुल पंत को दायित्व सौंपा है। वही यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंत के विधानसभा अध्यक्ष बनने पर मिष्ठान वितरण कर व उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। नव नियुक्त विधानसभा अध्यक्ष राहुल पंत ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है उस पर खरा उतरकर पार्टी के लि कार्य करगें। पंत के मनोयन पर ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र बिष्ट, नीरज जोशी, कौशल बिष्ट, करन बधानी आदि कार्यकर्तओं ने बधाई दी।

चोरगलिया थाने में लोगों के साथ बैठक करते थाना प्रभारी राजेश जोशी।

नये थाना प्रभारी ने बैठक कर जानी समस्याएं

चोरगलिया : चोरगलिया थाने में मंगलवार को नवनियुक्त थाना प्रभारी राजेश जोशी ने गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं को जाना। पूर्व प्रधान कैलाश थुवाल ने सुझाव दिया कि यहां पर शनिवार के दिन साप्ताहिक बाजार लगती है। जिसमें कुछ अराजक तत्व घूमते रहते हैं। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर छेड़छाड़ करने की कोशिश भी करते हैं। दीपक चौसली ने कहा कि वाहनों की तेज गति पर अंकुश लगाया जाए। ग्राम प्रधान कमल दुर्गापाल ने सुझाव दिया अवैध कच्ची शराब पर अंकुश लगाया जाए व पुलिस द्वारा रात्रि गश्त की जाए। थाना प्रभारी ने लोगों के सुझाव को ध्यान से सुना और अपने अधीनस्थों को लोगों के सुझावों पर अमल लाने का आदेश दिया।

महिला अस्पताल में पांडे परिवार के साथ सीएमएस डॉ. उषा जंगपांगी।

स्थापना दिवस पर पांडे परिवार का किया अभिनंदन

हल्द्वानी : राजकीय महिला अस्पताल का स्थापना दिवस बीते सोमवार को मनाया गया। प्रमुख चिकित्साधीक्षक डॉ. उषा जंगपांगी ने अस्पताल की स्थापना में अहम भूमिका निभाने वाले इंजीनियर मथुरा दत्त पांडे के पुत्र हरीश चंद्र पांडे व पुत्री मुन्नी पांडे और पौत्र कर्नल आलोक पांडे के साथ मिष्ठान वितरण किया। कर्नल पांडे ने बताया कि कुमाऊं केसरी बद्री दत्त पांडे के भतीजे मथुरा दत्त पांडे ने प्रारंभिक शिक्षा अल्मोड़ा तथा रुड़की से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। फिर ब्रिटिश काल में जिला नैनीताल बोर्ड में मुख्य अभियंता के रूप में तैनात हुए। इसी दौरान उन्होंने महिला अस्पताल का निर्माण करवाया। डॉ. जंगपांगी ने पांडे परिवार के सदस्यों को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर हर्ष जताया। कहा कि 23 सितंबर 1937 को यह अस्पताल महज 10 बेड से शुरू हुआ था अब यहां 150 बेड हैं। वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्र व कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए अस्पताल किसी वरदान से कम नहीं है।

जीजीआईसी में शुरू होगी गणित और एनसीसी

कोटाबाग : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटाबाग में दसवीं के बाद 11 वीं 12 वीं कक्षा में गणित विषय न होने की वजह से विद्यालय की छात्राओं को दूसरे विद्यालय में पढ़ाई के लिए जाना पड़ता था। कई वर्षों से चली आ रही समस्या का संज्ञान लेते हुए कोटाबाग के भाजपा नेता अनुराग पांडे ने शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटाबाग में गणित विषय एवं विद्यालय में एनसीसी में शुरू करने की मांग की। धन सिंह रावत ने समस्या का संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटाबाग में गणित विषय एवं विद्यालय में एनसीसी शुरू करने के लिए विभागीय अधिकारियों को आदेशित किया है। जिसके बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने बालिका इंटर कॉलेज कोटाबाग प्रबंधन से रिपोर्ट मांगी है। भाजपा नेता अनुराग पांडे ने मंत्री और शिक्षा अधिकारी का आभार जताया है।

स्वयंसेवियों ने टोली बनाकर किया श्रमदान

हल्द्वानी : राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा थीम पर एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. गीता पंत ने एनएसएस से संबंधित जानकारी दी। इसके बाद स्वयं सेवियों ने अलग-अलग टोली बनाकर एनएसएस वाटिका सहित पूरे कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। इस दौरान एनएसएस, एनसीसी और नमामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ। नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. ऋतुराज पंत ने जल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी। वाणिज्य विभाग के बीकॉम ऑनर्स प्रभारी डॉ. फकीर सिंह ने छात्राओं को फाइनेंशियल लिटरेसी सहित डिजिटल साक्षरता और साइबर क्राइम के बारे में बताया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता पंत ने किया। इस मौके पर डॉ. ज्योति चुफाल, डॉ. रेखा जोशी, मंजू मेहरा, चंद्रशेखर भट्ट, यशोधर नाथ मौजूद रहे। इधर, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़ में भी एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने स्वच्छता की शपथ ली। यहां नवीन पांडे, लाल सिंह आदि मौजूद रहे।

पानी के लिए तरस रही हल्द्वानी की आधी आबादी

गौला बैराज में सिल्ट की मात्रा बढ़ने से फिल्टर प्लांट को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी, टैंकरों से बुझाई जा रही प्यास

पेयजल किल्लत

- मंगलवार को फिल्टर प्लांट में हुआ 60 फीसदी जल शोधन
- सिल्ट और मलबे के कारण पानी छोड़ने में हो रही दिक्कत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौला बैराज में सिल्ट की मात्रा बढ़ने से पेयजल किल्लत बरकरार है। बैराज से जल संस्थान के शीशमहल फिल्टर प्लांट को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण हल्द्वानी शहर की आधी आबादी पानी के लिए तरस रही है। हालांकि जल संस्थान प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर भेजकर जलापूर्ति करा रहा है, लेकिन गर्मी के मौसम में लोगों की प्यास नहीं बुझ पा रही है।

मंगलवार को शाम पांच बजे गौला बैराज से पानी की सप्लाई बंद कर दी गई। बैराज के सभी गेटों में भारी मात्रा में सिल्ट और मलबा जमा हो गया है। इस कारण पानी छोड़ने में दिक्कत हो रही है। वहीं शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट में मंगलवार को मात्रा 60 फीसदी ही जल शोधन हो पाया।

काठगोदाम स्थित गौला बैराज में जमा सिल्ट। ● अमृत विचार

शहर से सटे दमुवाढूंगा, पनचक्की, लालडांठ, ऊंचापुल, कठघरिया, बाजार क्षेत्र, इंदिरानगर, रामपुर रोड, बरेली रोड समेत कई इलाकों में लोग पेयजल किल्लत का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा मुखानी, हीरानगर, आरटीओ रोड क्षेत्र के कई इलाकों में भी पेयजल समस्या बनी हुई है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि सिंचाई विभाग ने मंगलवार शाम पांच बजे गौला नदी से फिल्टर प्लांट को मिलने वाली पानी की सप्लाई बंद कर दी थी। जिस वजह से कम मात्रा में ही जल शोधन हो पाया। पानी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने से काफी दिक्कतें हो रही है।

उजालानगर में राहत, पनियाली में अब भी आफत

हल्द्वानी : उजालानगर में खराब नलकूप को जल संस्थान ने बीते सोमवार की रात ठीक कर लिया, लेकिन पनियाली में अब भी लोग पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं। खराब नलकूप की मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को 16 टैंकरों से मुखानी क्षेत्र के बंसत विहार, ऊंचापुल, नारायण नगर, साईं मंदिर, चौफुला, कुसुमखेड़ा और पीपलपोखरा आदि स्थानों में पानी बांटा गया।

देवलचौड़ क्षेत्र में पेयजल संकट बरकरार

हल्द्वानी : देवलचौड़ क्षेत्र में पिछले दो दिनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है। सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान कई जगह पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिस वजह से लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। करीब दो दर्जन से अधिक परिवार पानी के लिए परेशान हैं। क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों में मिट्टी और पत्थर घुसने के कारण समस्या और भी बढ़ गई है। विभाग की ओर से इसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है।

ट्रांसपोर्ट नगर की पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से सड़क पर जमा पानी।

विपक्ष ने योजनाओं में कमियां गिनाकर सत्तापक्ष को घेरा

गरमपानी, अमृत विचार : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बेतालघाट में युवा संसद कार्यक्रम में सत्ता व विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं ने योजनाओं का गुणगान किया। वहीं विपक्ष के नेताओं ने योजनाओं में कमियां गिनाकर सत्ता पक्ष की घेराबंदी की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य दीप चंद्र त्रिपाठी ने किया। प्रधानाचार्य ने लोकतंत्र के चार स्तंभों पर विस्तार से प्रकाश डाला और कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। डॉ. संजय सिंह व स्वीटी तिवारी की देखरेख में युवा संसद की कार्रवाई शुरू हुई। लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष व अन्य मंत्रियों व सांसदों की भूमिका बबीता बोहरा, शीतल भंडारी, हर्षित हाल्सी, खुशी जलाल, हितेंद्र खुल्बे, सचिन जलाल हिमेश भंडारी, लक्षिता रावत, मानव बिष्ट ने निभाई। इस दौरान राजकुमार भंडारी, मोहन लाल, दिलीप फर्त्याल, एबी सिंह, पुष्पा मठपाल, भानु मौजूद रहे।

विद्युत संविदा कर्मचारियों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन का 14वां स्थापना दिवस मंगलवार को रामपुर रोड स्थित एक निजी संस्थान में मनाया गया। इस दौरान संगठन के प्रदेश महामंत्री मनोज पंत के नेतृत्व में 30 सितंबर और एक अक्तूबर को होने वाले आंदोलन की रणनीति तैयार की गई।

मुख्य अतिथि इंटक यूथ अध्यक्ष लवी चिलवाल और विनय भूषण अग्रवाल ने सलाहकार की भूमिका में आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की। साथ ही 12 सितंबर 2017 को पारित आदेश को लागू करने और ऊर्जा निगम के संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की गई।

इस अवसर पर कैलाश उपाध्याय, प्रेम भट्ट, रवि बिष्ट, किरन बोरा, सरिता बिष्ट, उमेश जोशी, सचिन आर्या, धीरज भाकुनी, अरविंद भट्ट, यतेंद्र भट्ट मौजूद रहे। मंच का संचालन रोहित मिश्रा और विकास ने किया।

36 छात्राओं की हुई एनीमिया जांच

गरमपानी : बाल विकास विभाग के तत्वावधान में बेतालघाट ब्लॉक के छड़ा गांव में पोषण माह मनाया गया। जीआईसी खैरना में छात्राओं की एनीमिया की जांच की गई। जिसमें तीन छात्राओं में एनीमिया की पुष्टि हुई। सुपरवाइजर चंपा नेगी की देखरेख में 36 स्कूली छात्राओं में एनीमिया की जांच की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीपीओ अनीता सक्सेना ने किया। उन्होंने विभागीय योजनाओं के साथ ही पोषक तत्वों की जानकारी दी। इस दौरान तुलसी देवी, हंसा मेहरा, ललिता पांडे, प्रेमा खाती, गीता आदि मौजूद रहे।

डीएम ने शासन को फिर भेजी आख्या

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : जिलाधिकारी ने बिंदुखत्ता के वनाधिकार अधिनियम के तहत पूर्व में भेजे प्रस्ताव में छूटे कुछ क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए शासन को पुनः आख्या प्रेषित की है। इधर निदेशक जनजाति कल्याण निदेशालय ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बिंदुखत्तावासियों को अन्य राजस्व ग्रामों की भांति तमाम सुविधा मुहैया कराने को कहा है।

वन अधिकार समिति ने बिंदुखता की बसासत के 1932 से पूर्व बसने के प्रमाण शासन-प्रशासन को मुहैया करा दिए हैं। वनाधिकार समिति बिंदुखत्ता के सचिव भुवन भट्ट के अनुसार एफआरए के प्रावधानों अनुसार दावा स्वीकृत पश्चात राजस्व ग्राम की अधिसूचना की प्रतीक्षा किए बिना समाज कल्याण, पर्यावरण और वन, राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज आदि विभागों की योजनाओं का लाभ दावाकर्ताओं को दिया जाना चाहिए। अपर निदेशक योगेंद्र रावत ने जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर वन अधिकार अधिनियम 2006 में उल्लेखित नियमों एवं प्रावधानों अनुसार समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय ने वन अधिकार समिति द्वारा 7 बिंदुओं पर आंशिक संशोधन के निवेदन को स्वीकृति प्रदान करते हुए बीते 20 सितंबर को नई आख्या आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद के माध्यम से शासन को प्रेषित कर दी है। जिसमें पूर्व प्रेषित प्रस्ताव में छूट गए श्रीलंका टापू को भी जोड़ने सहित सभी सातों बिंदुओं पर जिला स्तर की समिति ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। रिपोर्ट के अनुसार बैठक में डीएफओ, एसडीएम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत सदस्यों, ग्राम पंचायत अधिकारी सहित वन अधिकार समिति बिंदुखत्ता के सदस्य उपस्थिति रहे।

शैक्षिक संस्थानों की रक्षा को बना सिख फेडरेशन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सिख समुदाय ने सिखों की धार्मिक व शैक्षिक संस्थानों के हितों की रक्षा के लिए सिख फेडरेशन का गठन किया है।

बीते सोमवार की देर रात गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा के लंगर हाल में सिख समाज की एक बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से सिख फेडरेशन हल्द्वानी संगठन बनाया गया। गुरप्रीत सिंह प्रिन्स ने बताया कि इस फेडरेशन का उद्देश्य सिख समुदाय, सिखों के धार्मिक व शैक्षिक संस्थानों के हितों की रक्षा करना होगा। नौजवान बुजुर्गों के नेतृत्व में लोकतांत्रिक ढंग से सिखों के हितों के लिए संघर्ष करेंगे। इस संगठन को हल्द्वानी शहर की प्रत्येक क्षेत्र की संगत का सहयोग व आशीर्वाद मिला है। इस दौरान अमन कोहली, अमरजोत सेठी, गगनदीप कोहली, हरजीत चड्ढा, परविंदर सिंघ, कुलविंदर सिंघ, जसमीत साहनी, रमनदीप भसीन, अमनदीप सिंघ, गुरमीत गुजराल, मनमीत गुजराल, गगन सयाली, मनप्रीत सेठी, परमजीत सिंह पम्मा, हसमित बिन्द्रा, शैंकी कुकरेजा, सुरजीत कुकरेजा, अचिंत चड्ढा, रिंकू गुजराल, गुरप्रीत आनन्द, अनमोल साहनी, इंद्रबीर चंडोक, कवलजीत सिंघ, अवनीत रेखी, परविंदर नागपाल, कर्मजीत सेठी, पवनप्रीत सेठी, सिमरन गुजराल, जसप्रीत गुजराल, गुरनित कोहली, गुरमीत चंडोक, अंगद चंडोक, सुमित चंडोक, विक्की नरूला, अमन चड्ढा, सतवीर नरूला, हरप्रीत नरूला, पवनीत सब्बरवाल मौजूद रहे।

गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा के लंगर हॉल में बैठक करते सिख समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

आज़ादी का अमृत महोत्सव
स्पर्श आउटरीच प्रोग्राम
उद्देश्य :-
1- पेंशनरों को स्पर्श के बारे में जागरूक करना।
2- पेंशनरों को स्पर्श के लिए उपलब्ध सेवाओं का हैडहोल्डिंग एवं लाइव डेमो।
3- पेंशन भोगियों की समस्याओं की पहचान एवं ऑनस्पॉट त्वरित समाधान का प्रयास।
आयोजक स्थल
सैनिक विश्राम गृह, पिथौरागढ़ चुंगी, ककराली गेट टनकपुर, चम्पावत, उत्तराखण्ड
दिनांक : 27 सितम्बर 2024, समय : प्रातः 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक
सौजन्य से
रक्षा लेखा महा नियंत्रक, दिल्ली रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, सीमा सड़क, दिल्ली
आयोजन कर्ता
लेखा कार्यालय (परियोजना) हीरक ग्रेफ कैम्पस, टनकपुर, चम्पावत, उत्तराखण्ड,
दूरभाष संख्या- 05943-265065
नोटः- स्पर्श सम्बन्धी समस्या निवारण हेतु पेंशन पेपर (पी.पी.ओ.) एवं स्पर्श में रजिस्टर्ड मोबाइल नं० साथ में लाना जरूरी है।

क्रियाशाला ने 22वां स्थापना दिवस मनाया

हल्द्वानी : क्रियाशाला सेवा समिति ने मंगलवार को अपना 22वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्रियाशाला के संस्थापक देवी दत्त पंत को शॉल भेंट किया गया। इसके बाद समिति के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष नंदा बल्लभ गुणवंत, सचिव बिशन सिंह नैनवाल, शेखर तिवारी, श्रीष चंद्र पंत, विमला सांगुड़ी आदि मौजूद रहे।

एसआरएमएस में विश्वस्तरीय सुविधाओं संग स्पेशलिस्ट चिकित्सक कर रहे दिल का इलाज
युवा दिलों का थकना खतरे के संकेत
संतुलित आहार, नियमित और सक्रिय दिनचर्या से ही दे पाएंगे नाजुक दिल को सहारा

बरेली: पिछले तीन दशकों में युवाओं और महिलाओं में हार्ट अटैक का खतरा काफी बढ़ गया है। इसकी वजह आजकल की दौड़भाग भरी जिंदगी, अनियमित दिनचर्या और असंतुलित खान-पान है। जो तरह तरह की बीमारियां दे रहा है। इसमें दिल की बीमारियां भी शामिल हैं। जो कई तरह की हैं, लेकिन ज्यादातर लोग हार्ट अटैक से ही परिचित हैं। हार्ट हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। ऐसे में इससे जुड़ी दिक्कतों को गंभीरता से लेना बेहद जरूरी है। जिससे समय रहते आर्ट अटैक जैसी गंभीर समस्याओं से हम खुद और अपनों को बचा सकें। हार्ट अटैक से बचने के लिए पहली जरूरी बात है कि हम उसके कारणों और बचाव के उपयों के बारे में जानें। तो आइए जानते हैं क्यों होती हैं दिल की बीमारियां...

WORLD HEART DAY 29 SEP

SRMS

- संतुलित आहार, नियमित और सक्रिय दिनचर्या से ही दे पाएंगे बीमारियों को मात
- एसआरएमएस में हैं हार्ट संबंधी उपचार की अत्याधुनिक सुविधाएं
- आयुष्मान योजना में भी हो रहा है हृदय की समस्त बीमारियों का इलाज

विश्व हृदय दिवस पर 27 एवं 28 सितम्बर को हो रहा है शिविर
पिछले 20 वर्षों से एसआरएमएस का इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी एवं कार्डियक सर्जरी विभाग प्रत्येक वर्ष विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जनजागरूकता के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन करता रहा है। इस वर्ष भी एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज द्वारा यह शिविर 27 एवं 28 सितम्बर को प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा।
शिविर में वरिष्ठ हृदय विशेषज्ञों द्वारा परामर्श एवं ईसीजी निशुल्क की जायेगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर ईको की जांच मात्र 1000-/ रू में की जायेगी। 256 स्लाइस ड्यूल सोर्स सीटी स्कैन से होने वाली कार्डियक एन्जियोग्राफी पर 20% की छूट भी प्रदान की जायेगी।

क्यों होती है हार्ट की समस्या और दिक्कतें?
बरेली स्थित एसआरएमएस मेडिकल कालेज के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट प्रोफेसर (डॉ.) अमरेश अग्रवाल के अनुसार आजकल लोग आधुनिक और आरामतलब जीवनशैली के प्रभाव में अपने शरीर और उसकी जरूरतों को काफी ज्यादा नजरअंदाज करते हैं। फास्ट-फूड, जंक फूड व शराब का सेवन, ज्यादा फैट वाला मांस, ज्यादा तैलीय खाना आज लोगों की आदत में शामिल हो गया है। साथ ही शारीरिक गतिविधियों में भाग न लेना और जरूरत से ज्यादा तनाव का सीधा असर भी दिल पर पड़ता है। इसके परिणाम काफी खतरनाक होते हैं। कुछ वर्षों से युवा इसकी चपेट में ज्यादा आ रहे हैं। ऐसे में युवा दिलों का थकना भविष्य के लिए ज्यादा खतरनाक संकेत हैं। उन्हें अभी से जागरूक होने की जरूरत है।

डॉ. अमरेश अग्रवाल
डी.एम., कार्डियोलॉजी

क्या है हार्ट संबंधी दिक्कतों की वजह?
जब हार्ट ठीक से पंप नहीं कर पाता है, तो हमें इससे संबंधित बीमारियों से घिरने का खतरा बन जाता है। इसमें कोरोनरी धमनियों में ब्लाकेज हो जाता है। यह ब्लाकेज एक प्रकार के वसा की वजह से होती है। ब्लाकेज से ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है और मस्तिष्क जैसे जरूरी अंगों को पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन नहीं मिल पाता। ब्लाकेज ज्यादा होने पर हार्ट ब्लड को पंप नहीं कर पाता। इसका परिणाम हार्ट की अन्य दिक्कतों के साथ ही हार्ट अटैक के रूप में सामने आता है। इसके साथ ही डायबिटीज, चलने में सांस का फूलना भी हार्ट अटैक की वजह बन सकता है।

क्या हैं हार्ट की समस्याओं के लक्षण?
हार्ट अटैक के लक्षण सभी मरीजों में अलग-अलग होते हैं। कुछ लोगों के सीने में धीमा दर्द उठता है, जबकि कुछ लोगों को एकदम से तेज दर्द होता है। हार्ट अटैक पर किसी को कोई भी लक्षण समझ में नहीं आते हैं, जबकि किसी को कार्डियक अरेस्ट की परेशानी हो जाती है। हार्ट अटैक आने से पहले चेतावनी के तौर पर सीने में हल्का दर्द होता है या सीने में हल्का दबाव महसूस होता है, जो थोड़ा बहुत आराम से सही हो जाता है। चलने या सीढ़ी चढ़ने में सांस फूलना, पसीना आना आदि लक्षण भी अधिकांश तौर पर मरीजों में देखे जाते है जिसको नजर अंदाज करना ठीक नहीं। इससे बचने के लिए नियमित जांच करवाते रहना ज्यादा फायदेमंद है।

उपलब्ध इलाज की सुविधायें
कैथ एन्जियोग्राफी ▪ एन्जियोप्लास्टी ▪ सिंगल/डबल/ट्रीपल चैम्बर पेसमेकर ▪ ए.आई.सी.डी. डिवाइस ▪ बैलून वॉल्वॉटमी ▪ रोटाब्लेशन इन्ट्रावस्कुलर लिथोट्रिप्सी ▪ कार्डियक बाईपास सर्जरी ▪ वॉल्व रिप्लेसमेंट/ रिपेयर सर्जरी ▪ थोरेसिक सर्जरी ▪ वस्कुलर सर्जरी ▪ 24 घंटे कार्डियक इमरजेंसी मैनेजमेंट

प्रशिक्षित विशेषज्ञों की टीम
डा. अमरेश अग्रवाल
एमडी, डीएम (कार्डियोलाजी)
डा. विकास दीप गोयल
एमएस, एमसीएच (सीटीवीएस)
डा. तन्मय अग्रवाल
एमडी, डीएम (कार्डियोलाजी)
डा. अमित वार्ष्णेय
एमडी, डीएनबी (कार्डियोलाजी)

श्री राम मूर्ति स्मारक अस्तपाल, भोजीपुरा, बरेली ✆ 9458705555
ADVT

महिलाओं को सभी सुविधाएं दें

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय महिला अस्पताल में बाहर से जांच कराने और मरीजों को रेफर करने के आरोपों की जांच शुरू हो गई है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की जांच कमेटी ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों से जानकारी जुटाई। हालांकि जांच में आरोपों को लेकर सत्यता नहीं मिली।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के संज्ञान में आने के बाद इसकी सत्यता जांचने के लिए सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने एक कमेटी गठित की। कमेटी ने मंगलवार को महिला अस्पताल पहुंचकर 35 महिलाओं से बातचीत की। जांच में पता चला कि केवल दो महिलाओं की रक्तजांच और एक महिला का अल्ट्रासाउंड बाहर से कराया गया था। सीएमओ ने इस पर निर्देश दिए कि महिला अस्पताल में महिलाओं को सभी सुविधाएं दी जाएं। मंगलवार को सभी वार्ड आया को कमेटी के सामने बुलाया गया, लेकिन एक वार्ड आया अनुपस्थित थी। जांच में पता चला कि वार्ड आया दो दिनों से नहीं आ रही है। इस पर सीएमएस डॉ. उषा ने बताया कि वार्ड आया पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी नर्सेज, वार्ड आया को निर्देशित किया है कि बच्चे का जन्म होने के बाद परिजनों से बधाई स्वरूप कोई भी धन नहीं लिया जाए।

अस्पताल में महिला मरीज से बातचीत करतीं चिकित्सक। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

उत्तराखंड वन विकास निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपते लकड़ी व्यापारी ।

लकड़ी व्यापारियों ने प्रबंध निदेशक को सौंपा ज्ञापन

जसपुर : लकड़ी व्यापार मंडल कल्याण समिति के सदस्यों ने लकड़ी व्यापारियों की समस्याओं को लेकर उत्तराखंड वन विकास निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपा। समिति के सदस्यों ने ज्ञापन में कहा कि बैंक के अवकाश में सार्वजनिक रूप से शून्य काल घोषित किया जाए। लाट की भुगतान राशि का समय पूर्व की भांति 24 दिन और प्लांट का रेंट का समय 45 दिन घोषित किया जाए। भूमि भाडा विक्रय मूल्य पर नहीं बल्कि घन मीटर पर लिया जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष शाहनवाज आलम, हाजी जफर हुसैन, अशरफ तस्लीम, शाहरुख, सलीम अहमद, शराफत हुसैन आदि शामिल रहे।

शांतिपुरी पीएचसी में इमरजेंसी ओपीडी की उठाई मांग

शांतिपुरी : शांतिपुरी की करीब 25 हजार आबादी के लिए बने एक मात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रि इमरजेंसी ओपीडी की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में बीते दिनों क्षेत्र के चारों ग्राम प्रधानों ने एक संयुक्त लिखित ज्ञापन जिला चिकित्साधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में पर्याप्त आवासीय भवन होने के बावजूद रात के समय डॉक्टर व स्टाफ नर्स नहीं होने से चोटिल लोगों और गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा या फिर जिला अस्पताल रुद्रपुर जाना पड़ता है। शांतिपुरी नंबर दो की प्रधान चंद्रकला कोरंगा ने सीएमओ को पत्र लिखकर पीएचसी में 24 घंटे स्थायी नर्स नियुक्त करने की मांग की है। चंद्रकला ने पत्र में बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शांतिपुरी में वर्तमान में काफी समय से स्थाई स्टाफ नर्स की नियुक्ति नहीं हुई है। इस कारण गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी आदि के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। रात के समय इन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस बीच एक डिलीवरी के चलते एक आशा कार्यकत्री की भी रात में दुर्घटना हुई है। विभाग की ओर से वर्तमान में यहां पर मात्र एक स्टाफ नर्स नियुक्त है। मगर उसे डिलीवरी कराने का अनुभव कम है। चूंकि वर्तमान में इस अस्पताल पर 30 से 35 हजार लोग आश्रित हैं। रात के समय किसी की भी तबीयत खराब होने पर उन मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। अत: जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम प्रधानों ने यहां पर कम से कम दो स्टाफ नर्सों व एक डॉक्टर की नियुक्ति कराने की मांग की है।

बसपा ने निकाय चुनाव की तैयारी शुरू की

काशीपुर : बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश में होने वाले आगामी निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए काशीपुर में बसपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बीआर धोनी के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें आगामी निकाय चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। मंगलवार को आयोजित बैठक में बीआर धोनी ने कहा कि नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत की तैयारी को लेकर हर गांव शहर में बैठक रखी जाए। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के निर्देश कार्यकर्ताओं को दिए गए। इस दौरान बैठक में प्रदेश महासचिव भुवन चंद आर्य, नंद गोपाल गौतम, प्रदेश महासचिव विनोद कुमार गौतम, जिला अध्यक्ष राजेश कुमार, गौतम, शमसुद्दीन अख्तर, महानगर अध्यक्ष डॉ. एमए राहुल, सलीम अंसारी, वसीम अहमद, आसिफ, फिरोज अली, चरणजीत सिंह, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

वाहन चालकों को हेलमेट पहनाते कोतवाल जगदीश ढकरियाल । ● अमृत विचार

एक दर्जन वाहनों का चालान किया, हेलमेट भी बांटे

जसपुर : वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कोतवाल जगदीश ढकरियाल ने करीब एक दर्जन वाहनों का चालान किया तथा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए। कोतवाल ने कहा कि कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

बाजपुर में रेलवे विभाग से जुड़े विभिन्न सुझावों पर चर्चा करते समिति के सदस्य।

रेलवे विभाग से जुड़े विभिन्न सुझावों पर चर्चा

बाजपुर : बाजपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को स्टेशन-परामर्शदात्री समिति के सदस्यों की बैठक हुई। इसमें रेलवे विभाग से जुड़े विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई। इसमें यात्रियों की संख्या को देखते हुए काशीपुर स्टेशन से चलने वाली ट्रेन में और कोच बढ़ाने, समपार संख्या 21(एसपीएल) बीपीजेड-जीवीबी के मध्य स्थित समपार पर ओवरब्रिज निर्माण, प्लेटफार्म संख्या-1 से प्लेटफार्म-2 की तरफ जाने के लिए फुट ओवरब्रिज का निर्माण, बाजपुर स्टेशन पर जीआरपी चौकी का निर्माण एवं कैमरे लगवाने, सुरक्षा की दृष्टि से सभी रेल पटरियों को हाइटेक कैमरों से लैस करवाने आदि सुझाव दिए गए। इस मौके पर रेल अधिकारी सचिन अग्रवाल, एसएस जसराम मीना, बिट्टू चौहान, नरेंद्र चौधरी, जीत कौर, पप्पू कोहली आदि मौजूद रहे।

किसानों ने उठाई पीआर-126 धान को खरीदने की मांग

डीएम ने राइस मिलर और किसानों के साथ की बैठक, राइस मिलरों ने कहा- जल्द हो बकाया धान का भुगतान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: धान खरीद की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने विभागीय अधिकारियों, किसानों व राइस मिलर्स पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर से धान खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर लें।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों के धान का समय से भुगतान करने के निर्देश राइस मिलर्स को दिए। लीज, स्टाम्प, ठेके पर लगायी गयी धान की फसल को खरीदने के लिए समय से पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए शासन स्तर पर वार्ता करने के लिए आरएफसी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राइस मिलर्स द्वारा किसानों से मानक के अतिरिक्त धान की किसी प्रकार की कटौती न की जाए।

किसानों ने पीआर-126 धान को क्रय केंद्रों पर खरीदने की मांग रखी। जिलाधिकारी ने आरएफसी को शासन स्तर पर वार्ता कर समाधान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान किसान संगठन के पदाधिकारियों ने समय से धान खरीद प्रारंभ करने, नमी के मानकानुसार कटौती करने, किसानों को समय से धान का भुगतान करने, लीज, स्टॉम्प, ठेके पर ली गयी भूमि पर लगायी गयी धान की फसल की खरीद के लिए समय से पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल को खोले जाने, स्थानीय किसानों के पहले धान खरीदने की मांग रखी।

इस दौरान राइस मिलर्स के पदाधिकारियों ने पिछला भुगतान दिलाने, अतिरिक्त गोदाम की व्यवस्था करने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने 10 दिन के भीतर अतिरिक्त गोदाम की व्यवस्था करने के निर्देश आरएफसी को दिए। आरएफसी ने बताया कि मिलर्स को 97 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है, शेष जल्द ही भुगतान कर दिया जायेगा। राइस मिलर्स के पदाधिकारियों ने धान की कुटाई का पैसा बढ़ाने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने आरएफसी को शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राइस मिलर्स को कहा कि मिल में धान तौल का चार्ज न लिया जाए।

राइस मिलरों और किसानों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

एजेंसियां क्रय केंद्र पर लगाएं फ्लैक्सी

रुद्रपुर : जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद की पूरी मॉनिटरिंग की जाएगी। सभी क्रय एजेंसियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्रय केंद्रों में एजेंसी के नाम का फ्लैक्सी लगवाएं एवं उस पर संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी का नाम, मोबाइल नंबर, संबंधित क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों का नाम व मोबाइल नंबर व टोल फ्री नंबर भी अंकित करें। ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या होने पर वार्ता कर समाधान कर सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी क्रय केंद्रों पर पंखा, नमी मापक यंत्र, कांटा, पीने के लिये पानी आदि सभी आवश्यक व्यवस्था की जाए।

जसपुर के किसान बोले- दो अतिरिक्त क्रय केंद्र खोले जाएं

रुद्रपुर। जसपुर के किसानों ने दो अतिरिक्त धान क्रय केंद्र खोलने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि संसाधन की व्यवस्था के आधार पर धान क्रय केंद्र बढ़ाया जाएगा। सितारगंज के किसानों ने मंडी में बिचौलियों द्वारा कम दामों में धान खरीद को रोकने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने उप निदेशक मंडी को निर्देश दिए कि किसानों का किसी प्रकार का नुकसान न हो इसके लिए सभी मंडी निदेशकों को निर्देश दिए।

कॉमन धान 2300 रुपये और ग्रेड ए धान 2320 रुपये प्रति क्विंटल में खरीदेंगे

अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि जनपद में 1 अक्टूबर से प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक धान क्रय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2300 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड ए धान 2320 रुपये प्रति क्विंटल है।

ये लोग रहे मौजूद

आरएफसी बीएस फिरमाल, उप निदेशक मंडी निर्मला बिष्ट, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, सहायक निबंधक सहकारी समितियां सुमन कुमार, अध्यक्ष राइस मिलर्स एसोसिएशन नरेश कंसल, किसान जगरूप सिंह गिल, संतोख सिंह, बलविंदर सिंह, विक्रम जीत सिंह, जगदीश सिंह समेत संबंधित विभागीय अधिकारी, किसान व राइस मिलर्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरे पुत्र आर्मी नंबर 4202246A LNK SANDEEP KUMAR के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रामानंद RAMANAND दर्ज है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम रामा नन्द RAMA NAND है। अतः मेरे पुत्र के आर्मी दस्तावेजों में मेरा नाम रामा नन्द RAMA NAND दर्ज कर दिया जाये। - **RAMA NAND पुत्र श्री चंदीराम, रेवाड़ी, हरियाणा।**

सूचना

मेरे ड्राईविंग लाईसेन्स U K - 0419720050712 में मेरा नाम भूलवश रघुवीर सिंह दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम सुरजीत सिंह है। - **सुरजीत सिंह पुत्र स्व. श्री नानक सिंह, आवास विकास, भोटिया पड़ाव, हल्द्वानी (नैनीताल)।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी बीएएलएलबी वर्ष 2019-20 रोल नंबर 181291402099 की मार्कशीट (इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज रुड़की) दिनांक 10-09-2024 को कहीं खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। - **वीर सिंह गौतम पुत्र श्री भस्सू सिंह, मोहल्ला भूप सिंह, जसपुर, ऊधम सिंह नगर।**

ससुराल में मिला युवक का शव

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: जनपद बरेली के ग्राम भुड़िया कॉलोनी निवासी युवक का शव टैगोर नगर में उसकी ससुराल में संदिग्ध हालात में मिला।

सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद बरेली थाना बहेड़ी के ग्राम भुड़िया कॉलोनी निवासी गौतम मंडल (35) पुत्र गोपाल मंडल की ससुराल शक्तिफार्म के टैगोर नगर में है। मंगलवार को गौतम मंडल का शव उसकी ससुराल में बनी गौशाला में मिला। शव गौशाला के अंदर भूसे के ऊपर रखा था। इसके बाद ससुरालियों ने मृतक के घर भुड़िया कॉलोनी में सूचना दी। सूचना पर मृतक के पिता गोपाल मंडल, बड़ा भाई गौरांग मंडल, मृतक की पत्नी अमेला मंडल सहित रिश्तेदार व कई ग्रामीण टैगोर नगर पहुंचे। मृतक के बड़े भाई गौरांग मंडल ने बताया कि उसके छोटे भाई गौतम की भुड़िया कॉलोनी बाजार में खाद की दुकान है। सोमवार शाम करीब 7:15 बजे तक गौतम दुकान पर ही था तथा रात को घर नहीं पहुंचा। मंगलवार को सूचना मिली कि उसके भाई का शव शक्तिफार्म के टैगोर नगर में उसकी ससुराल में मिला है। सूचना पर एसआई सुरेंद्र बोरा पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने भी मौके पर पहुंच कर ससुरालियों से पूछताछ की। कोतवाल ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का पता चल पाएगा।

रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ युवक का शव

खटीमा : पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे से बरामद किया है। मृतक की शिनाख्त बगुलिया निवासी जोगेंद्र कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। बड़ी बगुलिया निवासी जोगेंद्र कुमार (35) पुत्र रघुबीर सोमवार को खेतलसंडा खाम में मजदूरी करने गया था। देर शाम को जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन ग्रामीणों के साथ खेतलसंडा गांव पहुंचे। जहां पता चला कि जोगेंद्र 11 बजे ही रेलवे लाइन के किनारे से अपने घर की ओर चला गया। परिजन रेलवे लाइन के किनारे उसकी तलाश कर रहे थे। इसी बीच रेलवे स्टेशन के विपरीत दिशा में रेलवे ट्रैक के किनारे उसे पड़ा देखा। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। बडे भाइयों में सतेन्द्र, विरेन्द्र व सुरेन्द्र हैं। सभी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। मृतक जोगेंद्र अविवाहित था, वह राजमिस्त्री (पीओपी) का काम करता था। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

तीन मंदिर की गुल्लक उठा ले गए चोर

बाजपुर : नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग किनारे ग्राम भट्टपुरी में स्थित तीन मंदिर की गुल्लक चोर चढ़ावा समेत उठा ले गए। घटना की लिखित तहरीर पुलिस चौकी बरहैनी में दी गई है। लोकतंत्र सेनानी भाजपा नेता गोपाल कोच्छड़ व मंदिर के मुख्य पुजारी रोताश शर्मा ने बताया कि बीते दिनों मंदिर में जाहरवीर बाबा का मेला लगा था जिसके चलते अनुमानित कम से कम 15 हजार रुपये चढ़ावा रहा होगा। घटना 22 सितंबर की देर रात 10 बजे के बाद की बताई जा रही है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी हासिल की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों आदि के माध्यम से चोरों की तलाश कर रही है।

TEACHER REQUIRED
TGT English,
TGT English/S.St.
Urgently send your resumé
on WhatsApp No.
7900418021

शारदा में डूबे हवलदार की तलाश जारी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: शारदा नहर में पानी पीते समय पैर फिसलने से जनेक्स बीएसएफ से सेवानिवृत हवलदार नहर में गिर गए। पुलिस व जल पुलिस आज पूरे दिन तलाश करती रही लेकिन सफलता नहीं मिली। हवलदार की तलाश बुधवार को भी जारी रहेगी।

मनोज सिंह खनका।

महत गांव चकरपुर निवासी बीएसएफ हवलदार मनोज सिंह खनका (48) पुत्र होशियार सिंह खनका सोमवार की देर शाम खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। टहलने के दौरान वह लाल कोठी स्थित शारदा नहर में पानी पीने के लिए गए। इसी बीच उनका पैर फिसल गया और वह शारदा नहर में गिर गए। नहर किनारे खड़े एक युवक ने उन्हें नहर में गिरते देख लिया। जब वह उन्हें बचाने के लिए नहर की ओर दौड़ा तो वह तेज बहाव में बहने लगे। उधर, सूचना पर एसएसबी के जवान रस्सी लेकर घटना स्थल पर पहुंच गए। नहर में डूबे हवलदार का मोबाइल व चार्जर नहर के किनारे मिला। मोबाइल से फोन कर परिजनों को सूचित किया गया। साथ ही चकरपुर पुलिस चौकी प्रभारी प्रियाशु जोशी को भी सूचना दी गई। सूचना पर चौकी प्रभारी जोशी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। टार्च की रोशनी में नहर के किनारे काफी खोजबीन की गई। अंधेरा व नहर के किनारे काफी घना कोहरा होने के कारण तलाश अभियान में सफलता नहीं मिल पाई। मंगलवार को पुलिस ने सुबह से नहर के किनारे सर्च अभियान चलाया लेकिन सफलता नहीं मिली। चौकी प्रभारी जोशी ने नानकमत्ता से जल पुलिस की टीम मंगाई गई है। जल पुलिस की टीम ने मोटर वोट से शारदा नहर में सर्च अभियान चलाया।

रोष परिसर में धरना प्रदर्शन कर उठाई छह मांगें, कोतवाल-एसएनए ने समझाने का किया प्रयास

आंबेडकर पार्क की दुर्दशा पर भड़के लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आंबेडकर पार्क की दुर्दशा पर भड़के अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने हंगामा काटते हुए धरना प्रदर्शन किया। इसकी सूचना मिलते ही एसएनए और कोतवाल मौके पर पहुंचे और समझाने की कोशिश की। दलित समुदाय ने छह सूत्रीय मांगें पूर्ण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

मंगलवार को भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा और व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित बड़ी संख्या में दलित समाज के लोगों ने आंबेडकर पार्क में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान धरना स्थल पहुंचीं उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने समझाने की कोशिश की। समुदाय के लोगों ने निगम प्रशासन से पार्क में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की बड़ी प्रतिमा लगाने, पार्क में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, विद्युत पोल लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने, जर्जर पार्क का सौंदर्यीकरण करने, परिसर में लगी ठेलियां बाहर करने, मुख्य गेट पर ताला लगाकर ठेली-बड़ी गाड़ियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आगाह किया कि यदि छह सूत्रीय मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद रंजीत सागर, दीपक सागर, जितेंद्र सागर, राजेंद्र कुमार, कांति देवी, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, राजकुमार सागर, चंद्रसेन कोली मौजूद रहे।

आंबेडकर पार्क में भाजपा प्रदेश मंत्री एवं व्यापार नेता के साथ धरना देते दलित समाज के लोग। ● अमृत विचार

ट्रेन हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

पंतनगर : एक सप्ताह पूर्व पंतनगर रेलवे स्टेशन पर हुए एक ट्रेन हादसे में घायल महिला ने सोमवार की रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया, जिसकी शाम को गमगीन माहौल में अंत्येष्टि कर दी गई। नगला गेट पर मछली बेचने वाला सुभाष पाल स्वतंत्रता सेनानी ग्राम जवाहर नगर के कृष्ण विहार कॉलोनी में मकान बनाकर सपरिवार रहता है। बीती 16 सितंबर को वह, उसकी पत्नी पूजा पाल (35) और एक बेटा व बेटी बाजपुर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने सुबह पौने आठ बजे पंतनगर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। बरेली सिटी से आई यात्री गाड़ी संख्या 05351 प्लेटफार्म नंबर-दो पर पहुंची थी। सुभाष और उसके बच्चे प्लेटफार्म पर पहुंच चुके थे, लेकिन पत्नी पूजा रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन के इंजन की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गई। परिजनों ने उसे एंबुलेंस से एसटीएच हल्द्वानी में भर्ती कराया, जहां उसका लगभग एक सप्ताह से इलाज चल रहा था।

HINDUJA HOUSING FINANCE

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हलद्वानी-263132

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम-पंकज सिंह चौधरी-7081828333, सीएलएम- श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम- जनेश्वर प्रसाद-9917778324

सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

क्र. सं.	कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता	मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि	बकाया राशि	अचल सम्पतियों का विवरण
1	आवेदन नं. UP/HDW/HDWN/A000000394 **रवीन्द्र सिंह और श्रीमती किरनजीत कौर, दोनोंः** दोपहरिया किच्छा, किच्छा, सेमीअर्बन किच्छा, उत्तराखंड भारत – 263148	06-05-2024 / 20-09-2024 सांकेतिक	₹ 16,80,826/- दिनांक 06-04-2024 तक + ब्याज इत्यादि	1, गाटा संख्या 17 और 18, मकान संख्या X-12, क्षेत्रफल 700 वर्ग फीट अर्थात 65.03 वर्ग मी., कवर्ड क्षेत्रफल 60.39 वर्ग मी., शारदा एन्क्लेव, डिबडिबा, बिलासपुर, भानु प्रताप मेमोरियल स्कूल, रामपुर, उत्तर प्रदेश - 244921, चौहद्दीः उत्तर में - खाली प्लॉट, दक्षिण में - 28 फीट रोड, पूरब में - प्लॉट सं. X-11, पश्चिम में - प्लॉट सं. I-2 पर हरपाल सिंह का मकान
2	आवेदन नं. UP/HDW/STGJ/A000000093 **श्री अमित कुमार गुप्ता और श्रीमती पिंकके गुप्ता, दोनों निवासीः** साधु नगर रोड सिसईखेड़ा शिव मंदिर के पास दोहरा सितारगंज, सितारगंज मंदिर, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405	06-05-2024 / 21-09-2024 सांकेतिक	₹ 20,65,771/- दिनांक 06-04-2024 तक + ब्याज इत्यादि	1, खसरा नं. 60 मिन, क्षेत्रफल 630 वर्ग फीट अर्थात 58.53 वर्ग मी., कवर्ड एरिया 102.19 वर्ग मी., वार्ड नं. 7, रामपुरा, सितारगंज, मेन मार्केट, सितारगंज, उत्तराखंड-262405, चौहद्दीः उत्तर में - जलीस की संपत्ति, दक्षिण में - रोड, पूरब में - मकान, पश्चिम में - शफीक अहमद, पश्चिम में - नईम का मकान
3	आवेदन नं. UP/HDW/STGJ/A000000137 **श्री गुरविंदर सिंह**, निवासी टुकरी टिकुरी नानकमत्ता सितारगंज नानकमत्ता, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तरः 262311 **उधारकर्ता श्रीमती सुखमीत कौर**, निवासी – बिदौरा सितारगंज सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405	06-05-2024 / 20-09-2024 सांकेतिक	₹ 10,75,963/- दिनांक 06-04-2024 तक + ब्याज इत्यादि	1, खसरा नं. 60 मिन, क्षेत्रफल 2121 वर्ग फीट अर्थात 197.05 वर्ग मी., कवर्ड एरिया 137.93 वर्ग मी., वार्ड नं. 7, रामपुरा, सितारगंज, उत्तराखंड 262405, वार्ड नं. 7, रामपुरा, सितारगंज, मेन मार्केट, सितारगंज, उत्तराखंड - 262405, चौहद्दीः उत्तर में - सतपाल सिंह का प्लॉट दक्षिण में - पान सिंह व अन्य की भूमि, पूरब में - 20 फीट सड़क पश्चिम में - 20 फीट सड़क
4	आवेदन नं. UP/HDW/RDRP/A000000281 & UP/UDA/RUDR/A000000032 **श्री राजेश सिंह दरियाल** मसवासी रामपुर सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश भारत–244925 **श्रीमती शंकुंतला देवी** इदरियाल मसवासी रामपुर सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश भारत–244925	06-05-2024 / 20-09-2024 सांकेतिक	₹ 29,28,221/- दिनांक 06-04-2024 तक + ब्याज इत्यादि	1, गाटा सं. 202, क्षेत्रफल 5026 वर्ग मी. अर्थात 329.8 वर्ग मी., क्षेत्रफल 466.93 वर्ग मी., गांव-जटपुरा, मसवासी, टांडा - दरियाल रोड, दरियाल मुस्तकीम, टांडा, रामपुर, उत्तर प्रदेश 244925, टांडा मु, चौहद्दीः उत्तर में - प्रेम सिंह का प्लॉट, दक्षिण में - सरोज देवी का प्लॉट, पूरब में - रोड, पश्चिम में - रामपाल सिंह का प्लॉट
5	आवेदन नं. UP/ HDW/HDWN/A000000379 & CO/CPC/CPOP/A000000563 **श्री मोहम्मद नसरुद्दीन एवं श्रीमती चांद तारा बेगम, दोनोंः** ब्लॉक कॉलोनी वार्ड नंबर 5 गदरपुर, गदरपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263152	31-08-2023 / 20-09-2024 सांकेतिक	₹ 22,90,711/- दिनांक 16-09-2023 तक + ब्याज इत्यादि	गाँव-बराखेड़ा, तहसील-गदरपुर, जिला यू.एस. नगर, पी. एस.-बाजपुर, पी.एस. सं. एन.ए. खाता सं. 152 खसरा सं. 38एस केएचए मिन, क्षेत्रफल 35 X 50- 176O वर्ग फीट/162.64 वर्ग मी., प्लॉट/फ्लैट सं. एन/ए सब-रजिस्ट्रार + जिला-बाजपुर, जिला यू.एस. नगर, चौहद्दीः उत्तर में - अली मोहम्मद की संपत्ति, दक्षिण में - नाला और रास्ता, पूरब में - नूर मोहम्मद का मकान, पश्चिम में - अख्तर की संपत्ति
6	आवेदन नं. UP/HDW/HDWN/ A000000392 **श्री जितेंद्र सिंह और श्रीमती सुरेंद्र कौर, दोनोंः** वार्ड नं. 1 गदरपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263152	25-03-2024 / 20-09-2024 सांकेतिक	₹ 12,30,104/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि	ग्राम बराखेड़ा, तहसील-गदरपुर, जिला यू.एस. नगर, पी. एस. - गदरपुर, खसरा संख्या-645 मिन, क्षेत्रफल 30 X 60=1800 वर्ग फीट/167.286 वर्ग मी. उप-रजिस्टर, + जिला-बाजपुर, जिला यू.एस. नगर, चौहद्दीः उत्तर में - रास्ता, दक्षिण में - रास्ता, पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति, पूरब में - विक्रेता की संपत्ति
7	आवेदन नं. UP/HDW/STGJ/A000000085 **श्रीमान मोहम्मद आरिफ और श्रीमती नूरजहाँ, दोनोंः** नया गाँव नकहा किच्छा, सेमीअर्बन, किच्छा, उत्तराखंड, भारत – 263148	25-03-2024 / 21-09-2024 सांकेतिक	₹ 9,22,337/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि	ग्राम भगौरी, तहसील-सितारगान, जिला यू.एस. नगर - सितारगंज पी.एस. पी.एस. नंबर खेत/मकान/खसरा नं. 251मिन, क्षेत्रफल 34 X 50/157.99 वर्ग मी. और 99.25 रनिंग मीटर की चार दीवारी, प्लॉट/फ्लैट नं. -एन/ए सी सब-रजिस्ट्री + जिला-सितारगंज, जिला यू.एस. नगर, चौहद्दीः उत्तर में - नहर, दक्षिण में - विक्रेता की संपत्ति, पूरब में - रास्ता 18 फीट, पश्चिम में - गूल

दिनांक : 24-09-2024, स्थान : हल्द्वानी

प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

एक नजर

ऑटो लिफ्टरों ने फिर चोरी कीं दो बाइकें

रुद्रपुर : कोतवाली इलाके में बाइक चोरी की घटना रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। घटना को अंजाम देते हुए ऑटो लिफ्टर गैंग ने दो बाइकों को चुराकर पुलिस को चुनौती दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मिलक मुंडी बिलासपुर निवासी पूरन सिंह ने बताया कि वह अपनी बाइक संख्या यूपी-33 एई-7520 को लेकर 16 सितंबर की दोपहर एक बजे रुद्रपुर सिविल लाइन दवाई लेने आया था। बाइक को लॉक कर बाहर खड़ी कर दी थी। थोड़ी देर बाद जब लौटा बाइक चोरी हो चुकी थी। इसके अलावा थाना ट्रांजिट कैंप शिमला बहादुर निवासी गौरी शंकर ने बताया कि वह चार सितंबर की रात्रि दस बजे बाइक संख्या यूपी-25 सीएम-4613 को लेकर शिमला बहादुर स्थित ट्रांसपोर्ट कार्यालय गया था और बाइक को कॉल करके खड़ी कर दी। पांच सितंबर की शाम को लौटा तो बाइक गायब थी।

युवक पर धारदार हथियार से किया हमला, घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप में बाइक सवार एक युवक पर घात लगाकर कुछ युवकों ने प्राणघातक हमला कर दिया। धारदार हथियार से हमला कर युवक को मरा समझ हमलावर फरार हो गए। घायल को आनन-फानन में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसके शरीर पर 17 टांके लगाए गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बगवाड़ा निवासी राजीव गुप्ता ने बताया कि 22 सितंबर की शाम आठ बजे वह अपने दोस्त आकाश को बाइक पर छोड़ने कृष्णा कॉलोनी ट्रांजिट कैंप गया था। तभी घात लगाकर गणेश निवासी फुलसुंगी सुख सागर विहार कालोनी, सन्नी, देवू, रिंकू, कृष्णा और कृष, विष्णु सागर सहित तीन अज्ञात हमलावर निवासी ने तलवार कापा, गुप्ती, लोहे की रॉड से जानलेवा हम ला बोल दिया और सिर पर कई बार धारदार हथियार मारकर लहूलुहान कर दिया।

आरोप था कि हमलावर मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में दोस्त उठाकर जिला अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान घायल के शरीर पर कितने घाव थे कि डॉक्टरों को 17 टांके लगाने पड़े। घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसएसपी ने अधीनस्थों के साथ रात में की मीटिंग, थाना ट्रांजिट कैंप में व्यवस्था की ली जानकारी, दिए निर्देश

रात एक बजे कप्तान को थाने में देख मचा हड़कंप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सोमवार की आधी रात को एसएसपी को थाने में देख थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सभी अधिकारी-कर्मचारियों का आने का दौर शुरू हो गया। इस दौरान एसएसपी ने थाना परिसर में ही रात्रि एक बजे अधीनस्थों के साथ मीटिंग की और कार्यशैली की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं को जाना।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सभी उपनिरीक्षक को आदेशित किया कि लंबित विवेचनाओं का तत्काल निदान करें और चार्जशीट दाखिल कर धरपकड़ की कार्रवाई शुरू करें। इसके अलावा थाने में आने वाले पीड़ितों की सुनवाई और मामलों के निदान के प्रति गंभीर रहें। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों को सजगता के साथ जांच करें। मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ मुहिम चलाकर नशे को समाप्त करने का प्रयास करें।

थाना ट्रांजिट कैंप में रात्रि एक बजे बैठक करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अक्सर आपराधिक वारदात रात्रि के वक्त ही होते हैं। इसके अलावा रात्रि गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाते हुए प्रभावी कदम उठाएं। ताकि वारदातों पर नियंत्रण किया जा सके। इसके अलावा थाना इलाके के सभी कबाड़ गोदाम संचालकों का सत्यापन किया जाए। इस अवसर पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर, थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

दरोगा प्रकरण में बैठकों का दौर शुरू, आंदोलन की तैयारी

कई किसान संगठनों ने शुरू किया संपर्क, तय किया गया कि पांच दिन बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो बनेगी आंदोलन की रणनीति

बैठक करते किसान संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी द्वारा अमर्यादित प्रकरण में तराई किसान यूनियन और भारतीय किसान यूनियन ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। साथ ही समुदाय से संपर्क साधने की मुहिम चला दी है। निर्णय लिया कि पांच दिन का समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो ऐतिहासिक आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

मंगलवार को तराई किसान यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क, भाकियू के गुरसेवक सिंह मोहर, भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा के अलावा एकता उगरहां के बल्ली सिंह चीमा की मौजूदगी में एक बैठक हुई।

रोष

25 सितंबर को एसपी सिटी से मुलाकात करेगा शिष्टमंडल

चर्चा हुई कि जिस प्रकार धामी सरकार के दबंग आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल ने सिख युवक के साथ अमर्यादित व्यवहार किया है। बावजूद पुलिस प्रशासन ने लाइन हाजिर कर मामले को दबाने का प्रयास किया है, जबकि गल्ला मंडी बैठक के दौरान एसपी सिटी द्वारा मामले की जांच कर 25 सितंबर तक कार्रवाई का आश्वासन दिया था। बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 सितंबर को शिष्टमंडल एसपी सिटी से मुलाकात करेगा और जांच व कार्रवाई की प्रगति संबंधी जानकारी जुटाएगा। बावजूद निलंबन की कार्रवाई नहीं हुई तो ऐतिहासिक आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह जीतू, जसवीर सिंह उत्पल, रणजीत सिंह राणा, जगीर सिंह, ठाकुर जगदीश सिंह, नवतेज पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

दरोगा प्रकरण में एसएसपी को ज्ञापन देते पर्वतीय समाज के लोग। ● अमृत विचार

दरोगा के पक्ष में आए पर्वतीय समाज के लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी द्वारा सिख युवक के साथ अमर्यादित व्यवहार करते हुए हाथापाई प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। इसको लेकर पर्वतीय समाज के लोगों ने एसएसपी को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच का मुद्दा उठाया। वहीं बिना किसी दबाव में तफ्तीश की मांग की। उन्होंने कहा कि युवक के साथ हाथापाई या फिर अमर्यादित व्यवहार का मामला एक सामान्य घटना थी। आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी अपनी ड्यूटी कर रहा था। उन्होंने आगाह किया कि यदि दबाव में कार्रवाई हुई तो पर्वतीय समाज आंदोलन करेगा।

मंगलवार को पर्वतीय समाज का एक शिष्टमंडल एसएसपी कैंप कार्यालय पहुंचा। जहां उन्होंने एसएसपी मणिकांत मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि विगत दिनों वाहन चेकिंग के दौरान आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल ने यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर बाइक सवार दो युवकों को रोका था। जब युवकों ने बाइक रोकने का विरोध किया तो चौकी प्रभारी ने सख्ती दिखाई। जिस प्रकार सोशल मीडिया पर सामान्य सी घटना को धार्मिक भावनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया, वह निंदनीय है। ऐसे में दरोगा प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्दबाजी में कार्रवाई हुई तो पर्वतीय समाज आंदोलन को बाध्य होगा। इस अवसर पर कमलेंद्र सेमवाल, जीएस पटवाल, कुंवर सिंह नेगी, बबलू भट्ट, दिनेश बम, धीरज गोस्वामी, एलडी जोशी, सतीश ध्यानी, सतीश लहरी, भूपाल सिंह रावत, अनिल खत्री आदि मौजूद रहे।

प्रॉपर्टी डीलर को हिंदू युवा वाहिनी कार्यालय में पीटा

अपहरण का मामला

प्रॉपर्टी डीलर राजू ने लगाया आरोप, प्रॉपर्टी विवाद का है मामला, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप में प्रॉपर्टी डीलर के अपहरण का प्रयास नहीं, बल्कि अपहरण कर हिंदू युवा वाहिनी कार्यालय में ले जाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि कार्यालय में उसके मारपीट की गई और प्रॉपर्टी विवाद से हटने का दबाव बनाया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जनपथ रोड निवासी राजू ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर का कार्य करता है। 22 सितंबर की शाम को वह एक ग्राहक को जेपी नगर प्लॉट दिखाने गया था। तभी वहां सुमित नाम का एक व्यक्ति आया और प्लॉट खरीद लेने की बात कही। कोई कागजात नहीं दिखाने के बाद आरोपी ने हाथापाई शुरू कर दी और साथियों को बुलाकर मारपीट की।

वहां से मामला निपटने के बाद जब वह 23 सितंबर की दोपहर के वक्त तहरीर देकर थाना ट्रांजिट कैंप से निकल रहा था। अचानक नारायण कॉलोनी के समीप कार संख्या बीआर एचजी 7327 में आठ युवक व छह युवक बाइक से आये और घेरकर हाथापाई कर जबरन कार में डालकर हिंदू युवा वाहिनी कार्यालय ले गए। जहां उसको बेरहमी से पीटने के बाद प्लाट विवाद से हटाने का दबाव बनाया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट

बाजपुर : जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई, इसमें जमकर लाठी-डंडे चले। घटना में एक युवक के चोटें आई हैं जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम भीकमपुरी बन्नाखेड़ा निवासी बलविंदर सिंह (32) पुत्र सोवन सिंह का पड़ोस के ही कुछ लोगों से जमीनी विवाद चल रहा है। इसको लेकर उनमें रंजिश चल रही है। मंगलवार की सुबह 9 बजे दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई जिनमें बात बढ़ी तो मारपीट होने लगी। घटना में बलविंदर सिंह के काफी चोटें आई हैं जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि बलविंदर सिंह के घर के पीछे स्थित जमीन को लेकर पड़ोसियों से विवाद चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

तीन दिन में सत्यापन के दिए निर्देश

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा दिए दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के नेतृत्व में एसआई लोकेश रावत ने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्क्रैप का कारोबारियों को तीन दिन का समय देते हुए अपनी दुकानों में कार्य कर रहे श्रमिकों व बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन करवाने एवं दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए।

मंगलवार को थाना परिसर में थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्क्रैप के कारोबारियों की एसआई लोकेश रावत ने बैठक ली। उन्होंने स्क्रैप के कारोबारियों को तीन दिन का समय देते हुए दुकान पर कार्य कर श्रमिकों व बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन करवाने एवं अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। एसआई रावत ने कहा संदिग्ध व्यक्ति द्वारा कोई सामान बेचने पर इसकी सूचना पुलिस को देने, चोरी का सामान न खरीदने की हिदायत दी। रावत ने स्क्रैप का सामान बेचे वाले व्यक्ति का विवरण रखने एवं किसी भी दुकान व फड़ पर चोरी का सामान पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बैठक में स्क्रैप यूनियन अध्यक्ष आरिफ, सलीम मियां, परन मिस्त्री, जुनेज अंसारी, राजा अब्बास, अनवर अली, भूरा अली, आजम अंसारी, शराफत अली सहित दर्जनों स्क्रैप के कारोबारी मौजूद थे।

दिनेशपुर में स्क्रैप के कारोबारियों की बैठक लेते एसआई लोकेश रावत। ● अमृत विचार

संदिग्ध परिस्थितियों में पेंटर की मौत, खेत में मिला शव

काशीपुर: काशीपुर पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास स्थित एक खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में घायल युवक को काशीपुर के एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मंगलवार को आनंद (35) पुत्र राधेश्याम निवासी गड्ढा कॉलोनी पॉलीटेक्निक के पीछे एक खेत में गिर गया था। उसके परिचित कुछ युवकों ने उसे देखा, तो उसे अचेत अवस्था में सरकारी अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया और पंचनामा भरा गया। मौके पर पहुंचे युवक के परिजनों ने बताया कि वह दोपहर करीब साढ़े 12 बजे घर से निकला था। उसके बाद करीब तीन बजे उसे अस्पताल लाने की सूचना मिली। बताया कि युवक पेंटर था। वह शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। बताया कि युवक नशे का भी आदी था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। युवक के सिर पर पीछे चोट का निशान है। इससे मामले को संदिग्ध माना जा रहा है।

स्कूटी सवार महिला से लूटी सोने की चेन

रुद्रपुर: कोतवाली इलाके में स्कूटी सवार एक महिला से सोने की चेन लूटने का मामला सामने आया है। आरोप था कि बाइक पर सवार दो युवक ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। गांव दानपुर निवासी पूरन सिंह रावत ने बताया कि वह अपनी पत्नी सरोज रावत के साथ तीन पानी स्थित एक प्राइवेट अस्पताल गया था। इस बीच जब वह लकड़ी की टाल ठंडी सड़क पर पहुंचा। तभी अचानक बाइक पर सवार दो युवकों ने पत्नी के गले से सोने की चेन लूट ली। इस दौरान पत्नी चलती स्कूटी से गिरते-गिरते बची। शोर मचाने पर बाइक सवार फरार हो चुके थे। शिकायतकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है।

विवाद ज्ञापन लेकर लौट रहे थे कॉलोनी के लोग, एडीएम बोले- अवैध कॉलोनी का है मामला

कॉलोनी को लेकर एडीएम व कांग्रेस नेता में झड़प

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कॉलोनी की जर्जर सड़क को लेकर सीडीओ को ज्ञापन देकर लौट रहे कांग्रेस नेता व एडीएम के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। इस दौरान एडीएम ने हिदायत देते हुए कहा कि जिस कॉलोनी में रह रहे हो वह अवैध कॉलोनी है। एडीएम और कांग्रेस नेता की बहस चर्चा का विषय बन गई।

फुलसुंगा इलाके में फेस दो में जर्जर सड़क, जलभराव और प्रकाश व्यवस्था को लेकर कांग्रेस नेता रामकृष्ण प्रसाद सैनी आंदोलित हैं। जिसको लेकर कांग्रेस नेता ने आठ सितंबर को भी एमएनए सहित अधिकारियों को ज्ञापन देकर मुद्दा उठाया था। मंगलवार को भी कांग्रेस नेता रामकृष्ण प्रसाद स्थानीय लोगों के साथ डीएम की गैरमौजूदगी में सीडीओ को ज्ञापन देकर लौट रहे थे। अचानक एडीएम पंकज उपाध्याय से आमना-सामना हो गया। पूछे जाने पर एडीएम आगबबूला हो गए। उन्होंने कहा कि जिस कॉलोनी का मुद्दा उठाने आए हो वह अवैध कॉलोनी है।

नोकझोंक के दौरान एडीएम को हाथ जोड़कर समझाने की कोशिश करते कॉलोनी के लोग।

इसके बाद कांग्रेस नेता और एडीएम के बीच तीखी नोकझोंक होने लगी। उनका कहना था कि यदि कॉलोनी अवैध है तो प्रशासन क्यों चुप बैठा है। कॉलोनी के कागजात निकालकर प्रशासन कार्रवाई भी कर सकता है, लेकिन जब जनता मूलभूत सुविधाएं मांगती है तो प्रशासन अवैध कॉलोनी का भय दिखाने लगता है। काफी देर चली नोकझोंक के बाद मामला शांत हुआ। यदि प्रशासन का रवैया नहीं सुधरा तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इस मौके पर लक्ष्मी, गायत्री, रेखा, कुसुम प्रभुनाथ शर्मा, चंद्र प्रकाश, आकाश गंगवार, जानकी गुप्ता, अनिल बोरा, संजय बोरा, सुभाष, प्रभुनाथ शर्मा, शिवकुमार संतोष गंगवार, शिवम चौहान आदि मौजूद रहे।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेक : परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धा : स्वयमेव संपद : ॥

हमें अचानक आवेश या जोश में आकर कोई काम नहीं करना चाहिए। क्योंकि विवेक हीनता सबसे बड़ी विपतियों का कारण होती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है। गुणों से आकृष्ट होने वाली मां लक्ष्मी स्वयं ही उसका चुनाव कर लेती है।

संपादकीय

भारत के लिए अच्छी शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की संरचना में सुधारों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। भारत लगातार आवाज उठाकर पहली बार यूएनएससी पर दबाव बनाने में सफल रहा है। परिणामस्वरुप यूएनएससी में सुधारों की पहल लिखित रूप से शुरू हो गई है। सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता समेत अन्य सुधारों को लेकर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना भारत की कूटनीतिक जीत मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे भारत को सुरक्षा परिषद में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। विश्व के नेताओं ने भविष्य के जिस समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार किया है, उसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया है। ये मुद्दा अमेरिका में हाल ही में क्वाड समिट के दौरान भी उठा। रविवार को क्वाड नेताओं ने यूएनएससी की सीटें बढ़ाने और इस निकाय को ज्यादा जवाबदेह बनाने के लिए इसमें सुधार का आह्वान किया। अमेरिका ने भी यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की मांग का समर्थन किया है। क्वाड में यूएनएससी का मुद्दा उठना भारत के लिए सफलता है। भारत के लिए ये अहम है क्योंकि उसकी ओर से लगातार यूएनएससी में स्थायी सीट की मांग की जा रही है।

गौरतलब है कि भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाली रही है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इससे हिंद महासागर को शांति का क्षेत्र घोषित किया जा सकता है और यह चीन को उसकी विस्तारवादी नीतियों का उचित जवाब होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता भारत को वैश्विक राजनीति के स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के समकक्ष ला खड़ा कर देगी। सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जिसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में हुआ था। सुरक्षा परिषद के स्थायी पांच सदस्यों के पास वीटो का अधिकार होता है। परिषद की वर्तमान संरचना पहले की शक्ति संतुलन की व्यवस्था पर बल देती है। यह समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद शांति और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी विफल रही है। उसके सदस्य यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर बंटे हुए हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक हैं। सुधार की पहल संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में मुद्दे को शामिल किए जाने से होना भारत के लिए एक अच्छी शुरुआत है।

सम-विषम परिस्थितियों में संतुलन सिखाती है शिक्षा

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है।

मेरे अनुभव में यह पहले व्यक्ति थे,जिन्होंने असफलता को सेलिब्रेट किया। पार्टी की तिथि, स्थान और समय निश्चित किया तथा अपने सभी सहकर्मियों को पार्टी दी। सहकर्मियों को उस समय यह वाकया हास्यास्पद लगा,पर कुछ समय बाद ही उनकी ओर से पुनः पार्टी का निमंत्रण प्राप्त हुआ। सभी चौंके,क्या फिर से? पर नहीं! "इस बार यह सज्जन अपनी सफलता के साथ थे। बढ़े-चढ़े रुतबे के साथ नवीन नियुक्ति पत्र उनके हाथ में था। मैं अपने सपने का पीछा करता रहा और अब अपने मन के काम में आ पाया"-गर्मजोशी से गले मिलते हुए वे बोले। "कुछ छोटा छूटना भविष्य में कुछ बड़ा मिलने का संकेत होता है, इसलिए निराश होने के बजाय हर स्थिति को सेलिब्रेट करना चाहिए और निरंतर प्रतिबद्ध प्रयास भी। उस समय मैंने यही किया था।" उन्होंने याद दिलाया। उनकी अभी की स्थिति को देखकर उनसे असहमत होने का कोई कारण ही नहीं था। अपने सपने को साधने की साधना उनके रोम-रोम से प्रकट हो रही थी।

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है। सपनों को पूरा करना भी,लेकिन जब सपनों का पीछा करने की बात आती है तो कम ही लोग उस राह के हमराह होते हैं और जो सच में इस राह के राहगीर होते हैं वे अपने सपनों को पूरा कर ले जाते हैं। प्रतिबद्धता,परिश्रम,जुनून और अनुशासन इसमें प्रमुख भूमिका निभाते हैं। कई बार बच्चे मुझसे सफलता का शॉर्ट कट पूछते हैं। मेरा पहला जवाब होता है-कोई नहीं। सफलता नियमबद्ध कठोर परिश्रम का प्रतिफल होती है,जिसके लिए अपना सर्वोत्तम झोंकना होता है। साथ ही धैर्य, धीरज और अपने आप पर विश्वास को भी निरंतर कायम रखना होता है। इनमें से कोई भी एक कड़ी टूटती है तो सफलता दूर होती जाती है। हम लक्ष्य सिद्धि के लिए अर्जुन का उदाहरण देते हैं। पांडवों में केवल अर्जुन ही थे,जिन्होंने परीक्षा की घड़ी में कहा - "गुरुदेव! मुझे केवल चिड़िया की आंख दिख रही है"।



शिक्षा मुख्यत : जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन- पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं,बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें।

यह लक्ष्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम उदाहरण है। हमारे इर्द-गिर्द भी ऐसे कितने ही उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने तमाम चुनौतियों के बावजूद कठिन परिश्रम के द्वारा अपने लक्ष्य को हासिल किया। ऐसा नहीं कि उनके जीवन में असफलताएं नहीं थीं। हां, इतना जरूर कि उन्होंने असफलताओं से हताश या निराश होने के बजाय उन्हें सेलिब्रेट किया तथा अपने आप को और मजबूती से लक्ष्य की ओर उन्मुख किया। करियर निर्माण के दिनों में विद्यार्थियों को विद्यालयीय परीक्षाओं के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का हिस्सा होना पड़ता है। इनमें से कम ही होते हैं,जो अपने पहले प्रयास में सफलता अर्जित कर लेते हैं। वरना अधिसंख्य वर्ग को परीक्षा-दर-परीक्षा अपने आप को आजमाना पड़ता है। यह प्रतीक्षा, प्रतिबद्धता और संघर्ष की आजमाइश का वक्त होता है। इस समय जरूरी होता है कि बिना विचलित हुए,धैर्य पूर्वक और पूरे मन से सफलता का पीछा किया जाए। साथ ही कदाचित असफलता की स्थिति में निराश या हताश होने के बजाय असफलता के कारणों की समीक्षा कर पुनः दोगुने जोश से तैयारी में लगा जाए।

शिक्षा मुख्यतः जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि,सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन-पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं,बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें। पाठ्य पुस्तकों में ऐसे तमाम प्रसंग, कविता, कहानियां, उद्धरण मौजूद हैं, जो एक के बाद एक असफलताओं के बावजूद सफलता की इबारत को उकेरते हैं। इस प्रकार के प्रसंगों पर बच्चों से निरंतर बात हो तथा विषम परिस्थितियों में उनके दृष्टिकोण को जाना-समझा जाए। उन्हें स्पष्ट किया जाए कि किसी भी किरदार के जीवन में एक पराजित मन को कई स्तर पर युद्ध करना होता है। स्वयं से,परिवार की अपेक्षाओं से और समुदाय की टिप्पणियों से। निश्चित तौर पर इस स्थिति का दुष्परिणाम कई आत्मघाती निर्णयों के रूप में सामने आता है। स्ट्रेस, शर्मिंदगी, भविष्य की चिंता, हीनता बोध जैसी भावनाओं के चलते बच्चे भटकाव की उन अंधेरी गलियों की ओर मुड़ जाते हैं, जहां से वापसी मुश्किल होती है। अतः आवश्यक है कि विद्यालय और समुदाय के स्तर पर इस बारे में पर्याप्त चर्चा- विमर्श हों कि किसी के संघर्षों में साझेदार होते हुए उसे किस तरह अभिप्रेरित किया जाता है।

शिक्षा अपनी परिभाषाओं में विविधता के सम्मान की बात भी करती है। निश्चित तौर पर यह विविधता बच्चों और उनके साथ किए जा रहे क्रियाकलापों की ओर इंगित करती है। अतः सफलता के तयशुदा मानकों पर काम करते समय हमें इस विविधता पर भी पर्याप्त विचार करना चाहिए। वैसे भी कोई बच्चा असफल होने के लिए विद्यालय नहीं आता।

प्रसंगवश

प्रशासनिक दुनिया के असामान्य व्यक्तित्व

यह सामान्य धारणा है कि प्रशासकीय सेवाओं में चुनाव बड़ी कठिन प्रतियोगिता के पश्चात होने के कारण उनमें बड़े मेधावान एवं विवेकशील व्यक्ति ही चयनित हो पाते हैं। परंतु उनके विवेकशील होने के विषय में न तो कोई टेस्ट होता है और न कोई गारंटी।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अतः सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्रायः हास्य का विषय बनाते रहते हैं। वे अपने संपर्क में आने वाले सहयोगियों और जनता के व्यक्तियों के जीवन की तनावपूर्ण दिनचर्या को सरस एवं चटपटा मसालेदार बनाने में अनजाने ही लगे रहते हैं। उनका रहन-सहन, खानपान, बातचीत, सहकर्मियों से व्यवहार एवं जनता की समस्याओं पर प्रतिक्रिया इतनी हास्यजनक होती है कि वे अनायास टॉक ऑफ द फ्रैटर्निटी बन जाते हैं। प्रशासन में एब्नार्मल्स की एंट्री कोई नई बात नहीं है। अंग्रेजी जमाने में भी आईसीएस और आईपी में एब्नोर्मल्स चयनित हो जाते थे। एक श्री सिंह नैनीताल में कमिश्नर हुआ करते थे,जिनकी किसी भी सरकारी कागज पर हस्ताक्षर करने में रूह कांपती थी। अतः वह कोई भी फाइल अपने सामने प्रस्तुत होने पर किसी न किसी बहाने संबंधित बाबू को डांटकर भगा देते थे। इसके फलस्वरुप उनके कार्यालय के कमरे फाइलों से पटे रहते थे। कलेक्टरों के टीए बिलों पर उनके हस्ताक्षर न हो पाने के कारण वे भी परेशान रहते थे और इस प्रतीक्षा में रहते थे कि वह कब छुट्टी पर जाएं और वह अपने बिलों पर ऑफशियाटिंग कमिश्नर से हस्ताक्षर करवा लें।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अतः सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्रायः हास्य का विषय बनाते रहते हैं।

इसी तरह एक पुलिस अधिकारी रामपुर रियासत में आईजी हुआ करते थे,जिनको रियासतों के भारत में विलय के समय उत्तर प्रदेश पुलिस में उपाधीक्षक पुलिस के पद पर नियुक्ति दे दी गई थी। कुछ वर्ष बाद वह पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर नियुक्त हुए थे। वह भी सिग्नेचरोफोबिया से ग्रस्त थे। एक दिन उनको वायरलेस से पुलिस मुख्यालय का आदेश प्राप्त हुआ कि ए असेंबली क्वेश्चन का उत्तर अविलंब अपने हस्ताक्षर से भेजें। वायरलेस को उन्होंने चुपचाप रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। फिर दो दिन बाद टेलीफोन पर आदेश दोहराया गया। अधीनस्थ अधिकारियों ने उत्तर का ड्राफ्ट बनाकर उनके सामने रख भी दिया,तब भी उन्होंने असेंबली क्वेश्चन के उत्तर पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस पर मुख्यालय ने एक उपाधीक्षक को उनसे हस्ताक्षर करवाने हेतु सुल्तानपुर रवाना किया। इसकी सूचना मिलते ही वह दौरे पर प्रस्थान कर गए। सुल्तानपुर आकर जब उपाधीक्षक ने उनके दौरे के स्थान को प्रस्थान किया, तो वह दूसरी जगह चले गए और फिर डिप्टी साहब पीछे-पीछे और एसपी साहब आगे-आगे भागते रहे। अंत में डिप्टी साहब हारकर वापस लौट गए,क्योंकि कप्तान साहब चालाकी कर कहीं अज्ञातवास पर चले गए। उल्लेखनीय यह है कि फिर भी उन्हें कोई जनपद के चार्ज से न हटा सका, क्योंकि वे अधिकारियों को खुश रखने में माहिर थे। जब मैं एसपी बस्ती नियुक्त था, तब मेरे डीआईजी को बात करने का बहुत शौक था। जनपद में मुआइने पर आने पर वह अपनी बातों के दौरान एक किस्सा बार-बार दोहराया करते थे कि वह जब एसपी इटावा थे,तब उन्होंने अपने बंगले पर एक शेर पाला था,जो उनके बंगले के गेट पर रखे एक बड़े से पिंजड़े में रहता था। वह अक्सर कॉन्स्टिपेशन का शिकार रहता था और अंततः कॉन्स्टिपेशन का शिकार होकर मर गया था। उनका शेर पालन का यह किस्सा इतना लंबा खिंचता चला जाता था कि मुझे कॉन्स्टिपेशन होने लगता था,परंतु फिर भी मैं ध्यान की मुद्रा बनाकर उनकी कथा सुना करता था,क्योंकि उनके मुआयने का परिणाम मेरे कार्य पर निर्भर न होकर इस पर अधिक निर्भर करता था कि मैं कितने मनोयोग से उनकी बात सुनता था।

महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

संकट भी बढ़ा सकती है नकली बरसात

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं।

इस बार जाड़ा पड़ने से बहुत पहले जब दिल्ली हर बारिश के बाद डूब रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को यह बताने के लिए कहा कि सर्दियों में प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी से कैसे निपटेगा। जब इस बारे में कार्य योजना की बात हुई तो दिल्ली सरकार का विंटर प्लान के नाम पर एक नया शिगूफा सामने आ गया, कृत्रिम बरसात।

असल यह समझना होगा कि पर्यावरण से जुड़ी किसी भी समस्या का संपूर्ण निराकरण किसी तकनीकी में नहीं,बल्कि आत्म नियंत्रण में छुपा है। तकनीकी तात्कालिक कुछ राहत दे सकती है,लेकिन वह निराकरण नहीं है। जिस कृत्रिम बरसात का झांसा दिया जा रहा है,उसकी तकनीक को समझना जरूरी है। इसके लिए हवाई जहाज से सिल्वर-आयोडाइड और कई अन्य रासायनिक पदार्थों का छिड़काव किया जाता है,जिससे सूखी बर्फ के कण तैयार होते हैं। असल में सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड ही होती है। सूखी बर्फ की खासियत होती है कि इसके पिघलने से पानी नहीं बनता और यह गैस के रूप में ही लुप्त हो जाती है। यदि परिवेश के बादलों में थोड़ी भी नमी होती है तो यह सूखी बर्फ के कणों पर चिपक जाते हैं और इस तरह बादल का वजन बढ़ जाता है,जिससे बरसात हो जाती है।

एक तो इस तरह की बरसात के लिए जरूरी है कि वायुमंडल में कम से कम 40 फीसदी नमी हो। फिर यह थोड़ी सी देर की बरसात ही होती है। इसके साथ यह खतरा बना रहता है कि वायुमंडल में कुछ ऊंचाई तक जमा स्माग और अन्य छोटे कण फिर धरती पर आ जाएं। साथ ही सिल्वर आयोडाइड सूखी बर्फ के धरती पर गिरने से उसके संपर्क में आने वाले पेड़, पौधे, पक्षी और जीव ही नहीं नदी-तालाब पर भी रासायनिक खतरा संभावित है। यह वैश्विक रूप से प्रामाणिक तथ्य हैं कि नकली तरीके से बरसात करवाना कई बार बहुत भारी पड़ता है। फिर उस दिल्ली एनसीआर में जहां कुछ मिनट की बरसात से सड़कों पर नदी, नाले भरने से जाम होता है और यही जाम तो दिल्ली के हवा में सबसे अधिक जहर घोलता है। जाहिर है बरसात से जितना प्रदूषण कम नहीं होगा उससे अधिक बरसात के कारण वाहनों के ठिठकने से उपजे धुएं से बढ़ेगा ही।

समझना होगा कि कृत्रिम बारिश से होने वाली भारी बारिश से बाढ़ आ सकती है,जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। पिछले साल दुबई और पास के अरब देशों में अचानक भयानक बरसात और बाढ़ का कारक वहां कृत्रिम बारिश को भी माना जा रहा है। यही नहीं किसी एक इलाके में इस तरह की बरसात से दूसरे इलाकों में सूखा पड़ सकता है। कृत्रिम बारिश हवा के पैटर्न और तापमान में अचानक बदलाव ला सकती है। इससे कई संक्रामक रोगों के वायरस उपजने की संभावना होती है। एक बात और इस तरह की बरसात से जलवायु परिवर्तन की गति तेज होने की प्रबल आशंका है। यह वैश्विक जल चक्र में बदलाव का औजार भी बन सकता है।

वायुमंडल में ओजोन का स्तर 100 एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स होना चाहिए, लेकिन जाम से हलकान दिल्ली में यह आंकड़ा 190 तो सामान्य ही रहता है। वाहनों के धुंए में बड़ी मात्रा में हाईड्रो कार्बन होते हैं और तापमान चालीस के पार होते ही यह हवा में मिलकर ओजोन का निर्माण करने लगते हैं। यह ओजोन इंसान के शरीर,दिल और दिमाग के लिए जानलेवा है। इसके साथ ही वाहनों के उत्सर्जन में 2.5 माइक्रो मीटर व्यास वाले पार्टिकल और गैस नाइट्रोजन ऑक्साइड है,जिसके कारण वायु प्रदूषण से हुई मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं। दिल्ली में जो भी तरीका अपनाया वह सारा देश बगैर दूरगामी परिणाम जाने अपनाने लगता है। जाहिर है कि दिल्ली के असफल प्रयोग सारे देश के लिए त्रासदी बन जाते हैं। ऐसे में यहां कोई भी कदम उठाने से पहले इसके व्यापक प्रभाव पर गहन अध्ययन जरूरी है। शहरों में भीड़ कम हो, निजी वाहन कम हों, जाम न लगे, हरियाली बनी रहे, इसी से जहरीला धुंआ कम होगा। मशीनें मानवीय भूल का निदान होती नहीं। हमें जरूरत है ऐसी प्रक्रिया की,जिससे वायु को जहर बनाने वाले कारक ही जन्म न लें।

सोशल फोरम

भ्रष्टाचार का मुद्दा

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा, इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। दूसरा बड़ा कारण साहित्य का मास कल्चर के सामने आत्मसमर्पण और उसके साथ सामंजस्य बिठाने की कोशिश करना है। साहित्य में मूल्य, नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है। अबाधित पूंजीवादी विकास हुआ है। उपभोक्तावाद की लंबी छलांग लगी है और संचार क्रांति हुई है। इन लक्षणों के कारण सोवियत अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। सोवियत संघ और उसके अनुयायी समाजवादी गुट का पराभव हुआ। फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छलयोजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने,येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई।

आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहाराव-मनमोहन। यह मनमोहन अर्थशास्त्र है। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता।

-फेसबुक वॉल से

किस्म-किस्म की रस्सियां

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है।

जब कभी किसी को रस्सी के फंदे से झूलकर आत्महत्या की खबर पढ़ता हूं तो मैं विचलित ही नहीं व्यथित भी हो जाता हूं। सीधा चालीस साल पीछे चला जाता हूं। उन दिनों मैं अवसाद के दौर से गुजर रहा था। मुझे याद आता है। मैं बाजार जाता हूं रस्सी खरीदने एक दुकान में घुसता हूं। भांति-भांति की रस्सियां टंगी थीं। उन दिनों नायलोन की रस्सी नहीं मिलती थी। सूत वाली या नारियल वाली रस्सियों की भरमार होती थी।

मैंने दुकानदार से कहा-"कोई मजबूत किस्म की रस्सी चाहिए,जो सत्तर किलो का बोझ सह सके"। दुकानदार ने कहा-"मिल जाएगी,लेकिन श्रीमान जी प्रयोजन तो बताएं"। सुनकर गुस्सा आ गया - "अरे भाई, तुमको इससे क्या मतलब? मुझे आत्महत्या करनी हो या चाहे कुएं से आदमी को बाहर खींचना हो"। दुकानदार समझदार था। बोला-"माफ करना भाई। मैंने तो यों ही पूछ लिया"। फिर दुकानदार ने एक मजबूत रस्सी की ओर इशारा करते हुए कहा- "यह वाली ले लें। दोनों ही प्रयोजन संपन्न करेगी, आदमी के झूला झूलने का भी और कुएं से बाल्टी खींचने का भी,लेकिन इस बात का ख्याल रहे कि हुक मज़बूत हो"।

मुझे ख्याल आता है कि यूपी आवास-विकास परिषद् से जब मकान खरीदा था बताया गया था कि यह हुक सिर्फ पंखा लटकाने के लिए ही है। पंखा इंसान से हल्का होता है। इसका मतलब यह हुआ कि हो सकता है कि हुक मेरा सत्तर किलो का बोझ न सह सके। हुक के टूटने का मतलब यह होगा कि मेरे साथ पंखा भी नीचे आ गिरे। सर पर चोट लग सकती है। चोट ज्यादा हुई तो डॉक्टर सीटी स्कैन रेफर करेगा। फिर ऑपरेशन लंबा खर्चा बैठ जाएगा। आत्महत्या का उद्देश्य तो पीछे छूट जाएगा और फिर पिछले महीने पैसा-पैसा जोड़कर खरीदे पंखे की ठंडी-ठंडी हवा का अभी कायदे से लुत्फ भी नहीं उठा पाया हूं।

एक मुसीबत और भी है। पत्नी दिन भर साए की भांति चिपकी रहती है। हर पंद्रह मिनट पर झांकने आती है कि निठल्ला पति कर क्या रहा है? हुक से रस्सी फंसाने के लिए कम से कम आधा घंटा टाइम चाहिए। सुसाइड नोट भी तो लिखना होगा। बहुत सोच-समझकर लिखना होगा,लेकिन ठोस कारण भी तो होना चाहिए। किससे परेशान हूं? खुद से या पत्नी से? या ऑफिस के कामकाज या साथियों से। या फिर अड़ोस-पड़ोस से। मगर इनमें से कोई भी तो कारण नहीं? ऐसा न हो कि इतना हल्का कारण हो कि किसी को यकीन ही न हो कि सुसाईड का इतना हल्का कारण भी हो सकता है। खिल्ली उड़ेगी अलग से। फिर तो फिलहाल सुसाइड प्लान स्थगित करना ही उचित होगा। तभी पीछे से कोई चीखा- "अबे अंधा है क्या? देखता नहीं पीछे सड़क का बाप चला आ रहा है। मैंने पीछे मुड़कर देखा"। अरे यह क्या? जाने कब बेख्याली में मैं सड़क के बीचो-बीच आ गया था और एक ट्रक ड्राइवर मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था-"मरण जोग्यां नूं जाणे जाने क्यों मेरा ही ट्रक मिलदा है, भूतनी दिया"।

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है। हटाओ, छोड़ो। साला सुसाइड करने में कितना झंझट है, मगर इस रस्सी का क्या करूं? रखे रहो। कभी किसी कुएं में डूबते हुए को सहारा देने के काम आएगी। तभी घर आ गया। पत्नी ने हाथ में रस्सी देखी तो बोली-" अरे वाह! मैं इसी के बारे में सोच रही थी। आंगन में बांधेंगे कपड़े सुखाने के लिए"।

बागवानी उत्पादन में गिरावट

हार्टिकल्चर अर्थात बागवानी लेटिन शब्द हाट्र्स (उद्यान) और कल्चर (कृषि) से मिलकर बना है, इस समय भारत बागवानी फसलों के उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है। वही निर्यात के मामले में भारत सब्जियों के मामले में 14 वें और फलों के मामले में 23 वें स्थान पर है,जबकि भारत में उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल बागवानी उत्पादन में शीर्ष राज्य है। बागवानी उत्पादन के हाल में जारी तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2023-24 (जुलाई से जून) में पिछले वर्ष के 355. 48 मिलियन टन से . 65 प्रतिशत घटकर 355.19 मिलियन टन रहने का अनुमान है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अधिकारियों का मानना है कि कुल बागवानी उत्पादन में गिरावट सब्जियों के कम उत्पादन के कारण आई है। प्याज का उत्पादन 242.4 लाख टन रहने की उम्मीद है। आलू का उत्पादन 5.70 करोड़ टन रहने की संभावना है। बिहार और पश्चिम बंगाल में कम उत्पादन के कारण यह आंकड़ा सालाना आधार पर गिरावट दर्शाता है। जबकि फलों की फसल में कुछ वृद्धि हुई है। इस बार सब्जी का उत्पादन 205. 80 मिलियन टन रहने का अनुमान है,जो 2022-23 के 212. 55 मिलियन टन से कम है। हालांकि टमाटर,गोभी और फूल गोभी के उत्पादन में वृद्धि ने आलू और प्याज जैसी प्रमुख फसलों के गिरावट की भरपाई कर दी है।

फलों का उत्पादन 2023-24 में 2.29 प्रतिशत बढ़ कर 112.73 मिलियन टन होने का अनुमान है।

मंत्रालय के अनुसार आम, केला, नीबू,अंगूर और शरीफे आदि का उत्पादन बढ़ा है,जबकि सेब,अमरूद, लीची,अनार आदि का उत्पादन थोड़ा कम हुआ है। यह आंकड़े भारत में बागवानी क्षेत्र के मिश्रित प्रदर्शन को बताते हैं,जिसमें कुछ फसलें तो फल फूल रही हैं,परंतु अन्य को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है।

एनएसएस के स्थापना दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

रुद्रपुर के एएनझा विद्यालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान, रम्पुरा व प्रीत विहार में रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने एनएसएस स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान सर्वप्रथम स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। साथ ही रम्पुरा और प्रीत विहार क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

मंगलवार को कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने स्वयंसेवियों को एनएसएस के इतिहास, उद्देश्य एवं वर्तमान परिपेक्ष में एनएसएस की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। स्वयंसेवियों ने लक्ष्य गीत, नशा उन्मूलन, पॉलीथिन उन्मूलन और यातायात के नियमों पर लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। स्वयंसेवी दीपक ने भविष्य में एनएसएस से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडेय ने स्वयंसेवियों को एनएसएस में मनोयोग से श्रमदान कर भविष्य में आने वाली अनेक समस्याओं के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवियों से कहा कि आज टेक्नोलॉजी के युग में सभी को समय के साथ अपने आप को तैयार करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा, एनएन वर्मा, डीके शुक्ला, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, पवन यादव समेत कई स्वयंसेवी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में जानकारी देता स्वयंसेवी दीपक। ● अमृत विचार

खटीमा के जीआईसी श्रीपुर बिचवा में सफाई अभियान चलाते स्वयंसेवी।

जसपुर में भी स्वच्छ भारत अभियान चलाया

जसपुर : नेहरू युवा केंद्र के नेतृत्व में पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत नगर के मुख्य मार्गों पर रैली निकाली। मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों ने पंडित तिवारी पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज पहुंचकर छात्र-छात्राओं को गंदगी से होने वाली बीमारियों और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात नगर के सुभाष चौक, कोतवाली रोड, गांधी आश्रम चौक आदि मार्गों पर रैली निकाली। इस अवसर पर नेहा रानी, शिवम त्रिपाठी, गौरव कुमार, अजय कुमार, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

जसपुर में रैली निकालते पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज के छात्र।

खटीमा में लगाया गया विशेष शिविर

खटीमा, अमृत विचार : हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस के स्थापना दिवस पर एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. गुरेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेखा पांडेय और डॉ. प्रशांत जोशी के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने परिसर की सफ़ाई, पौधरोपण और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. आरएस नेगी, डॉ. रेखा पांडेय, डॉ. प्रशांत जोशी, घनश्याम श्रीवास्तव, महेश नाथ, अंचल वर्मा, लक्ष्मण सिंह बोरा, महेश जोशी, सुरजीत, नैन सिंह आदि मौजूद रहे। इधर राजकीय इंटर कॉलेज श्रीपुर बिचवा में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी केए सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। स्वयंसेवियों ने लक्ष्य गीत गाया और स्वच्छता की शपथ ली। स्वयंसेवियों ने विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जगपाल सिंह, त्रिलोक सिंह, लक्ष्मण खोलिया उपस्थित रहे।

काशीपुर में कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

काशीपुर में भी स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

काशीपुर : राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में एनएसएस के स्थापना दिवस पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। राधेहरि डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा स्वयंसेवियों द्वारा पौधरोपण किया गया। बौद्धिक सत्र में कुछ स्वयंसेवियों द्वारा स्वरचित कविता पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवियों के ग्रुप "हिमालय क्रू" ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया। उधर, उदयराज कॉलेज की एनएसएस शाखा द्वारा स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने स्वच्छता जन जागरूकता रैली निकाली। मुख्य अतिथि मनोज अग्रवाल द्वारा स्वयं सेवियों को एनएसएस बी तथा सी सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक गोयल, सीए दीपक गर्ग, वरिष्ठ प्रवक्ता महेश चंद्र आर्य, राजेंद्र सिंह, बलजीत सिंह सुमेरिया, अनिल कुमार सिंह, कौशलेश गुप्ता, मनोज विश्नोई समेत अन्य शिक्षक तथा स्वयं सेवक मौजूद थे।

शांतिपुरी में सीखे कथक के गुर

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज शांतिपुरी में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। इसमें स्वयंसेवकों ने भारतीय कथक नृत्य कला के गुर सीखे।

शिविर में जानी-मानी कथक नृत्यांगना शताब्दी मल्लिक ने ओडिशा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद्र ने स्वयं सेवकों से एनएसएस के उद्देश्यों पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा एवं लगन से कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम को एनएसएस प्रभारी प्रियंका पवार, सुनील श्रीवास्तव, पूर्व एनएसएस प्रभारी फकीर चंद ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली।

आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज में कथक नृत्य सिखाती शताब्दी मल्लिक।


ग्राम जगतपुर में कांग्रेस नेताओं का स्वागत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

बाजवाला-सेमलपुरी मार्ग को मंजूरी मिलने पर हर्ष

काशीपुर : नेता प्रतिपक्ष व बाजपुर विधायक यशपाल आर्य के प्रयासों से बाजावाला-जगतपुर-सेमलपुरी मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी व कांग्रेस ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश लखेड़ा का स्वागत भी किया। 5 किमी मार्ग के लिए करीब 4 करोड़ 36 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। काफी लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। विधायक यशपाल आर्य के प्रतिनिधि डीके जोशी व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार लखेड़ा के ग्राम जगतपुर पहुंचने पर बाजावाला, सेमलपुरी व जगतपुर के लोगों ने उनका स्वागत कर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का आभार जताया। वहां महक सिंह, जोगेंद्र सिंह, प्रीत कुमार बम, प्रेम प्रकाश शर्मा, साधु सिंह चीमा,अभिषेक तिवारी, मलकीत सिंह, बलवीर सिंह, पूनम देवी, सदन सिंह आदि शामिल थे।

नगर निगम ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

काशीपुर : स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर निगम ने शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और स्वच्छता को बढ़ाने के लिए एक विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य इन सुविधाओं को उच्च स्वच्छता मानकों के अनुरूप बनाना था, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अभियान सहायक नगर आयुक्त और स्वास्थ्य अधिकारी की देखरेख में चलाया गया। इस पहल में शौचालयों के अंदरूनी हिस्सों (जैसे फर्श, दीवारें और फिटिंग्स की सफाई) के साथ-साथ बाहरी हिस्सों की सफाई की गई। जिससे आसपास का क्षेत्र स्वच्छ और आकर्षक बना रहे।

तारावती स्कूल रहा विजेता

▸▸ अवनीश गुप्ता स्मृति (तृतीय) खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : स्टेडियम में भारत विकास परिषद की ओर से एक दिवसीय अवनीश गुप्ता स्मृति (तृतीय) खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें तारावती सरोजनी देवी स्कूल विजेता रहा।

मंगलवार को स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में क्षेत्र के आठ विद्यालयों सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जैतपुर घोसी, अजय भरतिया सरस्वती विद्या मंदिर केशवपुरम, सरस्वती विद्या मंदिर बघेलेवाला अलीगंज रोड काशीपुर, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज किला स्ट्रीट, तारावती सरोजनी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, ख्वाहिश एनजीओ, श्री गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के लगभग 325 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में खो-खो, बैडमिंटन, वालीबॉल, लंबी कूद समेत कुल 46 इवेंट हुए। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तारावती सरोजनी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जैतपुर घोसी ने द्वितीय और सरस्वती विद्या मंदिर बघेलेवाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन पर विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

काशीपुर में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

हरिद्वार ने जीती चैंपियनशिप

▸▸ प्रांतीय महोत्सव 2024 धूमधाम से मनाया गया

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय महोत्सव 2024 धूमधाम से मनाया गया। श्री रामचंद्र सिंह चौहान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का अपर सचिव बीएमसी रावत, डॉ. विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, शैलेंद्र जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

महोत्सव में प्रदेश के सभी जिलों के 510 छात्र-छात्राओं व 120 आचार्य ने प्रतिभाग किया। इसमें प्रश्न मंच, कला प्रतियोगिता, मूर्ति कला प्रतियोगिता, काव्य पाठ तथा अपने-अपने जिले की संस्कृति के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव की चैंपियनशिप हरिद्वार संकुल टीम ने जीती एवं द्वितीय स्थान रुद्रपुर संकुल और तृतीय स्थान बागेश्वर संकुल ने प्राप्त किया।

सांस्कृतिक महोत्सव में विवेकानंद कॉलेज बागेश्वर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र जोशी ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनीष जैन, राजीव कौशिक, जितेंद्र चौहान, सत्य प्रकाश शर्मा, आशीष चौबे, आशीष गुप्ता, सुशांत बिश्नोई, कौटिल्य कुमार, पवन शर्मा, विवेक वर्मा मानस, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

पुरस्कार प्राप्त करते प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी।

एटीएम कार्ड बदलकर उड़ाए 80 हजार रुपये

खटीमा : एक युवक ने पुलिस को सौंपी तहरीर में एटीएम कार्ड बदलकर 80 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया है। वृन्दावन कॉलोनी खेतलसंडा खाम निवासी संजय कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि सात सितम्बर को सुबह नौ बजे वह एक्सिस बैंक के एटीएम में रुपये निकालने गया था। एटीएम मशीन में बार-बार खराबी आने के कारण रुपये निकलने में दिक्कत हो रही थी। पीछे खड़े एक युवक ने एटीएम कार्ड ठीक से मशीन में नहीं लगने की बात कही। इस पर उसने उस युवक से मदद ली। उसी दौरान युवक ने उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। जिसके बाद दस-दस हजार करके चार बार मैसेज आने के बाद 40 हजार रुपये निकल गये। दूसरे दिन सुबह 8 बजे फिर से 40 हजार रुपये खाते से निकाले गये।

गोष्ठी में हाइब्रिड प्रजाति के मक्के की जानकारी दी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : हाइब्रिड प्रजाति के मक्के की खेती से संभावित पैदावार में वृद्धि और स्थानीय किसानों के आय में वृद्धि के उद्देश्य से एक किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख साझेदार यारा एवं बायर कंपनी से आए विशेषज्ञों ने किसानों को खेती से संबंधित सलाह दी।

सोमवार को आईजीएल की ओर से आयोजित सम्मेलन में विशेषज्ञों ने किसानों को शुद्ध हाइब्रिड बीज उपलब्ध कराने, समय समय पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि विशेषज्ञों की सलाह मुहैया कराने, सम्पूर्ण उत्पादन के खरीद की शत प्रतिशत गारंटी देने, कीटनाशक के निवारण के लिए समय-समय पर निरीक्षण व उर्वरकों की मात्रा तय करने आदि विषयों पर विस्तार से बताया गया। सम्मेलन को आईजीएल के कार्यकारी निदेशक आलोक सिंघल, आईजीएल के व्यापार प्रमुख एसके शुक्ला, मुख्य कृषि अधिकारी अभय सक्सेना व गन्ना अनुसंधान केंद्र के निदेशक वीके गुप्ता आदि ने संबोधित किया। गोष्ठी का संचालन सहायक महाप्रबंधक विक्रांत चौधरी ने किया। इस अवसर पर हेड एचआर व एडमिन राजेश कुमार सिंह, मैनेजर लाइजनिंग आरसी उपाध्याय, बायर से डॉ. सुधांशु मिश्रा, महेंद्र प्रताप, राघवेंद्र जोशी, इरफान, यारा कंपनी से संतोष कौशिक आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

जागरूकता रैली निकालते श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थी।

नानकमत्ता में मनाया एनएसएस स्थापना दिवस

नानकमत्ता : नगर के डिग्री कॉलेज श्री गुरूनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय नानकमत्ता साहिब के तत्वावधान में स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया, जिसमें स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त महाविद्यालय अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीता मेहता व एनएसए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने दीप प्रज्वलित कर की। इधर कार्यक्रम अधिकारी ने एनएसएस का इतिहास व महत्व बताते हुए कहा कि किसी राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का बहुत बड़ा योगदान होता है। आज देश में तकरीबन 65 फीसदी जनसंख्या युवा है। इस मद्देनजर यह देश के लिए सौभाग्य की बात है कि देश का चौमुखी विकास एकसाथ हो सकता है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एनएसएस स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर व थाना परिसर नानकमत्ता में स्वच्छता अभियान चलाया। थाना नानकमत्ता के थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने स्वयंसेवियों को बताया कि देश की सेवा में युवाओं की भागीदारी जरूरी है। इस मौके पर डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. राधा बिष्ट, डॉ. नीतू, पंकज सिंह बोहरा, कामिनी राणा, आरती राना, मनोज कुमार, वरुण सक्सेना, रोशन कुमार, वर्षा सक्सेना, ज्योति राना, ईशा गुप्ता, काजल बर्मन, रेनू थापा, पूनम राना, प्रगति राना, दुर्गानाथ गोस्वामी मौजूद रहे।

भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य कर रहीं चुनाव प्रचार

चुनाव प्रचार करतीं महिला कार्यकर्ता।

दिनेशपुर : जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में काशीपुर महिला मोर्चा जिला मंत्री कविता नेगी ने टीम के साथ स्थानीय लोगों को भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना की जानकारी दी। उन्होंने लाभार्थी परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में स्थानीय लोग भाजपा की नीतियों से सहमत होकर मतदान कर रहे हैं। टीम में नैनीताल जिलाध्यक्ष अलका जीना, विजय लक्ष्मी चौहान, पूनम जोशी, मुन्नी बिष्ट आदि शामिल हैं।

मारपीट मामले में भाजयुमो नेता सहित चार नामजद

खटीमा : आफ्टर नून रेस्टोरेंट कैफे बार में तोड़फोड़ और कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने भाजयुमो नेता समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गड़ीगोठ बनबसा निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह टनकपुर रोड तिगरी अमाऊं स्थित आफ्टर नून रेस्टोरेंट कैफे बार में नौकरी करता है। 22 सितंबर की रात्रि 11.09 बजे भाजयुमो नेता समेत पांच युवक गेट तोड़कर बार में घुसे और उससे बीयर मांगने लगे। उसने कहा कि बार बंद हो चुका है। इस पर उक्त युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज की और बोले बीयर नहीं दी तो जान से मार देंगे। इसी दौरान युवकों ने लात घूंसों से उसे मारकर जमीन में गिरा दिया। उसके चीखने चिल्लाने पर उसके साथ कर्मचारी उसे बचाने के लिए आए तो उक्त युवकों ने उनके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया और एक कर्मचारी का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। कोतवाल प्रकाश सिंह दानू ने बताया कि मामले में पुरानी सेल टैक्स गली खटीमा निवासी भाजयुमो नेता शशांक बिष्ट, अमाऊ निवासी हिमांशु चौहान, राजीव नगर निवासी अशर्फी लाल, कंजाबाग निवासी सिद्धांत सिंह, भूड़ निवासी प्रमोद गढ़कोटी के खिलाफ धारा 115(2), 199(1), 352 बीएनएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

किच्छा से यात्रा के लिए रवाना होते श्रद्धालु।

माता ज्वाला जी के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

किच्छा : श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के तत्वावधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माता ज्वाला जी से पवित्र ज्योति लाने के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था बस के माध्यम से रवाना हुआ। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं का तमाम गणमान्य लोगों ने जोरदार स्वागत किया और मंगलमय यात्रा की कामना कर प्रसाद वितरण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अरुणेश कुमार मिश्रा ने बताया कि विगत 27 वर्षों से प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं का जत्था माता ज्वाला जी से पवित्र ज्योति लाने के लिए रवाना होता है तथा इस वर्ष भी 6 दिवसीय यात्रा के बाद यह जत्था पवित्र ज्योति लेकर किच्छा पहुंचेगा। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी संजीव कुमार सिंह, व्यापारी नेता नितिन फुटेला, युवा समाजसेवी गुलशन सिंधी, शैली फुटेला, शिव कुमार मित्तल, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुरेंद्र खुराना, बृजभूषण बंसल, सुदेश कक्कड़, चंद्रशेखर कश्यप, शिवकुमार शर्मा, किन्नू शुक्ला, राजू सेतिया, अनुज शर्मा, कमलेश दुबे, मनीष सिडाना आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में एक डेयरी से घी के सैंपल लेती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

डेयरियों और फुटकर दुकानों का किया निरीक्षण

रुद्रपुर : अपर आयुक्त एवं उपायुक्त कुमाऊं मंडल के निर्देश खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रुद्रपुर बाजार में दस डेयरियों और फुटकर विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने तीन डेयरियों से घी के तीन और मक्खन का एक नमूना लिया। मंगलवार को जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुद्रपुर आशा आर्या, जसपुर खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार ने डेयरियों और फुटकर की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने एक खाद्य प्रतिष्ठान से करीब 20 डिब्बी हींग के एक्सपायरी मिलने पर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। एक खाद्य कारोबारी के पास प्लास्टिक के डिब्बे में संदिग्ध मिठाई आधा किलो मिलने पर मौके पर ही नष्ट कराया गया। इस दौरान टीम ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियमों में दिये गये मानकों के अनुरूप ही घी, मक्खन व अन्य खाद्य पदार्थों को विक्रय करने के निर्देश दिए।

पवनेश बने आउटसोर्सिंग श्रम संगठन के अध्यक्ष

खटीमा : उत्तराखंड ऊर्जा आउट सोर्सिंग श्रम संगठन के उप संस्थान खटीमा व सितारगंज डिवीजन के कर्मचारियों ने बैठक कर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से पवनेश सिंह राणा को अध्यक्ष, निर्मल सिंह को उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार भारती को सचिव, संजीत सिंह राणा कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं कार्यकारिणी में रोहित सिंह, गोविंद, गुरचरन सिंह, धन सिंह, विरेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, जयपाल सिंह, राजू सिंह को सदस्य बनाया गया।

सार-संक्षेप

कोतवाल नरेश चौहान को मामले की जानकारी देते असलम। ● अमृत विचार

कार और पांच लाख के लिए शादी से किया इनकार

बाजपुर : पांच लाख रुपये व कार की मांग को लेकर शादी से इनकार करने का आरोप लगा लड़की पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मुड़िया कलां निवासी असलम ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उसकी पुत्री निशा का रिश्ता मसवासी तहसील स्वार जनपद रामपुर उप्र नजाकत निवासी के साथ सितम्बर 2023 में तय हुआ था। रिश्ता करते समय 50 जोडी कपडे, 70 हजार नकद व ससुराल पक्ष को दिए सामान में दो लाख का खर्च हुआ। 25 अप्रैल 2025 को पुत्री का विवाह होना तय हुआ, विवाह हेतु शादी की तैयारी जारी थी कि पांच सितम्बर को ससुराल पक्ष से आए फोन में विवाह में बुलेरो कार व पांच लाख नगद की मांग की गई। शादी से इनकार करने के मामले में असलम ने कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सितारगंज में सेवा पखवाड़े के तहत लगे शिविर में पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

भाजपा के सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया

सितारगंज : भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े का शुभारंभ श्री रामलीला भवन में किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया गया। इसमें आयुष्मान कॉर्ड, राशन कार्ड, आंखों की निशुल्क जांच की गई।

पंडरी के मंदिर में चोरी, बैट्री ले गए चोर

सितारगंज : नगर के वार्ड नंबर 13 स्थित पंडरी के शिव मंदिर से बैटरी चोरी की शिकायत दर्ज कराते हुए जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि मंदिर में रोशनी के लिए सोलर लाइट लगी है। इसकी बैट्री उतारकर मंदिर में रखी जाती है। लाइट की बैट्री चोर उठा ले गए। पूरी घटना मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है जिसमे दो लोग बैट्री ले जाते दिखाई दे रहे हैं।

युवक चाकू के साथ गिरफ्तार, चार वारंटी दबोचे

काशीपुर : टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने मंगलवार को गश्त के दौरान द्रोणा सागर टीले के पास से पशुपति विहार निवासी विशाल दिवाकर को गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने कब्जे से एक चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया है। उधर, पुलिस टीम ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर लक्ष्मीपुर बाजपुर निवासी नन्हें, ढकिया निवासी विनोद, जगतपुर निवासी सिकंदर व खालसा निवासी चंद्र मोहन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है।

किच्छा में समस्याएं सुनते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

जनसंवाद में विधायक बेहड़ ने सुनी लोगों की समस्याएं

किच्छा : कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने आवास विकास स्थित कार्यालय में जन संवाद कार्यक्रम के तहत विधानसभा के तमाम क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को जल्द समाधान का आग्रह किया। बेहड़ ने फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया तथा विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया। मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, गुलशन सिंधी, धर्मेंद्र सिंधी आदि मौजूद रहे।

21 किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर : एसएसपी के निर्देश पर जिले में चल रहे नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 21 किलो गांजा बरामद कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। मंगलवार को प्रतापपुर चौकी इंचार्ज एसआई नीमा बोहरा ने टीम के साथ गश्त के दौरान रामनगर रोड स्थित एक निर्माणाधीन भवन के पास से ग्राम रम्पुरा हाल निवासी साक्षी एनक्लेव कॉलोनी निवासी बलविन्दर उर्फ विरयाम सिंह को गिरफ्तार किया। साथ ही उसके कब्जे से एक बोरे में 21 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की।

50 मीटर तीरंदाजी में हरिद्वार की मानसी राणा अव्वल

राज्य ओलंपिक : स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुईं कई प्रतियोगिताएं, ओवर ऑल कंपाउंड रैंकिंग में पौड़ी की वैष्णवी ने मारी बाजी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे 5वें राज्य ओलंपिक खेलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इस दौरान तीरंदाजी महिला चैंपियनशिप की 50 मीटर इंडियन राउंड रैंकिंग में हरिद्वार की मानसी राणा ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि हरिद्वार की ही दिव्या ने दूसरा और देहरादून की सुकृति ममंगई ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मंगलवार को आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता के 50 मीटर एकल महिला प्रतियोगिता में हरिद्वार की मानसी राणा ने पहला, हरिद्वार की ही आत्मिका आर्या ने दूसरा और देहरादून की ज्योति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 50 मीटर ऑवर ऑल रैंकिंग में पौड़ी अनिसा सेमवाल ने पहला, पौड़ी की अनन्या बिष्ट ने दूसरा और दिव्यांशु भंडारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर ऑवर ऑल कंपाउंड रैंकिंग में पौड़ी वैष्णवी ने पहला, देहरादून की उषा पोखरियाल ने दूसरा और हरिद्वार की भारती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

30 मीटर इंडियन राउंड रैंकिंग में हरिद्वार की मानसी राणा ने पहला, देहरादून की सुकृति ने दूसरा और देहरादून की ज्योति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर टीम मैच में पौड़ी की वैष्णवी, अवनी और ऋषिका ने पहला, देहरादून की उषा, अनुराधा, अनुष्का ने दूसरा और हरिद्वार की भारती, अप्रा और जिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर टीम मैच में हरिद्वार की मानसी, दिव्या, आत्मिका, सानिया ने पहला और देहरादून की सानिया, सुकृति, सुनिधि और ज्योति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्य ओलंपिक संघ के प्रभारी अध्यक्ष महेश नेगी, राज्य ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ.डीके सिंह, ओलंपिक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ.नागेंद्र शर्मा, बॉक्सिंग एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष घनश्याम श्यामपुरिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित अनेक अधिकारी, कोच इंस्टेक्टर, रेफरी आदि मौजूद रहे।

तीरंदाजी प्रतियोगिता में निशाना लगाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

हैमर थ्रो में प्रतिभा का प्रदर्शन करती हरिद्वार की खुशी। ● अमृत विचार

जिम्नास्टिक की फ्लोर कैटेगिरी में पौड़ी की चारु अव्वल

रुद्रपुर : स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित महिलाओं की जिम्नास्टिक की फ्लोर कैटेगरी की प्रतियोगिता में पौड़ी की चारु रावत ने पहला, पौड़ी की ही यशस्वेता ने दूसरा और देहरादून की समृद्धि शर्मा और आराध्या भट्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह वॉल्टिंग कैटेगरी में पौड़ी की यशस्वेता ने पहला, पौड़ी की ही चारु रावत ने दूसरा और देहरादून की ईशा नेगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैलेंस बीम में पौड़ी की चारु रावत ने पहला, देहरादून की ईशा नेगी और पौड़ी की यशस्वेता ने दूसरा और देहरादून की अवनी भट्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कुश्ती में हरिद्वार की रजनी ने दी सबको पटखनी

रुद्रपुर : स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के 50 किलोग्राम में देहरादून की सानवी नेगी ने पहला, ऊधमसिंह नगर की अंजू ने दूसरा अजरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 53 किलोग्राम में हरिद्वार की प्राची सैनी ने पहला, ऊधमसिंह नगर की विनिता ने दूसरा, पौड़ी की मोनिका ने तीसरा, 55 किलोग्राम में पौड़ी की शिल्पी ने पहला, ऊधमसिंह नगर की रीना ने दूसरा, दीक्षा ने तीसरा, 57 किलोग्राम में हरिद्वार की आरती ने पहला, ऊधमसिंह नगर की कंचन ने दूसरा और नैनीताल की श्रुति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 59 किलोग्राम में पौड़ी की पूनम नेगी ने पहला, ऊधमसिंह नगर की अन्नू ने दूसरा और नैनीताल की आरती ने तीसरा, 76 किलोग्राम में हरिद्वार की रजनी बिष्ट ने पहला, ऊधमसिंह नगर की वर्षा ने दूसरा और नैनीताल की पूनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

23.88 मीटर हैमर थ्रो कर अव्वल रहीं हरिद्वार की खुशी

पंतनगर : उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में विवि परिसर के स्टीवेंसन स्टेडियम में जिला एथलेटिक संघ की ओर से एथलेटिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को यहां छात्राओं की तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मंगलवार शाम चार बजे आयोजित हैमर थ्रो प्रतियोगिता में 23 .88 मीटर फेंककर हरिद्वार की खुशी पहले पायदान पर रहीं। साथ ही 19 .80 मीटर के साथ यूएस नगर की वंदना दूसरे एवं 18 .60 मीटर के साथ यूएस नगर की अनीता तीसरे नंबर पर रहीं। वहीं ऊंची कूद में 145 सेमीं के साथ अल्मोड़ा की व्याख्या पहले, 130 सेमी. के साथ हरिद्वार की प्रियंका दूसरे एवं 120 सेमी. के साथ यूएस नगर की शगुण तीसरे नंबर पर रहीं। इसके अलावा 15 सौ मीटर रेस 4 .51 मिनट में पूरी कर यूएस नगर की मधु पहले, 5 .21 मिनट के साथ चंपावत की अंकिता दूसरे और 5 .30 मिनट के साथ देहरादून की सरिता तीसरे स्थान पर रहीं। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष निर्माण मुखर्जी, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम श्यामपुरिया, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रमनदीप सिंह मान, रघुवीर सिंह, हरीश राम, सरफराज चैधरी, नवनीत राव, मो. रफी मौजूद रहे।

फंडिंग मामले में आरोपी ने मांगी माफी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: विदेश से आए 60 लाख रुपये की फंडिंग को लेकर चल रहे विवाद में हुई पंचायत के दौरान भाकियू के दोनों पक्षों के बीच इस शर्त पर विवाद थम गया है कि यदि नानक सिंह भट्टी 34 लाख 80 हजार रुपये से अधिक कोई और फंड भेजे जाने के प्रमाण प्रस्तुत करता है तो उसकी देनदारी हरपिंदर सिंह बाजवा की होगी। इस बात को छुपाए रखने के लिए उन पर आर्थिक दंड भी लगाया जा सकेगा।

मंगलवार को बाबा प्रताप सिंह व भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अगुवाई में हुई बैठक में एक बार फिर हरपिंदर सिंह बाजवा ने 34 लाख 80 हजार रुपये आने के दस्तावेज सबके सामने रखे और तीन वर्ष तक इस पैसे की जानकारी नहीं देने के लिए सभी से क्षमायाचना की। इसके पीछे भी पैसों को लेकर नानक सिंह व हरपिंदर सिंह के बीच हुए विवाद को कारण बताया गया। इस बीच कुछ लोगों ने नानक सिंह से भी वार्ता की तो उसने दावा किया कि 60 लाख रुपये ही भेजे गए हैं और इसके और सुबूत दो सप्ताह के अंदर उपलब्ध करवा दिए जाएंगे जिसमें तय पाया गया कि यदि नानक सिंह 60 लाख रुपये का हिसाब देता है तो बाकी पैसा साक्ष्यों के आधार पर बाजवा से लिया जाएगा और तथ्यों को छुपाने के लिए आर्थिक दंड भी डाला जाएगा। इस बीच इस विषय को लेकर अब कोई विवाद नहीं होगा। बैठक में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बाजपुर के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा, भाकियू के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, दलजीत सिंह रंधावा, अजीत प्रताप सिंह रंधावा, बिजेंद्र डोगरा, जोराबर सिंह भुल्लर, हरदयाल सिंह, रजनीत सिंह सोनू, प्रभुशरण सिंह आदि मौजूद रहे।

क्षमा याचना करते हरपिंदर सिंह बाजवा, साथ में बैठे भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए व्यापारियों ने किया किच्छा पुलिस को सम्मानित

किच्छा : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने किच्छा पुलिस टीम को सम्मानित किया। व्यापार मंडल के महामंत्री विजय अरोड़ा एवं कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला के नेतृत्व में तमाम व्यापारी कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार एवं दरऊ चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। व्यापारी नेता विजय अरोड़ा एवं नितिन फुटेला ने कहा कि करीब 50 लाख रुपये कीमत की नशा सामग्री बरामद किए जाने से कई युवाओं का भविष्य खराब होने से बच गया है। इस मौके पर डॉ राजेंद्र सिंह कामरा, मुकेश पांडे, सौरभ सिंह, अंकित सिंह, संजय भारद्वाज, राजेश अग्रवाल, मुकेश कुमार, प्रहलाद अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

नशीले इंजेक्शन लाते झोलाछाप चिकित्सक समेत दो लोग दबोचे

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : पुलिस ने झोलाछाप चिकित्सक सहित दो लोगों से नशे की बड़ी खेप बरामद की है। आरोपी ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को यह नशा महंगे रेट पर आपूर्ति करते थे और स्वयं भी नशे के आदी बताए जा रहे हैं। केलाखेड़ा थाने के उपनिरीक्षक कौशल भाकुनी पुलिस टीम के साथ रुद्रपुर-काशीपुर नेशनल हाइवे-74 पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बाइक सवार दो युवकों से एक काली पन्नी के अंदर से डायजाफाम 05 इंजेक्शन, ब्यूप्रीनौरफिन 05 इंजेक्शन व एविल 05 इंजेक्शन कुल 15 इंजेक्शन तथा एक काले रंग के बैग के अंदर डायजाफाम 70 इंजेक्शन, ब्यूप्रीनौरफिन 70 इंजेक्शन व एविल के 70 इंजेक्शन (कुल 210 इंजेक्शन) बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम ग्राम रामजीवनपुर गदरपुर निवासी प्रेम सिंह व मूल रूप से वार्ड-24 चमन मस्जिद मोहल्ला काशीपुर स्वार रामपुर (उप्र) निवासी मो.रजा बताया। मो.रजा वर्तमान समय में ग्राम झगड़पुरी में मकबूल के घर किराए पर रह रहा था। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

रामपुर से खरीदकर लाते थे नशे की सामग्री

बाजपुर : पुलिस की पूछताछ में जो खुलासा किया है उसमें सीमावर्ती जनपद रामपुर उप्र के जुनैद नामक व्यक्ति से नशे की सामग्री खरीदकर लाने की बात आरोपियों ने कही है। पुलिस को पूछताछ में प्रेम सिंह ने बताया कि उसे मो .रजा ने इंजेक्शन बेचने को दिए थे जिसमें वह पांच सेट इंजेक्शन लाया था। एक स्वयं लगा लिया और चार बेचने वाला था। वहीं बाइक पर पीछे बैठे झोलाछाप चिकित्सक मो .रजा ने बताया कि उसकी गदरपुर के मोदीपुरम में क्लीनिक है। वह रामपुर वार्ड-6 मोहल्ला खास स्वार निवासी जुनैद से नशे के इंजेक्शन आदि लाता है।

वर्ग पहेली-202

बाएं से दाएं

1.1. पोस्ते की फली 2. कुछ विशिष्ट पौधों की बड़ी कली जिसमें उस पौधे के फल या बीज रहते हैं, बौड़ी।

3.1. नशीले पेय तथा फलों के रस से बनाया जाने वाला एक पेय, एकाधिक मदिराओं का मिश्रित पेय मांड़ा

6. मरने की इच्छा, मरण कामना, मरणाशंसा।

8. (अंधविश्वास) एक प्रकार के भूत-प्रेत, एक योनि जिसमें पड़ी आत्माएं मनुष्य जीवन में बाधा उत्पन्न करती हैं।

9.1. नम्रता, शालीनता 2. लज्जाशीलता, शिष्टता, सुशीलता।

ऊपर से नीचे

2. पुराने आधे पैसे के बराबर का सिक्का, अधेले के मूल्य का सिक्का।

4.1. दूषित अथवा मलिन होने की अवस्था या भाव, मैल, मलिनता, गंदगी 2. पाप, पातक 3. गुस्सा, क्रोध 4. कलंक, अपयश, बदनामी 5. अपवित्रता 6. कालिमा 7. विकार।

5.1. जो ख़ास हो, जो मामूली न हो, असाधारण, विशिष्ट 2. प्रचलित परंपरा से भिन्न।

7.1. तपना, गरमाना, गरम होना 2. संतप्त होना 3. जलना।

8.1. बाप, तात, जनक 2. संतान का जन्मदाता पुरुष।



वर्ग पहेली -201 का हल

1 म	हा	ल	2 य		3 घा
ज़ा			था		नी
4 कि	ब	ला	नु	मा	
या			पा		5 नं
	6 ए	त	का	द	
					रा
	7 अ	भि	मा	नि	नी

सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

4	8					7		9
9			2					3
	5		3			8	4	
8		4	5				6	
		1				2		
	7				8	4		5
	1	5			9		8	
6					1			4
3		8					5	1

सुडोकू - 114 का हल

9	2	8	3	4	5	7	1	6
1	6	5	7	8	2	9	3	4
7	4	3	9	6	1	8	5	2
5	7	4	8	3	6	2	9	1
2	8	6	5	1	9	4	7	3
3	1	9	4	2	7	6	8	5
8	5	2	1	9	4	3	6	7
4	3	7	6	5	8	1	2	9
6	9	1	2	7	3	5	4	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 12 .10 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 22 .23 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। माता या मातातुल्य स्त्रियों का सम्मान करें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। मित्रों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

वृष — आज किसी रिश्तेदार से सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपकी आय में भी वृद्धि होने की संभावना है। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को जबरदस्त सफलता मिल सकती है।

मिथुन — आज आपके स्वभाव में ताजगी रहेगी। अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को तय समय पर पूर्वनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

कर्क — आज अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें। भावुक होने के बजाय व्यवहारिक रहें तभी प्रसन्न रह पाएंगे। नई जानकारियों को एकत्र करने में लगे रहेंगे। व्यापार में आ रही गिरावट दूर होगी।

सिंह — आज आपके ऊपर काम का दबाव रह सकता है। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें। पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें।

कन्या — आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। घर की समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लेंगे। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

तुला — आज आपकी दिनचर्या बहुत ही व्यवस्थित रहेगी। कॉलेज विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

वृश्चिक — आज किसी पुराने मामले को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। घर में मेहमान आ सकते हैं। लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

धनु — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। असंतुलित खानपान के कारण आपको परेशानी हो सकती है। स्त्री जातकों को कष्टपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

मकर — आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों का बेहतरीन लाभ मिलेगा। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

कुंभ — आज लोग आपसे काफी अपेक्षा करेंगे। साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। नौकरीपशा लोगों को ज्यादा काम करना पड़ेगा। मेडिकल शोध से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

मीन — आज आपके जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। बड़ों के द्वारा होने वाले सुझावों पर गौर अवश्य करें। बुखार और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपनी कार्यक्षमता को लेकर भ्रम की स्थिति रहेगी। क्रोध के कारण अवसरों को खो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
16 दिसंबर — सुबह : 09 .41
छतरीवाली — रात : 07 .56
बोल राधा बोल — सुबह : 10 .49
शर्माजी नमकीन — रात : 08 .00

&pictures

SONY PIX
रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10 .41
स्पाइडर मैन 2 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 11 .45
भीमा — रात : 08 .00

ZEE ACTION
वज्रकाया — सुबह : 10 .50
गद्दार — रात : 09 .51

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 11 .45 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस-हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चलकर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

सार-संक्षेप

बमनपुरी में ग्रामीणों की बैठक लेती पुलिस।

ग्रामीणों को नशे के प्रति किया जागरूक

बनबसा : ग्राम सभा बमनपुरी में पुलिस ने बैठक कर ग्रामीणों को नशामुक्ति व अपराध नियंत्रण को लेकर जागरूक किया। ग्राम प्रधान भावना नेगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस ने ग्रामीणों को कानून की जानकारी दी तथा स्मैक नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर जागरूक किया। ग्रामप्रधान भावना नेगी ने गांव में कच्ची शराब, चोरी व बाहरी असामाजिक की रोकथाम व पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। बैठक में एसआई जितेन्द्र बिष्ट, ग्राम प्रधान भावना नेगी, जीवन सिंह नेगी, बूथ अध्यक्ष अमरपाल कश्यप, वीरेन्द्र ठाकुर, जोर्ज बारा, कुल्लू, लवी ठाकुर, स्टीफन, सूरज राना, डब्बू राठौर, शोभा राना, अनारकली राना, रामवती राना, कृष्णा राना, बबिता राना, मीना राना, ज्योति राना आदि ग्रामीण मोजूद रहे।

चार शावकों के साथ दिखी मादा गुलदार, दहशत

शावकों के साथ मादा गुलदार।

रानीखेत : नगर के मालरोड क्षेत्र में रात में मादा गुलदार अपने चार शावकों के साथ मुख्य सड़क पर विचरण करती दिखी है। इससे लोगों में भय व्याप्त है। लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर सायं के समय कार्यालय से काम कर अधिकांश लोग दो पहिया वाहनों में अपने घर को लौटते हैं। ऐसे में कभी भी मादा गुलदार उन पर हमला कर सकती है। विगत कई दिनों से मालरोड से झूलादेवी जाने वाले मुख्य मोटर मार्ग पर एक मादा गुलदार अपने चार शावकों के साथ विचरण करती दिख रही है। जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में भय व्याप्त है। उन्होंने वन विभाग से कहा है कि मादा गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाए।

एथलेटिक्स मीट में वैष्णवी व स्नेहल को पदक से सम्मानित करते अतिथि।

आर्मी पब्लिक स्कूल की वैष्णवी और स्नेहल ने जीते पदक

रानीखेत : महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित उत्तराखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स मीट में अल्मोड़ा जनपद से आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत की वैष्णवी ने शॉर्टपुट स्पर्धा में सिल्वर मेडल अंडर 18 कैटेगरी एवं कांस्य पदक अंडर 20कैटेगरी जीता। तथा स्नेहल लुंठी ने हाई जंप स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य कमलेश जोशी, शारीरिक शिक्षक सैम स्मिथ, भूपेंद्र सिंह परिहार, हेम पंत, बृजेश जोशी सहित जिला एथलेटिक संघ अल्मोड़ा के सचिव ललित नारायण रौतेला, ताड़ीखेत ब्लॉक के क्रीड़ा समन्वयक शिवराज सिंह बिष्ट एवं मनमोहन देव ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

अल्मोड़ा गांधी पार्क में डीडीए समाप्ति की मांग को संघर्ष समिति ने धरना दिया।

डीडीए समाप्ति तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

अल्मोड़ा : पर्वतीय क्षेत्रों में जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को संघर्ष समिति ने धरना दिया। इस दौरान लोगों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चेतावनी दी कि जब तक डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं हो जाता संघर्ष समिति प्रत्येक सप्ताह गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन पर अडिग रहेगी। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण पहाड़ी क्षेत्रों के कतई अनुकूल नहीं है। यहां के लोगों को इससे कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समिति इसे हटाने की लंबे समय से मांग कर रही है, लेकिन सरकार की ओर से फिर भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सदस्यों ने सरकार से जल्द से जल्द डीडीए हटाने की मांग की। यहां धरना प्रदर्शन में निवर्तमान पालिकाध्यक्ष व समिति के संयोजक प्रकाश चंद्र जोशी, शहाबुद्दीन, प्रताप सिंह सत्याल, एसएस बनकोटी, रोबिन मनोज भंडारी, आनंद सिंह बगड़वाल, जदगीश सिजवाली, सुनयना मेहरा, हेम चंद्र जोशी, शंकर दत्त भट्ट, प्रत्येश पांडे, लक्ष्मण सिंह ऐठानी समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं को अग्निवीर योजना की जानकारी देते वायुसेना के अधिकारी।

अग्निवीर योजना को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

टनकपुर : भारतीय वायुसेना की टीम ने मंगलवार को चम्पावत के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और अटल उत्कर्ष राजकीय इंटर कॉलेज में जाकर विद्यार्थियों को जागरूक किया। कमान अधिकारी विंग कमांडर विशाल चोपड़ा ने छात्र-छात्राओं को अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया में शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक मापदंड और अग्निपथ योजना के फायदों की जानकारी दी। छात्रों को एनडीए, सीडीएस और ऑफिसर्स कैडर के बारे में भी बताया गया। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी एम बिष्ट, प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह बिष्ट और राबाइ कालेज की प्रधानाचार्य भुवनेश्वरी फोनिया, सार्जेंट राकेश सारण, कॉरपोरल मोरेश्वर कावड़कर और मिस्टर रविन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। इससे पूर्व टीम के अधिकारियों ने चम्पावत में जिलाधिकारी नवनीत पांडेय से भेंट कर आगामी योजनाओं के संदर्भ में चर्चा की।

अल्मोड़ा में विकास कार्यों को लटका रही है सरकार

विधायक तिवारी बोले, दस में से मात्र तीन योजनाओं को दी स्वीकृति

▸▸ अल्मोड़ा विधायक ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अल्मोड़ा में मंगलवार को प्रेस वार्ता करते विधायक मनोज तिवारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने सरकार पर विधानसभा की विभिन्न विकास कार्यों को लटकाने का आरोप लगाया। कहा कि साल 2022 में मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से दस-दस प्रमुख योजनाओं की सूची मांगी थी। लेकिन अब तक दस में से मात्र तीन योजनाओं को ही शासन की ओर से स्वीकृति दी गई है।

मंगलवार को नगर के मालरोड स्थित एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक तिवारी ने उन्होंने अल्मोड़ा में पेयजल की भविष्य की समस्याओं को देखते हुए सरयू शेराघाट पंपिंग योजना धरातल में लाने, हार्ट केयर यूनिट की स्थापना करने, कसारदेवी, बानड़ी देवी मंदिर को अल्मोड़ा नगर तक रोपवे परियोजना से जोड़ने, स्पोर्टस कॉलेज की स्वीकृति देने समेत दस प्रमुख योजनाओं की मांग रखी गई थी। लेकिन कार्यकाल के ढाई साल बीतने के बाद भी विधानसभा की एक भी योजना में काम शुरू नहीं हो पाया है। हालांकि शासन ने तीन योजनाओं को स्वीकृति दी है, लेकिन इनमें से सिर्फ बाड़ेछीना पॉलिटेक्निक भवन का ही काम शुरू हो पाया है। इससे उनकी विधानसभा के अधिकांश बड़ी योजनाएं ठंडे बस्ते में है। उन्होंने शासन से जल्द प्रस्तावित योजनाओं को धरातल पर लाने की मांग उठाई। यहां प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूरन रौतेला, तारा चंद्र जोशी, राधा बिष्ट आदि रहे।

व्यापारियों ने सीएम से की मुआवजा दिलाने की मांग

बनबसा : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल बनबसा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजे ज्ञापन कहा है कि बीते 8 जुलाई को बनबसा क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ के चलते नगर के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में पानी घुस गया था। जिस कारण नगर के सभी व्यापारियों का कुल 4.92 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। कहा कि व्यापारियों का हुए नुकसान की सूची शासन को भेजी गई थी लेकिन अभी तक व्यापारियो को मुआवजा नहीं दिया गया। कहा कि मुआवजा नहीं मिलने के कारण वयापारियों में रोष व्याप्त है। सभी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से मुआवजे की राशि जल्द से जल्द देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी, महमंत्री अभिषेक गोयल, कमल गुप्ता, आशीष गर्ग, देवकी नन्दन जोशी, हर्षित गोयल, मंत्री राकेश गर्ग, सूरज रौतेला, राहुल भाटिया, मदन बोहरा आदि रहे।

एसएसजे में सड़क को सुधारने की मांग उठाई

अल्मोड़ा में मंगलवार को एनएसयूआई ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ एनएसयूआई ने डीएम को ज्ञापन सौंप उठाई मांग

▸▸ जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

अमृत विचार: सोबन सिंह जीना परिसर की आंतरिक सड़क को ठीक करने की मांग तेज होने लगी है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से जुड़े छात्र नेताओं ने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जल्द सड़क सुधारिकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन में कहा कि लोअर माल रोड से अपर माल रोड को जोड़ने वाली आंतरिक सड़क बदहाल है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इससे कई दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। छात्रों ने जिलाधिकारी से शीघ्र समस्या के निस्तारण की मांग की। वहीं नशा मुक्त अल्मोड़ा बनाने के लिए भी अभियान चलाने की मांग छात्रों ने उठाई। यहां अमित बिष्ट, संजू सिंह, सुरेंद्र धामी, अंकित, अक्षय, दिव्या, कंचन, भूमिका मौजूद रहे।

अल्मोड़ा मल्ला महल का मंगलवार को डीएम व सीडीओ ने निरीक्षण किया।

डीएम ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ मल्ला महल में संचालित म्यूजियम का भी किया निरीक्षण

अमृत विचार: डीएम आलोक कुमार पांडे ने मंगलवार को अल्मोड़ा मुख्य बाजार का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा।

इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन मुंशी हरी प्रसाद टम्टा धर्मशाला एवं पिंक टॉयलेट का भी निरीक्षण कर कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए इनको संचालित करें। उन्होंने बाजार भ्रमण के दौरान आम जनमानस से भी वार्ता की और उनसे अधिकारियों की कार्यप्रणाली का फीडबैक प्राप्त किया। इसके अलावा उन्होंने मल्ला महल में चल रहे म्यूजियम के कार्यों का भी निरीक्षण किया और गतिमान कार्यों के बारे में विभिन्न जानकारियां ली। निरीक्षण के दौरान सीडीओ दिवेश शाशनी, एसडीएम सदर जयवर्धन शर्मा, सीओ विमल प्रसाद, ईओ नगर पालिका भरत त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एसएसजे में धूमधाम से मनाया एनएसएस योजना दिवस

अल्मोड़ा : एसएसजे परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस भव्य रूप से मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को जीवन में उतार सामाजिक और देश हित में कार्य करने के लिए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया। एनएसएस स्वंय सेवियों ने विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवियों को एनएसएस के उद्देश्यों की जानकारी दी। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने छात्रों को नशा न करने का संकल्प लेने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। यहां प्रो. शेखर जोशी, डॉ. नंदन सिंह बिष्ट, डॉ. ममता पंत, नंदन सिंह, जितेंद्र कुमार, जयवीर नेगी आदि रहे।

कुंदन, मोहन और मोहन रयाल मनोनीत किए गए मंडल अध्यक्ष

▸▸ देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने ग्रामीण इकाइयों का गठन किया

▸▸ पूरन और चंदन को महामंत्री की मिली जिम्मेदारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया।

अमृत विचार : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा ने ग्रामीण इकाईयों का गठन कर दिया है। ताकुला मंडल से कुंदन नगरकोटी, बसोली से मोहन डंगवाल और कसारदेवी से मोहन रायल को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है।

देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने बताया कि ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के अलावा ताकुला से पूरन सिंह सुप्याल और बसोली से चंदन सिंह बिष्ट को महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं, जिले की कार्यकारिणी का भी विस्तार करते हुए अशोक सिंह बिष्ट को उपाध्यक्ष और दर्शन सिंह पिलख्वाल को जिला मंत्री का दायित्व दिया गया है।

कहा कि वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों के शामिल होने से देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा संगठन को और अधिक मजबूती मिली है।

यहां प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, महामंत्री राज कुमार केसरवानी, नगर अध्यक्ष संजय साह 'रिक्खू',प्रमोद पवार, वंदना वर्मा, मनु गुप्ता, अशोक तिवारी,दर्शन जोशी, गिरीश आर्या, दीप चंद्र जोशी, हिमांशु कांडपाल आदि व्यापारियों खुशी जताई।

सृष्टि और सौम्या का नेशनल गेम्स के लिए हुआ चयन

सृष्टि लापर व सौम्या वर्मा।

टनकपुर : जवाहर नवोदय विद्यालय चम्पावत में आठवीं कक्षा की छात्रा सृष्टि लापर व सौम्या वर्मा का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए हुआ है। इन दोनों होनहार छात्राओं का चयन हैंडबॉल गेम्स में अंडर 14 में नेशनल के लिए हुआ है। इन दोनों खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। नेशनल गेम के लिए इनका चयन देहरादून, संभल, कटनी मध्यप्रदेश में खेली गई प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए हुआ है। सृष्टि और सौम्या का नेशनल टीम में चयन होने पर विद्यालय परिवार के साथ ही जिले के तमाम संगठनों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मुडियानी में लूट करने के दो आरोपी गिरफ्तार

▸▸ मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

संवाददाता, टनकपुर

पुलिस की गिरफ्त में आए अभियुक्त।

अमृत विचार : करीब एक पखवाड़ा पूर्व कार में सवार तीन लोगों ने चम्पावत के मुड़ियानी के पास एक व्यक्ति से मारपीट कर हजारों की नगदी लूट ली थी। इस मामले में पुलिस ने आज दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

चम्पावत क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मी दत्त भट्ट निवासी मुड़ियानी ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि 5 सितंबर को जब वह चम्पावत से वापस घर को जा रहे थे तो एक लाल रंग की गाड़ी में लिफ्ट ली। जब उन्होंने वाहन चालक से मुड़ियानी क्षेत्र में गाड़ी रोकने को कहा तो उसने गाड़ी नहीं रोकी तथा उसको जबरदस्ती आगे ले जाकर वाहन चालक व दो अन्य व्यक्तियों ने मारपीट करते उससे 13 हजार रुपये व अन्य सामान छीन लिया। इस संबंध में कोतवाली चम्पावत में धारा 309 बीएनएस में पंजीकृत किया गया। पुलिस को सीसीटीवी व सर्विलांस से घटना में वाहन संख्या यूके 06डब्लू -8185 का संलिप्त होना प्रकाश में आया।

पुलिस टीम ने उक्त वाहन के स्वामी और चालक रामकिशोर पुत्र माखनलाल गंगवार, निवासी मुड़ियातोली, नवाबगंज, बरेली, उत्तर प्रदेश को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। चालक की निशानदेही पर ही मारपीट और लूटपाट के मामले में नवाबगंज बरेली यूपी के ही रहने वाले सोनू गंगवार पुत्र मुरारी लाल और साजन गंगवार पुत्र टीका राम के नाम सामने आए थे। पुलिस टीम ने मंगलवार को दोनों को चम्पावत क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

उत्तर प्रदेश

आठ विवि में होंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 4 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत, वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार हो सकेंगे शिक्षक और छात्र

▸▸ शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनेंगे विश्वविद्यालय

▸▸ रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर समेत अन्य शामिल

अमृत विचार : राज्य सरकार आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुल 58 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने जा रही है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देना है।

इससे छात्र और शिक्षक इस क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनेंगे। इसके लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों को कुल 03 करोड़ 88 लाख 77 हजार 8 सौ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से छात्रों और शिक्षकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उच्च शिक्षा मंत्री, योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से न केवल छात्रों को शोध और तकनीकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी, बल्कि यह विश्वविद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधनों का लाभ उठाकर अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकें।

दरअसल, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत विश्वविद्यालयों में प्रोजेक्ट फेलो के साथ-साथ अत्याधुनिक शोध उपकरण, पुस्तकालयों का विकास और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाना है। यह न केवल छात्रों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें उद्योग और अनुसंधान क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय स्तर पर योजना की मॉनीटरिंग की जाएगी और शासन को अवगत कराया जाएगा।

रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय भी शामिल

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को शामिल किया गया है।

भिक्षावृत्ति में फंसे बच्चों को भी मुक्त कराना दायित्व

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवगठित राज्य महिला आयोग की पदाधिकारियों, सदस्यों से कहा कि देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है।

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे। साथ ही कहा कि भिक्षावृत्ति की अवैध गतिविधियों में फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उनकी पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की मुहिम में भी महिला आयोग योगदान करे। मंगलवार को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने जरूरी निर्देश व सुझाव दिए।

सड़क हादसे में रेस्टोरेंट मालिक समेत दो की मौत

संवाददाता, सैफनी (रामपुर)

▸▸ शाहबाद मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

▸▸ पोस्टमार्टम कराए बिना ही किया दोनों शवों को किया सुपुर्द खाक

अमृत विचार : होटल बंद करके गांव जाते समय शाहबाद मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार रेस्टोरेंट संचालक और रेस्टोरेंट पर काम करने वाले युवक को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम न कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। इसके बाद परिजन शवों को घर ले गए। मंगलवार को दोनों शव सुपुर्दे-खाक कर दिए गए।

क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी 30 वर्षीय नाजिम पुत्र लाले का सैफनी में रेस्टोरेंट है। गांव का ही 19 वर्षीय शमशाद पुत्र अफसर भी उसके रेस्टोरेंट पर काम करता था। सोमवार रात करीब 12 बजे होटल बंद करके नाजिम और शमशाद अपने घर जा रहे थे। बाइक नाजिम चला रहा था जबकि शमशाद पीछे बैठा था। धनौरा मोड़ के पास तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवक दाएं-बाएं जा गिरे और लहूलुहान हो गए। कुछ ही देर में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। मौके पर एकत्र हुए लोगों ने मृतकों की पहचान किशनपुर गांव निवासी नाजिम और शमशाद के रूप में की। थानाध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान इलियास ने शवों का पोस्टमार्टम न कराने के लिए लिखकर दिया है। इसके बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए।

प्रेमिका के परिजनों को नशा सुंघाकर जेवर लूटे

रामपुर, अमृत विचार : प्रेमी ने अपने साथियों के साथ प्रेमिका के परिजनों को नशा सुंघाकर घर में रखे 20 तोले सोने के जेवर, 2 किलो चांदी व 1 लाख रुपये लूट लिए।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी रिटायर्ड शिक्षक ने अपनी बेटी की शादी 4 दिसंबर 2023 को जिला बरेली के थाना सीबी गंज निवासी प्रमोद से की थी। वह छह माह की गर्भवती भी है। कुछ दिन पहले वह मायके आई थी। इसी बीच उसका प्रेमी मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव भजनपुरी निवासी धर्मेंद्र लोधी अपने साथी प्रताप व शीला के साथ उनकी बेटी की मदद से घर में घुस गए। आरोपियों ने शिक्षक और उनके परिजनों को नशा सुंघाकर बेहोश कर दिया और घर में रखा 20 तोला सोना, 2 किलो चांदी और 1 लाख रुपये लूटकर ले गए।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2460, राज श्री 1840, फ़ॉर्चून कि. 2145, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली. 1975, जय जवान 1915, सचिन 1990, सूरज 1940, अवसर 2050, राग गोल्ड 2090, गृहणी ली 1990, क्लासिक (किलो) 2085, मोर 2110, चक्र टिन 2230, ब्लू 2160, आशीर्वाद मस्टर्ड 2350, स्वास्तिक 2430 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल- (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1तिलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13000, मोटा हीरा 15000, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी - डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040।

एसएंडपी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर रखा बरकरार

रेटिंग्स एजेंसी को उम्मीद- आरबीआई मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में करेगा कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठोस वृद्धि से मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने पर आरबीआई कर सकेगा ध्यान केंद्रित

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8% पर मंगलवार को बरकरार रखा और कहा कि उसे उम्मीद है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9% बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। एजेंसी ने कहा कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि

यह 2024-25 के लिए हमारे सकल घरेलू उत्पाद के 6.8% की दर के अनुमान के अनुरूप है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी थी। एसएंडपी ने कहा कि हमारा परिदृश्य यथावत बना हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई जल्द से जल्द अक्टूबर में दरों में कटौती शुरू कर देगा और चालू वित्त वर्ष (मार्च 2025 में समाप्त होने वाले) में दो बार दरों में कटौती की योजना बनाएगा। एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहेगी।

सरकार का मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने का है लक्ष्य

सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दोनों तरफ दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। आरबीआई की ब्याज दर निर्धारित करने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक सात से नौ अक्टूबर को होने वाली है। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 से नीतिगत दर को 6.5% पर यथावत रखा है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की कटौती की है। इसके बाद आरबीआई के अगले महीने इसमें 0.25% की कटौती करने की उम्मीद है।

85,000 अंक लांघने के बाद फिसला सेंसेक्स

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक और एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंचा। हालांकि, बाद में दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और कुछ बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद हुए।

- एनएसई के निफ्टी ने भी 26,000 अंक को किया पार

सेंसेक्स 14.57 अंक यानी 0.02% की गिरावट के साथ 84,914.04 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 85,000 अंक पहुंचा था। यह 234.62 अंक यानी 0.27% की बढ़त के साथ उच्चतम स्तर 85,163.23 अंक पर पहुंच गया। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की घोषणा से धातु शेयरों को गति मिली। दोपहर में रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली से यह दिन के निचले स्तर 84,716.07 अंक तक आ गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। एनएसई का निफ्टी 1.35 अंक यानी 0.01% की बढ़त के साथ 25,940.40 अंक पर बंद हुआ। यह 72.5 अंक चढ़कर नये रिकॉर्ड स्तर 26,011.55 अंक तक चला गया था।

कीमत स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई गवर्नर बोले- केंद्रीय बैंकों को नियमन और निगरानी के उपायों को अपनाना चाहिए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि कीमत स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी है। अगर केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता देता है और इसके लिए बड़े स्तर पर वृद्धि के साथ समझौता करता है ऐसी परिस्थिति में दोनों के बीच सामंजस्य बैठाने की जरूरत पड़ती है। दास ने काठमांडू में कहा कि अर्थव्यवस्था की मदद के लिए, केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति के साथ नियमन और निगरानी जैसे उपायों को अपनाना चाहिए।



उन्होंने नेपाल राष्ट्र बैंक के हिमालय शमशेर स्मृति व्याख्यान में कहा कि मूल्य स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मूल्य स्थिरता के लिए वृद्धि को छोड़ा जाता है। दास के अनुसार, यह हो सकता है कि मूल्य स्थिरता के लिए उपाय वित्तीय स्थिरता के लिए उपयुक्त नहीं हों। हाल ही में कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऐसा ही देखा गया। वहां जब सख्त मौद्रिक नीति ने बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संदर्भ में आरबीआई के कार्य मूल्य स्थिरता से कहीं अधिक व्यापक हैं और इसमें वित्तीय स्थिरता बनाए रखना शामिल है। दास ने कहा कि इससे हमें अर्थव्यवस्था के बारे में समग्र दृष्टिकोण अपनाने, तालमेल के साथ आगे बढ़ने और हमारे पास जो भी साधन हैं, उसका उपयोग कर कदम उठाने में मदद मिलती है।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5850 मसूरी- 5700 बासमती- 9200 परमल- 3800 दाल दलहन : काला चना- 8750 साबुत चना दाल- 9600 मूंग साबुत- 10800 राजमा- 12600-14800 दाल उड़द- 10800 साबुत मसूर दाल- 9400 मसूर दाल- 7600 उड़द साबुत- 11800 काबुली चना- 12600-16700 अरहर दाल- 16900 लोबिया/करमानी- 8900 सोयाबीन- 4900 मूंगफली- 11800 मटर (सूखी)- 5900 मक्का- 3500

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	76500
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	75500
सिल्वर (पक्की)	890 (अनुमानित)

फर्जी पंजीकरण : 10,700 जाली कंपनियों का लगा पता

नई दिल्ली, एजेंसी

- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 20 राज्य करेंगे आधार प्रमाणीकरण शुरू

कर अधिकारियों ने जीएसटी के तहत 10,700 फर्जी पंजीकरण का पता लगाया है, जिनमें 10,179 करोड़ की कर चोरी शामिल है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण पहले से ही 12 राज्यों में लागू है और चार अक्टूबर तक अन्य चार राज्य को भी इसमें शामिल किया जाएगा। अंततः मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित 20 राज्य आधार प्रमाणीकरण शुरू करेंगे।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा कि भविष्य में कर अधिकारी नए करदाताओं पर उनके जोखिम प्रोफाइल के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे।

उद्योग जगत से चार लाख करोड़ की ऋण मांग : एसबीआई

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा है कि बैंक को भारतीय उद्योग जगत से चार लाख करोड़ रुपये के कर्ज की मांग मिल चुकी है। उन्होंने 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी आने की उम्मीद भी जतायी। शेट्टी ने कहा कि हम निजी पूंजीगत व्यय में अच्छी रुचि देख रहे हैं। बुनियादी ढांचे के लिए वित्तपोषण मुख्य रूप से सड़कों, नवीकरणीय ऊर्जा और कुछ रिफाइनरियों से आ रहा है। सार्वजनिक व्यय की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1% बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ कर दिया था। यह देश के जीडीपी का 3.4% है। शेट्टी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने पुरानी परियोजनाओं का विस्तार शुरू किया है, जिसके लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण उनके नकदी स्रोतों से किया गया है।

बैंक जमाराशि वृद्धि में कमी से बॉण्ड से धन जुटाने के लिए मजबूर : इक्रा

मुंबई, ,एजेंसी

- 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से किए जाएंगे जारी

धीमी जमा वृद्धि से बैंकों को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बॉण्ड जारी कर 1.3 लाख करोड़ तक जुटाने पर मजबूर होना पड़ेगा। मंगलवार को रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, बॉण्ड की राशि 1.2-1.3 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी और यह अभी तक का सर्वाधिक है। यह बॉण्ड राशि ऐसे समय में जारी होगी जब जमा तथा ऋण वृद्धि के बीच लगातार अंतर जारी है। 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा जारी किए जाएंगे।

इसी के साथ ऋणदाताओं के बीच बुनियादी ढांचा बॉण्ड के लिए बढ़ती मांग बाजार को गति प्रदान करेगी। एजेंसी ने कहा कि नकदी की कठिन परिस्थितियों तथा ऋण वृद्धि के जमा वृद्धि से अधिक होने के कारण बैंकों के लिए वैकल्पिक स्रोतों से धन जुटाना आवश्यक हो गया है। बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में बॉण्ड जारी कर एक लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। इससे पहले 2022-23 में 1.1 लाख करोड़ जुटाए गए थे, जो मौजूदा बॉण्ड राशि से पहले सर्वाधिक था।

एक नजर

कोलकाता में एक हिस्से को छोड़कर ट्राम सेवा होगी बंद

कोलकाता। बंगाल सरकार ने मैदान से एस्प्लेनेड तक एकमात्र हेरिटेज खंड को छोड़कर कोलकाता में 150 साल पुरानी ट्राम सेवा को बंद करने का फैसला किया है। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी। हालांकि, ट्राम प्रेमियों ने इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने का फैसला किया है। कोलकाता देश का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां ट्राम का संचालन जारी है।

ऑटो-ट्रक की भिड़ंत में 6 की मौत, 3 लोग घायल

दमोह। मध्यप्रदेश के दमोह जिले में कटनी राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर ट्रक ने ऑटो को कुचल दिया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि समन्ना गांव के पास ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर कलेक्टर और एसपी के साथ एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए दमोह से जबलपुर तक कॉरिडोर भी बनाया गया। क्रेन की मदद से ऑटो को ट्रक के नीचे से निकाला गया। घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।

प. बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

कोलकाता। प. बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले के न्यू मैनागुड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजकर 20 मिनट पर यह घटना हुई। गुवाहाटी से आ रही यह मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी। अलीपुरद्वार के संभागीय रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) अमर जीत गौतम ने बताया कि इस मार्ग पर साढ़े 12 बजे ट्रेनों का यातायात बहाल कर दिया गया।

राष्ट्रीय

मुठभेड़ में मृत शिंदे पर एक और मुकदमा, जांच के आदेश

बदलापुर यौन शोषण : गोलीबारी की घटना के वक्त शिंदे को नवी मुंबई की तलोजा जेल से लाया जा रहा था ठाणे

ठाणे, एजेंसी

ठाणे पुलिस ने पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी के लिए बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। साथ ही आरोपी की आकस्मिक मौत का भी मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पहले बताया था कि सोमवार शाम को जिस वक्त गोलीबारी हुई, उस वक्त शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में नवी मुंबई की तलोजा जेल से ठाणे जिले के बदलापुर ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, इस घटना में शिंदे की मौत हो गई थी।

आरोपी अक्षय शिंदे के मुठभेड़ में मार जाने के बाद वैन की जांच करती फोरेंसिक टीम।

शिंदे (24) पर बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप है। बदलापुर के एक स्कूल में संविदा सफाईकर्मी शिंदे को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

आरोपी के रिश्तेदारों ने पुलिस के दावे पर सवाल उठाया

ठाणे। बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के परिजनों ने पुलिस के इस दावे को चुनौती दी है कि पहले अक्षय ने पुलिसकर्मी पर गोली चलाई, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हो गई। शिंदे के परिजनों ने दावा किया कि पुलिस ने जुर्म कबूलने के लिए उस पर दबाव बनाया था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शिंदे की मौत संबंधी घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

आरोपी की मौत की जांच करेगी सीआईडी

मुंबई। महाराष्ट्र का अपराध जांच विभाग (सीआईडी) बदलापुर के आरोपी अक्षय शिंदे की मौत की जांच करेगा। फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों के दल ने मंगलवार को उस पुलिस वाहन की जांच की, जिसमें पुलिसकर्मी ने शिंदे को गोली मारी थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूंकि यह घटना पुलिस हिरासत में मौत से जुड़ी है अतः इसकी जांच महाराष्ट्र सीआईडी करेगी। सीआईडी अधिकारियों का दल मुंब्रा बाईपास जाएगा जहां घटना हुई। वे उन पुलिसकर्मियों का बयान दर्ज करेंगे जो घटना के वक्त वाहन में थे। सीआईडी शिंदे के माता-पिता के बयान भी दर्ज करेंगे। शिंदे के शव का पोस्टमार्टम मुंबई के जेजे हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में हुआ। शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने बेटे की हत्या की जांच की मांग की है।

राउत बोले- सरकार स्कूल प्रबंधन का बचाव कर रही

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने अक्षय शिंदे की मुठभेड़ में मौत पर संदेह जताया और दावा किया कि राज्य सरकार स्कूल प्रबंधन के बचाव का प्रयास कर कर रही है। यह मुठभेड़ संदिग्ध है, लेकिन ऐसे आरोपी के प्रति सहानुभूति दिखाने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह हत्या या मुठभेड़ मुख्य आरोपी (स्कूल प्रबंधन) का बचाव करने के लिए की गई थी।

लेखा परीक्षण से धन की सुरक्षा के साथ जन विश्वास बढता है: मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

- लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16वीं सभा का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि लेखा परीक्षण संस्थान लेखा परीक्षण और आकलन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनविश्वास बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा आयोजित लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16 वीं सभा का उद्घाटन किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर गैर पारदर्शी लेखांकन प्रथाओं से घिरी रहती है। ऐसी स्थिति में स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक संसाधनों को कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग से और ईमानदारी के साथ प्रबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के लेखा परीक्षण और आंकलन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कैग देश की सार्वजनिक वित्त व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पत्नी के जीविकोपार्जन में सक्षम होने से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पत्नी के जीविकोपार्जन के लिए सक्षम होने की वजह से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता। अदालत ने कहा कि पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने निचली अदालत द्वारा पत्नी को भरण-पोषण देने के निर्देश के खिलाफ पति की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की देखभाल करने, बच्चों की जरूरतों और पति तथा उसके माता-पिता की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ देती हैं। याचिकाकर्ता पति के बारे में कहा जा रहा है कि उसने पत्नी और बच्चों को छोड़ दिया है और वह दूसरी महिला के साथ रह रहा है। निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 30,000 रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था, साथ ही उसे मानसिक यातना, अवसाद और भावनात्मक पीड़ा आदि के लिए पांच लाख देने का आदेश दिया था। निचली अदालत ने उसे अपनी पत्नी को मुआवजे के तौर पर तीन लाख देने का निर्देश दिया था, जिसमें मुकदमेबाजी की लागत के रूप में 30,000 रुपये शामिल हैं।

राहुल ने भाजपा से पूछा- क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की समस्या को लेकर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और सवाल किया कि आख़िर राज्य के युवा डंकी होने पर मजबूर क्यों हैं? उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिसमें युवाओं को सपनों के लिये अपनों से दूर नहीं होना पड़ेगा। यहां डंकी का तात्पर्य अवैध तरीके से दूसरे देश में जाने से है जिसे डंकी फ़्लाइट भी कहा जाता है।

राहुल गांधी ने अमेरिकी दौरे पर भारत से अमेरिका जाने वाले कुछ लोगों से मुलाकात की थी। इनमें से एक अमित भी थे जिनके परिवार से कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को

- बेरोजगारी की समस्या को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा को घेरा

करनाल जाकर मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इसका वीडियो एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया कि क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा? भाजपा द्वारा फैलाई बेरोज़गारी की बीमारी की कीमत लाखों परिवार अपनों से दूर हो कर चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान हरियाणा के उन युवाओं से मुलाकात हुई जो घर परिवार से दूर खुद को पराए मुल्क में खपा रहे हैं। भारत लौटने पर जब उनके परिवार से मिला तो उनकी आंखें दर्द से छलक उठीं।

भाजपा ने बेरोजगारी की महामारी फैलाई : प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। प्रदेश में कुल 4.5 लाख सरकारी पद हैं जिनमें से 1.8 लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा ने हरियाणा के युवाओं से भविष्य की सारी उम्मीदें छीनकर उनके साथ घोर अन्याय किया है।

एम्स के कार्यकारी निदेशक के बेटे पर लगे आरोपों की जांच करेगी समिति

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक के बेटे को गैर-क्रीमी लेयर के तहत ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने और एम्स, गोरखपुर में एमडी पाठ्यक्रम में उसके प्रवेश में अनियमितता के आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल एम्स, गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। गोपाल कृष्ण के बेटे अरुप्रकाश पाल को दो गैर-क्रीमी लेयर ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किए गए थे।

महिला को किराये के मकान में मिले गुप्त कैमरे, मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में महिला किरायेदार के बेडरूम और स्नानकक्ष में गुप्त कैमरे लगाने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रही महिला कुछ महीनों से इस मकान में अकेली रहती थी और शहर से बाहर जाने पर वह मकान मालिक के बेटे करण को चाबियां दे देती थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि महिला को व्हाट्सअप में असामान्य गतिविधि दिखी। जांच के बाद उसने पाया कि उसका व्हाट्सएप एकाउंट अज्ञात लैपटॉप पर लॉगइन है। उसने स्नानकक्ष में बल्बहोल्डर में कैमरा देखा और पीसीआर कॉल की, पुलिस ने उसके बेडरूम में कैमरा मिला।

- व्हाट्सएप में असामान्य गतिविधि से हुआ मामले का खुलासा

आरटीआई पोर्टल को लेकर 11 राज्यों से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद अब तक नहीं शुरू हुआ पोर्टल

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत पोर्टल शुरू करने के लिए दाखिल याचिका पर आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित 11 राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत के 2023 के फैसले के बावजूद इन राज्यों ने अब तक पोर्टल नहीं शुरू किया है। न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश और उच्च न्यायालयों को तीन महीने में आरटीआई वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया था। अदालत ने रेखांकित किया था कि इस सुविधा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पादीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता अनुज नकाडे के वकील की दलील पर संज्ञान लिया जिन्होंने बताया कि 11 राज्यों ने अब तक अपनी आरटीआई वेबसाइट शुरू नहीं की है।

भाजपा मुझे चोर दिखाना चाहती है इसलिए जेल में डाला : केजरीवाल

चंडीगढ़। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर प्रहार तेज करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें चोर दिखाना चाहती है लेकिन उनके कट्टर शत्रु भी मानते हैं कि वह भ्रष्ट नहीं हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आप प्रत्याशी हरपिंदर सिंह के समर्थन में सिरसा के रानिया विधानसभा क्षेत्र में एक रोडशो किया। केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने पर पिछले सप्ताह तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

स्कूल सुरक्षा के निर्देश अधिसूचित करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा पर केंद्र के दिशानिर्देश अधिसूचित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2021 में जारी दिशानिर्देशों को लागू करने का अनुरोध किया गया था। गैर सरकारी

- पीठ ने गैर सरकारी संगठन बीबीए याचिका पर की सुनवाई

संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का ने कहा कि आज तक केवल पांच राज्यों ने केंद्र के 2021 के स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर दिशानिर्देश को अधिसूचित किया है। पीठ ने वर्ष 2019 की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ वकील ने कहा कि याचिका में उन अभिभावकों की आशंका को दर्शाने का प्रयास किया गया है, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। याचिका में कहा गया है कि दिशानिर्देशों का उद्देश्य और लक्ष्य, सभी बच्चों को हर प्रकार के शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके शारीरिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और नैतिक कल्याण की गारंटी देने के लिए एक व्यापक कानून बनाना है।

टीम की तैयारियों से खुश हूं : हरमनप्रीत कौर

- 20 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा महिला टी-20 विश्वकप

मुंबई, एजेंसी

मुख्य कोच मजूमदार के साथ पत्रकारों से वार्ता करतीं कप्तान कौर। ● एजेंसी

हरमनप्रीत कौर लंबे समय से खिताब के करीब पहुंचकर चूकने के अहसास से परेशान हैं लेकिन भारतीय कप्तान को लगता है कि उनकी टीम ने तीन से 20 अक्टूबर तक यूएई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने की दावेदारी पेश करने के लिए अच्छी तैयारी की है।

वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है और तब वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए थे। भारत 2017 में महिला एकदिवसीय विश्व कप फाइनल भी खेला और वहां भी उप विजेता रहा। हरमनप्रीत दोनों टीमों का हिस्सा रहीं और उन्होंने 2020 टी-20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व भी किया था। टी-20 विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले हरनमप्रीत ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसके साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। खिलाड़ी लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं। हम पिछली बार इतने करीब आ गए थे और सेमीफाइनल (2023) में हार गए। हमारी सभी विभागों में तैयारी काफी अच्छी है। जुलाई के अंत में एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से भारतीय टीम को खेलने का मौका नहीं मिला है।

टीम ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में एक व्यापक तैयारी शिविर में हिस्सा लिया जहां खिलाड़ियों ने फिटनेस और क्षेत्ररक्षण में बहुत समय बिताया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां टीम अतीत में कमजोर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य कोच अमोल मजूमदार और मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड भी मौजूद थे। अब तक सभी टी-20 विश्व कप में खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा एशिया कप के दौरान हमने अच्छी क्रिकेट खेली, एक दिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं। हरमनप्रीत ने अपने लगभग डेढ़ दशक के करियर में कई वैश्विक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन उन्हें लगता है कि वह अब भी अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप की तरह ही उत्साहित हैं।

मानसिक ट्रेनिंग को भी दी तरजीह : मजूमदार

मुख्य कोच मजूमदार में बेंगलुरू में ट्रेनिंग शिविर पर अधिक प्रकाश डाला। हमने कुछ चीजों की पहचान की (श्रीलंका से हार के बाद) और हमने अगले शिविर में इन पर काम किया। हमने पहले फिटनेस और क्षेत्ररक्षण शिविर लगाया। फिर हमने 10 दिन का कौशल शिविर लगाया। हमने एक खेल मनोवैज्ञानिक (मुग्धा बावरे) को भी बुलाया। वह टीम के साथ शानदार रहीं। हमने एथलेटिक क्षमता, ऑलराउंड क्षेत्ररक्षण क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया, योग सत्र और मनोवैज्ञानिक सत्र भी जोड़े गए। बांग्लादेश में अशांति के कारण इस टूर्नामेंट को वहां से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

ब्रिस्बेन। गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद एलिस पेरी (36) और एश्ली गार्डनर (33) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले पांच गेंदे शेष रहते न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया हैं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 146 रन का स्कोर बनाया।

आज यहां 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 26 के स्कोर पर उसने बेथ मूनी (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जॉर्जिया वेयरहम ने कप्तान अलीसा हीली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में एमेलिया केर ने अलिसा हीली (27) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। तीसरे विकेट के रूप में जॉर्जिया वेयरहम (26) रन और एलिसा पेरी 29 गेंदों में (36) रन बनाकर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (5) और तालिया मैक्ग्रा (6) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 148 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

पैरालंपिक पदक विजेता व पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने पिछले महीने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले देश के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कुल 50 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस खेलों में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते थे।

पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में स्वर्ण जीतने वाले नितेश कुमार को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा रजत पदक विजेता सुहास यथिराज (पुरुष एकल एसएल4) और तुलसीमति मुरुगेसन (महिला एकल एसयू5) को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। कांस्य पदक विजेता मनीषा रामदास और नित्या श्री सिवन (महिला एकल एसएच6 श्रेणी) प्रत्येक को सात लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। तुलसीमति, मनीषा और नित्या ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

खेल डायरी

राफेल नडाल स्पेन की डेविस कप टीम में शामिल

मैड्रिड। स्पेन ने डेविस कप के लिए अपनी टीम में फिटनेस से जूझ रहे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को टीम में जगह दी है। नवंबर में होने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट के लिए 38 वर्षीय राफेल नडाल को कार्लोस अल्काराज, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ स्पेन की टीम में जगह दी गई है। डेविड फेरर टीम के कोच होंगे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। ओलंपिक के बाद नडाल को फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण यूएस ओपन और लेवर कप से हटना पड़ा। उन्होंने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते है। डेविस कप के लिए आठ देशों ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। डेविस कप क्वार्टर फाइनल 19 से 21 नवंबर के दौरान होंगे। सेमीफाइनल 22 और 23 नवंबर को और फाइनल 24 नवंबर को खेला जाएगा। मेजबान स्पेन का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नीदरलैंड से होगा।

फीफा ने नए कायदे कानून की पुस्तिका प्रकाशित की

जिनेवा। विश्व फुटबॉल नियामक संस्था (फीफा) ने दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नए नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र वाली कानूनी पुस्तिका का 2024 संस्करण प्रकाशित किया। फीफा द्वारा सोमवार को जारी की गई पुस्तिका के नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों तथा मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हाल ही में हुए बदलाव और संशोधन के बारे में जानकारी दी गई हैं। फीफा ने 2020 में इस पुस्तिका प्रकाशित किया था तब से प्रत्येक वर्ष यह कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा कानूनो के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर नियम और महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल है।

मालोर्का ने रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया

सेविले (स्पेन)। मालोर्का ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया। शुक्रवार की रात अलावेस और सेविला के बीच हुए मैच की तरह ही इस मुकाबले के दौरान भी कुछ घरेलू प्रशंसकों ने मैच की शुरुआत में अपनी सीट पर बैठने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि किकऑफ (मैच शुरू होने का समय) का समय असुविधाजनक है। फुटबॉल पारंपरिक रूप से सप्ताहांत और सप्ताह के मध्य में खेला जाता है लेकिन टीवी दर्शकों को संतुष्ट करने और बढ़ते मैचों की संख्यों से निपटने के लिए शुक्रवार और सोमवार की रात को अधिक से अधिक मैच जोड़े गए हैं। पिछले सप्ताह गेटाफे पर 2-1 की जीत में बेटिस के दोनों गोल करने वाले जियोवानी लो सेल्सो ने सात मिनट के बाद 25 मीटर की दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। डेनी रोड्रिगेज ने एक मिनट बाद मालोर्का को बराबरी दिला दी जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में वैलेरी फर्नांडीज ने गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से मालोर्का 11 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया जो बेटिस से तीन अंक अधिक हैं। बेटिस ने हालांकि एक मैच कम खेला है।

त्रीशा-गायत्री मकाऊ ओपन बैडमिंटन में जीते

मकाऊ। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने अकारी सातो और माया तागुची की जापान की जोड़ी को मंगलवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में लगभग एक घंटे चले मुकाबले में 15-21, 21-16, 21-14 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में एन सिक्की रेड्डी रुतविका शिवानी की जोड़ी ने महिला युगल क्वालीफिकेशन क्वार्टर फाइनल में चेयुंग यान यू और च्यु विंग ची की जोड़ी को 21-15, 21-10 से हराया। आर्यमन टंडन ने पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हमवतन तरूण मानेपल्ली को 11-21, 21-15, 21-17 से हराया लेकिन इसके बाद क्वार्टर फाइनल में एक अन्य हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा के खिलाफ 10-21, 22-24 से हार गए।

चीन में चमके भारतीय सितारे

जीवन-विजय ने जीता हांग्झोऊ ओपन , भांबरी-ओलिवेटी चेंगदू ओपन के उपविजेता बने

हांग्झोऊ ओपन के पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में खिताब जीतन के बाद जीवन और विजय, साथ में चेंगदू ओपन के उपविजेता युकी भांबरी और अल्बानो। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के जीवन नेदुनचेझियान और उनके जोड़ीदार विजय सुंदर प्रशांत ने मंगलवार को हांग्झोऊ ओपन का चैंपियन बनने के साथ पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता, जबकि युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी मंगलवार को चेंगदू ओपन में उपविजेता रहे।

जीवन और विजय की गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 49 मिनट तक चले मुकाबले में कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैर वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को 4-6, 7-6(5), 10-7 से शिकस्त दी। 35 साल के जीवन के लिए यह एटीपी टूर स्तर का दूसरा खिताब है। उन्होंने 2017 में रोहन बोपन्ना के साथ चेन्नई ओपन जीता था। विजय के लिए यह एटीपी टूर का पहला खिताब है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती सेट को 4-6 से गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को 7-6 से जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक खींचा। टाई ब्रेक में भारतीय जोड़ी 10-7 से आगे रही। जीवन और विजय की जोड़ी अपनी सर्विस पर अंक भुनाने के मामले में शानदार रही।

चेंगदू ओपन में भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने डौम्बिया और रेबौल को हराया

भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी चेंगदू ओपन के रोमांचक फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांस के सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की जोड़ी से 4-6, 6-4, 4-10 से हारकर अपने तीसरे खिताब से चूक गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में शुरुआती सेट को गंवाने के बाद भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। भारत और फ्रांस के खिलाड़ियों की जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो ऐस की तुलना में छह ऐस लगाये लेकिन छह डबल फॉल्ट करना उन्हें महंगा पड़ा। फ्रांस की जोड़ी के लिए यह भांबरी-ओलिवेटी पर उनकी पहली जीत थी। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने इस साल अप्रैल में म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन और मई में गस्ताद में स्विस ओपन के खिताब जीते थे।

चेन्नई हवाई अड्डे पर डी गुकेश का स्वागत करते लोग। ● एजेंसी

डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा, वैशाली और श्रीनाथ का जोरदार स्वागत

चेन्नई, एजेंसी

नायकों की घर वापसी

- ओलंपियाड में देश को स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद पूरी भारतीय टीम लौटी

ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय टीमों के सदस्यों का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर प्रशंसकों, अधिकारियों और परिवारों के सदस्यों ने स्वागत किया। डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और पुरुष टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन आज सुबह तड़के चेन्नई पहुंचे।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने रविवार को इतिहास रचते हुए हंगरी में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। उनकी असाधारण जीत ने भारत की नई शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को मजबूत किया। चारों के हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। टूर्नामेंट में अजेय अभियान के साथ भारतीय पुरुष टीम के दबदबे में अहम भूमिका निभाने वाले गुकेश ने अपने व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिखाए। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए चुनौती पेश करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने 18 वर्षीय गुकेश अब नवंबर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए तैयार हैं।

पंत का बड़ा प्रभाव रहा है, उसे शांत रखने की जरूरत: कमिंस

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा- पंत ने पहले भी खेली हैं कई अहम पारियां

कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया में भारत के लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीतने के अभियान में बड़ा प्रभाव रहे थे और उन्होंने इस साल के अंत में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इस तेजतर्रार विकेटकीपर बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत पर जोर दिया।

ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में भारत की ऐतिहासिक टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पंत ने दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में घायल होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए पिछले हफ्ते बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ा। कमिंस ने कहा वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका पिछली कुछ श्रृंखलाओं में बहुत बड़ा प्रभाव रहा है और हमें उसे शांत रखने की कोशिश करनी होगी। पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली दो टेस्ट श्रृंखला में योगदान दिया है।

दूसरे टेस्ट के लिए कानपुर पहुंची भारतीय टीम

- 27 से औद्योगिक नगरी में खेला जाएगा श्रृंखला का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच

कानपुर, एजेंसी

कानपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते रोहित शर्मा, विराट कोहली और बांग्लादेश की टीम। ● एजेंसी

बांग्लादेश के खिलाफ 27 सितंबर से शुरु होने वाले श्रृंखला के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिये भारतीय टीम के सदस्य मंगलवार को कानपुर पहुंचे। भारतीय टीम के सदस्य टुकड़ियों में यहां पहुंचे। सबसे पहले चकेरी हवाई अड्डे से भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली बाहर निकले जबकि कुछ देर बाद शुभमन गिल,रोहित शर्मा को औद्योगिक नगरी में आगमन हुआ।

बांग्लादेश की टीम भी यहां पहुंची। दोनों टीमें बुधवार से ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम पर बारी-बारी से अभ्यास करेंगी। दोनो टीमों को शहर के एकमात्र तीन सितारा होटल लैंडमार्क में ठहराया गया है। टीमों के अभ्यास के शेड्यूल जारी होना बाकी है हालांकि सूत्रों का दावा है कि सुबह के सत्र में मेहमान बांग्लादेश की टीम ग्रीनपार्क में नेट प्रैक्टिस करेगी जबकि शाम को भारतीय टीम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। अरसे बाद ग्रीनपार्क पर टेस्ट मैच के आयोजन को लेकर कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ होटल के बाहर दोपहर से ही जम गयी। सुरक्षा के लिहाज से हालांकि पुलिस प्रशंसकों को धकियाते दिखायी दी। होटल में क्रिकेट सितारों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम के लिए आईसीसी टेस्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में अपनी रैंकिंग को मजबूत करने का कानपुर में भरपूर मौका होगा।

बॉलीवुड हलचल

पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू

पेरिस। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में ग्लैमरस अंदाज में डेब्यू किया। आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में डेब्यू कर धमाल मचा दिया है। आलिया पहली बार में पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनकर सबका दिल जीत गईं। आलिया ने इतने स्टाइलिश अंदाज में रैंप वॉक किया कि हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। आलिया ने मैटेलिक कॉरसेट पहनकर रैंप पर एंट्री मारी। जिसे पहन वह चांदी सी चमकी और सबसे अलग नजर आईं। ब्यूटी ब्रांड लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए आलिया ने स्टाइल में रैंप वॉक किया। वह मेटैलिक सिल्वर बस्टियर में सजी नजर आईं, जिसे उन्होंने ब्लैक ऑफ-शोल्डर जंप सूट के साथ पेयर किया। मेकअप के लिए उन्होंने अपने होठों पर गुलाबी रंग का टच दिया। गीले बालों के साथ उनका लुक और भी आकर्षक लग रहा था। गौरतलब है कि हाल ही में आलिया को लोरियल पेरिस के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया था। वह कुछ दिन पहले पेरिस आई थीं। उन्हें अपने पति रणबीर कपूर के साथ पेरिस की सड़कों पर टहलते हुए भी देखा गया। दोनों ने एक प्रशंसक के साथ तस्वीर खिंचवाई, जो तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

आलिया ने देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाया

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने आने वाली फिल्म देवरा का गाना चुट्टमल्ले तेलगु में गाया। 27 सितंबर को जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की फिल्म देवरा सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के जरिए जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान दोनों ही साउथ में डेब्यू कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल हो रही है जोकि आलिया भट्ट और जूनियर एनटीआर के ज्वाइंट इंटरव्यू की है। आलिया इस दौरान जिगरा का प्रमोशन कर रही थीं जबकि जूनियर एनटीआर देवरा के प्रमोशन के लिए साथ आए थे। इस सेशन को करण जौहर ने ऑर्गेनाइज किया था। वीडियो में आलिया भट्ट देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाती नजर आ रही हैं।इस वीडियो को देवरा के एक्स हैंडल से शेयर किया गया है।आलिया का गाना सुनकर जूनियर एनटीआर उनकी तारीफ करते हुए वॉव कहते हैं।

वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंचे ऋतिक

रोम। बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रोशन वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंच गए हैं। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर एक शानदार लोकेशन की तस्वीर शेयर की, जहां फिल्म वॉर 2 की शूटिंग हो रही है।तस्वीर में उन्हें इटली की प्राकृतिक खूबसूरती का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। ऋतिक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा इटली वॉर 2 में सब कुछ कैद कर लिया गया है। ग्रे टी-शर्ट और धारीदार पैंट में ऋतिक बेहद आकृषक और स्टाइलिश लग रहे हैं।उनकी पोस्ट पर नेटिजन्स की दिल को छू लेने वाली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उन्हें उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद से भी तारीफ मिली।सबा ने कमेंट किया मेरा प्यार। गौरतलब है कि अपनी शानदार सुपरहिट फिल्मों वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र के निर्देशन से प्रसिद्ध अयान मुखर्जी वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म वॉर 2 में मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म वॉर 2 वर्ष 2019 में प्रदर्शित एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर का सीक्वल है। वॉर में ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर की अहम भूमिका थी।

भारत दो हॉकी मैचों की श्रृंखला के लिए जर्मनी की करेगा मेजबानी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी भारतीय टीम

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा हम इस श्रृंखला की मेजबानी से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक प्रतियोगिता रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं और मेरा मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को बेहतर बनाने का मौका देगी।

जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच ने कहा कि राष्ट्रीय टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। हॉकी के लिए भारत हमेशा विशेष स्थान रहा है और हमारी टीम उत्साही भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए रोमांचित है। यह श्रृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंध मजबूत करने का शानदार मौका है जबकि दोनों टीमों को आगामी वैश्विक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी मंच भी देगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके

जकार्ता। इंडोनेशिया के गोरोंटालो प्रांत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया की जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गयी, लेकिन इसके कारण समुद्र में ऊंची लहरें नहीं उठीं। एजेंसी ने बताया कि भूकंप के झटके जकार्ता समयानुसार मंगलवार को तड़के 02:51 बजे महसूस किये गये। इसका केंद्र गोरोंटालो शहर से 77 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 132 किमी की गहराई में था।

ईरान में कोयला खदान में मृतक संख्या बढ़कर 49 हुई

तेहरान, 24 सितंबर (एपी) ईरान ने मंगलवार को कहा कि देश के पूर्वी हिस्से में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण उसमें फंसे शेष श्रमिकों की भी संभवत: मौत हो गई होगी। इसके साथ ही, घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 49 हो गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक रिपोर्ट में, प्रांतीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली अखौंदी ने मृतक संख्या की जानकारी दी। यह घटना देश के तबास स्थित खदान में हुई।

चीन ने समुद्र से आठ उपग्रह लॉन्च किए

हैयांग। चीन ने मंगलवार को पूर्वी प्रांत शेडोंग के हैयांग शहर के पास समुद्र से आठ उपग्रहों का प्रक्षेपण किया और उन्हें नियोजित कक्षा में स्थापित किया। वाणिज्यिक रॉकेट स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह करीब 10:31 बजे तियानयी-41 और अन्य उपग्रहों को लेकर रवाना हुआ। यह प्रक्षेपण ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।

तुर्की एयरलाइंस ने लेबनान के लिए उड़ानें निलंबित की

इस्तांबुल। तुर्की की प्रमुख विमान कंपनी टर्किश एयरलाइंस और देश की कम लागत वाली विमान कंपनी, पेगासस एयरलाइंस ने बढ़ते जोखिमों के कारण लेबनान के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैबर्टर्क दैनिक के अनुसार, यह निर्णय लेबनान पर इज़रायल के हवाई हमलों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे बुधवार को बेरूत से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुईं। वर्तमान में, तुर्की एयरलाइंस की वेबसाइट पर मंगलवारके लिए इस्तांबुल से बेरूत का टिकट उपलब्ध नहीं हैं, हालांकि गुरुवार के लिए बुकिंग खुली हुई है।

नेपाल में आर्थिक सुधार के शुरुआती संकेत :आईएमएफ

काठमांडू। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि नेपाल की अर्थव्यवस्था में सुधार के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। नेपाल की 11 दिवसीय यात्रा के बाद संयुक्त राष्ट्र की वित्तीय एजेंसी ने सोमवार शाम को जारी एक बयान में आयात में वृद्धि, कर संग्रह में सुधार और सार्वजनिक निवेश में वृद्धि को सुधार के कारणों में से एक बताया गया। नेपाल में क्रेडिट वृद्धि में सुधार हो रहा है और यह सांकेतिक जीडीपी वृद्धि से बहुत नीचे है। जुलाई के मध्य तक मुद्रास्फीति में लगभग 3.6 प्रतिशत की गिरावट जारी रही, जो आंशिक रूप से अनुकूल कमोडिटी की कीमतों और कमजोर मांग प्रदर्शित करती है।

सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व मंत्री दोषी करार

- अगले महीने पूर्व मंत्री ईश्वरन को सुनाई जाएगी सजा

सिंगापुर, एजेंसी

लोक सेवक के रूप में कीमती वस्तुएं प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने के आरोपों में मंगलवार को दोषी ठहराए गए सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को तीन अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में मंगलवार को सुनवाई के बाद 62 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री की जमानत की अवधि बढ़ा दी गई।

अभियोजन पक्ष ने 62 वर्षीय पूर्व मंत्री को छह से सात महीने की जेल की सजा दिए जाने का अनुरोध किया था। ईश्वरन ने कहा था कि वह स्वयं को ईमानदार साबित करने के लिए मुकदमा लड़ेंगे लेकिन सुनवाई के पहले ही दिन उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति विन्सेंट हुंग ने दलीलें पेश करने के लिए बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष को धन्यवाद दिया।

अभियोजन पक्ष ने छह महीने की कैद का अनुरोध किया

अभियोजन पक्ष ने ईश्वरन के लिए छह से सात महीने की कैद का अनुरोध किया जबकि बचाव पक्ष ने दलील दी कि यदि न्यायाधीश को लगता है कि इस मामले में जेल की सजा देना उचित है तो ईश्वरन को आठ सप्ताह से अधिक कारावास की सजा नहीं दी जानी चाहिए। आरोप पढ़े जाने के बाद ईश्वरन से पूछा गया कि क्या वह आरोप स्वीकार करते हैं।

वर्कलोड से लाखों मौतें, काम के बोझ में भारत दूसरे स्थार पर

पुणे में युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट की कथित तौर पर ज्यादा वर्कलोड के कारण असामयिक मृत्यु की खबर ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इस घटना ने न केवल हर किसी को परेशान किया, बल्कि टॉक्सिक वर्कप्लेस कल्चर और कॉर्पोरेट जगत में ओवरवर्क इश्यू पर एक महत्वपूर्ण बहस भी खड़ी कर दी। डब्ल्यूएचओ और इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (आईएलओ) के मुताबिक, 2016 में लंबे समय तक काम करने के कारण स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट डिजीज से 7,45,000 लोगों की मृत्यु हुई, जो वर्ष 2000 की तुलना में 29% ज्यादा है। स्टडी ये भी बताती है कि 35-40 घंटे काम करने की तुलना में प्रति सप्ताह 55 या इससे अधिक घंटे काम करने से स्ट्रोक का खतरा 35% और कोरोनरी हार्ट डिजीज से मृत्यु का खतरा 17% बढ़ जाता है।

भारत में एक सप्ताह में कितने घंटे काम करते हैं लोग

भारत दुनिया के सबसे लंबे वर्किंग आवर्स वाले देशों में से एक है, जहां कर्मचारी औसत से अधिक घंटे काम करते हैं। यहां प्रति कर्मचारी सप्ताह में 46.7 घंटे वर्क करते हैं। साथ ही 51% कर्मचारी प्रति सप्ताह 49 या उससे ज्यादा घंटे काम करते हैं, जिससे भारत दुनिया के सबसे ज्यादा काम के घंटों वाले देशों में दूसरे स्थान पर है। जब आप ऑफिस के काम के बोझ को निपटाने के लिए एक्स्ट्रा आवर में वर्क करते हैं या ऑफिस वर्क को घर पर करते हैं, इसे ही ओवरवर्क करना कहते हैं। अगर आप इसे रोजाना करते हैं तो ये आपकी मेंटल हेल्थ, फिजिकल हेल्थ और सोशल लाइफ पर असर डालता है। इस आंकड़े को देखने के बाद ये तो साफ है कि भारत में 50% से अधिक लोग सप्ताह में 49 घंटे से अधिक काम करते हैं। ये आंकड़े वाकई हैरान करने वाले हैं। हालांकि, कुछ ऐसे भी देश हैं, जहां काम के घंटे बेहद कम हैं। यहां कर्मचारियों के हितों का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है। नीचे ग्राफिक में सबसे कम घंटे काम करने वाले 10 देशों की लिस्ट देख सकते हैं।



विकसित देशों में कितने घंटे काम

आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया के विकसित देशों में लोग एक सप्ताह में 40 घंटे से भी कम काम करते हैं, जो डब्ल्यूएचओ के बताए एक स्वस्थ मानक पर भी फिट बैठता है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन और स्विटजरलैंड समेत कई विकसित देश शामिल हैं। नीचे ग्राफिक में इस बारे में जानकारी दी गई है।

सेहत पर क्या असर

- बहुत ज्यादा काम करने से थकान के कारण नींद संबंधी समस्या हो सकती है।
- हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है, जिससे स्ट्रोक, हार्ट डिजीज और किडनी फेलियर का खतरा रहता है।
- डिप्रेशन और एंग्जाइटी का शिकार होने की संभावना बढ़ जाती है।
- टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा बढ़ सकता है।
- फैमिली को टाइम न दे पाने से परिवार में अनबन हो सकती है, जिससे आपकी पर्सनल लाइफ भी प्रभावित होती है।
- आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। मेंटल हेल्थ खराब हो सकती है।

जेलेंस्की ने शांति प्रक्रिया में भारत से मांगी मदद

तीन महीने में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। गौरतलब है कि मोदी और जेलेंस्की की पिछले एक महीने में यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले मोदी के यूक्रेन दौरे के दौरान दोनों नेता कीव में मिले थे।

मोदी ने संघर्ष के समाधान के लिए भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को भी दोहराया और कहा कि दोनों पक्षों (यूक्रेन और रूस) को शांतिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने के लिए एक मेज पर बैठना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक से पहले दोनों नेता गर्मजोशी से गले मिले। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के मौके पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। मीडिया में जारी बयान में कहा गया प्रधानमंत्री मोदी ने 23 सितंबर को समिट ऑफ द फ्यूचर इन न्यूयॉर्क के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने मोदी की हाल की यूक्रेन यात्रा को याद किया और द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर सुदृढ़ीकरण पर संतोष व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान मोदी ने कूटनीति और संवाद के साथ-साथ सभी हितधारकों के बीच सहभागिता के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने कहा कि संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि पिछले तीन महीने से भी कम समय में दोनों नेताओं की यह तीसरी मुलाकात है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बाताचीत करते मोदी। एजेंसी

सिख प्रतिनिधिमंडल मोदी से मिला

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में सिख समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने समुदाय के लिए भारत सरकार के किए कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सिख ऑफ अमेरिका संगठन के जसदीप सिंह जस्सी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में मोदी से मुलाकात के बाद कहा हम बहुत खुश थे और उनसे मुलाकात के बाद हमें बहुत सकारात्मक अनुभूति हुई। प्रधानमंत्री के कमरे में आते ही हमने सिखों के पारंपरिक जयकारे जो बोले सो निहाल के साथ उनका स्वागत किया और प्रधानमंत्री ने बहुत ही विनम्रता से जवाब में सत श्री अकाल कहा। विस्कॉन्सिन के प्रमुख सिख नेता दर्शन सिंह धालीवाल ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की। जस्सी ने कहा हमारी चर्चा बहुत अच्छी रही। प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए बहुत कुछ किया है। जस्सी ने कहा मुझे नहीं लगता कि भारत के इतिहास में किसी अन्य प्रधानमंत्री ने सिख समुदाय के लिए उतना किया जितना प्रधानमंत्री मोदी ने।

भारत ने यूएनएससी सुधारों पर भविष्य के समझौते को अच्छी शुरुआत बताया

न्यूयॉर्क। भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में सुरक्षा परिषद में सुधार पर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना एक अच्छी शुरुआत है और नई दिल्ली 15 देशों के निकाय में सुधार के लिए एक निश्चित समय सीमा में पाठ आधारित वार्ता की शुरुआत की आशा करती है। पाठ-आधारित वार्ता से तात्पर्य किसी समझौते की ऐसी विषय वस्तु तैयार करने की प्रक्रिया से है जिसे स्वीकार करने और जिस पर हस्ताक्षर करने के लिए सभी पक्ष तैयार हों। भविष्य के शिखर सम्मेलन के पहले दिन रविवार को विश्व नेताओं ने भविष्य के समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया जिसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया। अधिकारियों ने काफी समय से लंबित सुरक्षा परिषद सुधारों को लेकर भविष्य के समझौते की भाषा को अभूतपूर्व बताया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री से जब पूछा गया कि भारत भविष्य के समझौते में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर इस भाषा को किस प्रकार देखता है, उन्होंने कहा मैं आपका ध्यान केवल इस तथ्य पर दिलाना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर पहली बार कोई विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया गया है।

ट्रंप की तुलना में अधिक लोकप्रिय हैं कमला हैरिस

- मतदाताओं के मुताबिक हैरिस की पृष्ठभूमि व नीतिगत विचार बेहतर
- अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण में आया सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में किए गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव में एशियाई अमेरिकी, हवाई के मूल निवासी और प्रशांत द्वीप के मतदाता उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में अधिक उपयुक्त उम्मीदवार मान रहे हैं। एएपीआई (एशियाई अमेरिकी एवं प्रशांत द्वीप वासी) मतदाताओं का यह भी मानना है कि हैरिस ऐसी उम्मीदवार हैं जो उनकी पृष्ठभूमि और नीतिगत विचारों का बेहतर प्रतिनिधित्व करती हैं।

एएपीआई डेटा और एपीआईएवोट के नये सर्वेक्षण में पाया गया है कि 10 एएपीआई मतदाताओं में से लगभग 6 हैरिस के बारे में बहुत या कुछ हद तक अनुकूल राय रखते हैं, जबकि लगभग एक तिहाई की राय कुछ हद तक या बहुत प्रतिकूल है। प्रत्येक 10 एएपीआई मतदाताओं में तीन की ट्रंप के बारे में सकारात्मक राय है और करीब दो-तिहाई की नकारात्मक राय है। यह अक्टूबर 2023 से हैरिस के पक्ष में माहौल बेहतर होते जाने को दर्शाता है, जब एपी-एनओआरसी/एएपीआई डेटा सर्वेक्षण में पाया गया कि एएपीआई के लगभग आधे वयस्क उनके बारे में कुछ हद तक या बहुत अनुकूल राय रखते थे। हालांकि, इस समूह में ट्रंप के बारे में राय स्थिर बनी हुई है। हैरिस अश्वेत (ब्लैक) और दक्षिण एशियाई अमेरिकी दोनों हैं, और उन्होंने जॉर्जिया जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में एएपीआई मतदाताओं को एकजुट किया है, जहां उनकी संख्या बढ़ रही है। लेकिन सर्वेक्षण से पता चलता है कि एएपीआई मतदाताओं को ट्रंप की तुलना में हैरिस में अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रतिबिंबित होते देखने की अधिक संभावना नजर आ रही है।



सुदूर जापानी द्वीपों पर सुनामी की छोटी लहरें उठीं

तोक्यो। सुदूर जापानी द्वीपों पर आए भूकंप के बाद मंगलवार की सुबह सुनामी की छोटी लहरें उठीं। आशंका है कि सुदूर जापानी द्वीपों पर ज्वालामुखी गतिविधि के कारण भूकंप आया। अपतटीय क्षेत्र में आया भूकंप स्थानीय निवासियों को महसूस नहीं हुआ और सुनामी संबंधी चेतावनी करीब तीन घंटे बाद वापस ले ली गई। मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि इजू द्वीप के तटीय इलाके में मंगलवार सुबह 5.9 तीव्रता का भूकंप आया और कुछ ही मिनट बाद इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला में एक मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताते हुए सुनामी की चेतावनी जारी की गई।

कोर्ट ने मादुरो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

अर्जेंटीना की एक अदालत ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ कथित मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। टीएन ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी।

इससे पहले, वेनेजुएला की एक अदालत ने एमट्रासुर विमान के साथ हुई घटना को लेकर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, राष्ट्रपति सचिवालय की प्रमुख करीना माइली और सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अर्जेंटीना ने सितंबर की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अभियोजक से मादुरो की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने का अनुरोध किया था। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में अर्जेंटीना के एज़ीज़ा हवाई अड्डे पर वेनेजुएला की कंपनी एम्प्रेसा डे ट्रांसपोर्टे एरेओकार्गो डेल सुर का बोइंग 747 जब्त किया गया था।

अमरसूर्या ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

कोलंबो। हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वह वर्ष 2000 में सिरीमावो भंडारनायके के बाद इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला नेता बन गयीं। नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की 54 वर्षीय नेता अमरसूर्या को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शपथ दिलाई। दिसानायके ने स्वयं सहित चार सदस्यों का मंत्रिमंडल नियुक्त किया है। अमरसूर्या को न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने का स्थान लिया है।

इजराइल के हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई का कमांडर मारा गया

बेरूत, एजेंसी

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने बेरूत पर एक हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि इब्राहिम कोबेसी मंगलवार को मारा गया तथा वह इजराइल की ओर मिसाइल और रॉकेट हमले करने के लिए जिम्मेदार था।

इजराइली सेना ने कहा कि हमले के समय कोबेसी के साथ अन्य प्रमुख कमांडर भी थे, लेकिन अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि इसमें क्या कोई अन्य मारा गया या घायल हुआ है।

आईडीएफ ने ठिकानों पर हमले तेज किए

यरूशलम। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को लेबनान में शिया समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर लक्ष्य साधकर हमले शुरू करने की घोषणा की। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा आईडीएफ वर्तमान में लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन से संबंधित आतंकी ठिकानों पर हमला कर रहा है।

बदला लेने के लिए ईरान ने भेजे थे हजारों एसएमएस

- 2023 में धार्मिक मामले की घटना का बदला लेने की दी थी धमकी

स्वीडन कोपेनहेगन (डेनमार्क), एजेंसी

स्वीडन ने दावा किया कि उसके नागरिकों को 2023 में कुरान जलाने की घटना का बदला लेने की धमकी देने वाले हजारों एसएमएस भेजने के पीछे ईरान का हाथ है। स्वीडन के अधिकारियों का दावा है कि ईरान का अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड डेटा में सेंधमारी कर सार्वजनिक रूप से कुरान जलाने के सिलसिले में 'स्वीडिश भाषा में लगभग 15,000 एसएमएस' भेजने में सफल रहा।

वरिष्ठ अभियोजक मैट लजंगक्विस्ट ने बताया कि स्वीडन की घरेलू सुरक्षा एजेंसी 'एसएपीओ' द्वारा की गई प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ईरान ने ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के जरिये स्वीडन में प्रमुख एसएमएस सेवा प्रदाता स्वीडिश कंपनी के डेटा में सेंधमारी की। वरिष्ठ अभियोजक ने स्वीडिश कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया है। ईरानी अधिकारियों से भी इस मुद्दे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्वीडिश मीडिया ने अगस्त 2023 में खबर दी थी कि स्वीडन में बड़ी संख्या में लोगों को स्वीडिश भाषा में एसएमएस मिले हैं जिनमें कुरान जलाने वालों से बदला लेने का आह्वान किया गया था। लजंगक्विस्ट ने कहा, संदेश भेजने वाला खुद को अंजू टीम कहने वाला एक समूह था। स्वीडिश प्रसारक एसवीटी ने एसएमएस की तस्वीर साझा की थी जिसमें लिखा गया था जिन्होंने भी कुरान का अपमान किया, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसमें स्वीडन के लोगों को 'राक्षस' कहा गया था।

ज्ञान-विज्ञान | उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा

बृहस्पति के चंद्रमा आयो पर मिला सक्रिय ज्वालामुखी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार,: बृहस्पति के चंद्रमा आयो में एक बड़ा ज्वालामुखी सक्रिय हो चला है। नई तस्वीरों से यह जानकारी मिली है। इस वर्ष जूनो अंतरिक्ष यान द्वारा ली गई तस्वीरों में ज्वालामुखी आग उगलता नजर आ रहा है। 1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान से ली गई तस्वीरों में यह ज्वालामुखी मौजूद नही था।

पृथ्वी की तरह कई अन्य ग्रह हैं, जिनमें ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। आयो में सक्रिय ज्वालामुखी का रहस्य बर्लिन के यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने उजागर किया है। वर्ष 1997 में आयो की सतह का वह भाग खाली नजर आता है। जिसका तस्वीरों से स्पष्ट पता चलता है। गुरु के चंद्रमा आयो में सक्रिय ज्वालामुखी को लेकर वैज्ञानिक कहते हैं कि यह चंद्रमा बृहस्पति के सबसे निकट का बड़ा चंद्रमा है। जिसके एक तरफ विशाल ग्रह के ज्वारीय बलों का प्रभाव है, जबकि दूसरी तरफ गुरु के अन्य बड़े चंद्रमाओं का गर्म आंतरिक भाग है। यह परिस्थितियां आयो की सतह पर लावा के फव्वारे फूटने का कारण बनती हैं। आयो का यह भूभाग हमारे सौर मंडल में सबसे अधिक भौगोलिक रूप से सक्रिय स्थान है। 11 सितंबर, 2024 को बर्लिन में यूरोपैनेट साइंस कांग्रेस के वैज्ञानिकों ने कहा कि उन्होंने आयो पर एक नया ज्वालामुखी देखा है। 1997 में गैलीलियो अंतरिक्ष यान की पिछली छवियों में ज्वालामुखी नही था। जूनो अंतरिक्ष यान की तस्वीरें इसका खुलासा करती हैं।



दाएं चित्र में सक्रिय ज्वालामुखी व बाईं तस्वीर में खाली स्थान।

32 हजार वर्ग किमी फैला है ज्वालामुखी

नैनीताल: जूनो ने पिछले दो वर्षों में आयो के सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र में तीन हालिया उड़ाने भरी थी और जूनो के कैमरे ने इसकी सतह की लगभग 20 क्लोज़अप रंगीन तस्वीरे कैमरे में कैद की। सक्रिय ज्वालामुखी के लावा से स्पष्ट पता चलता है, जिसने आयो के 32 हजार किमी वर्ग क्षेत्र को प्रभावित किया है। लावा की 100 किमी बहती धाराओं का भी पता चलता है।

इमरान खान पर सैन्य मुकदमे से संबंधित याचिका का निपटारा

- न्यायालय को बताया - संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सैन्य मुकदमा चलाने संबंधी याचिका का निपटारा कर दिया। न्यायालय को बताया गया कि संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है।

भ्रष्टाचार के आरोप में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने नौ मई, 2023 को रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला किया और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से 100 से ज्यादा लोगों को सैन्य अदालतों में मुकदमे के लिए सैन्य अधिकारियों को सौंप दिया गया था। कई सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि खान पर सैन्य अदालत में भी मुकदमा चलाया जा सकता है। खान ने अपने मुकदमे की सुनवाई सैन्य अदालत में किए जाने के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई की। सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल मुनव्वर इकबाल दुग्गल ने अदालत को बताया कि संघीय सरकार ने यह तय नहीं किया है कि खान पर सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का मुकदमा चलाया जाता है, तो यह आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए नियम 549 के अनुसार चलाया जाएगा।